राष्ट्रीय दैनिक

प्रात·किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 हमें टर्निंग पिचों की जरूरत नहीं...

इजराइली नागरिकों पर प्रतिबंध... 12

वर्ष : 11 | अंक : 262 | पटना, रविवार, 04 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 16°C

न्यूनतम तापमान 10°C

बाजार

सोना 64,995

चांदी 79,900

सेंसेक्स 72,085

निफ्टी 21,853

संक्षिप्त खबरें

कोर्ट ने सोरेन को फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की दी इजाजत

रांची। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पीएमएलए कोर्ट ने विधानसभा में 5 फरवरी को नई सरकार के लिए होने वाले फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की अनुमति दे दी है। सोरेन अभी न्यायिक हिरासत में हैं और शनिवार से ईडी उन्हें पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। हेमंत सोरेन झारखंड विधानसभा में बरहेट विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें 31 जनवरी की रात ईडी ने रांची के जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया था। हेमंत सोरेन की ओर से शनिवार को ही पीएमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल कर आग्रह किया गया कि उन्हें 5 फरवरी को 11 बजे एक घंटे के लिए विधानसभा में मौजूदगी की अनुमति दी जाए। इस अर्जी पर बहस के दौरान सोरेन और ईडी दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें पेश की। हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने कोर्ट में पूर्व में पारित किये गये कई आदेशों की नजीर पेश की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने हेमंत सोरेन को फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की इजाजत दे दी। दरअलसल, हेमंत सोरेन को ईडी ने बीती 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए शनिवार को बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से रांची में ईडी के ऑफिस लाया गया। पीएमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को हेमंत सोरेन को पांच दिनों की ईडी रिमांड पर भेजने का निर्देश दिया है। ईडी ने अदालत में 10 दिनों की रिमांड की मांग की थी। रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन को आधे घंटे के लिए अपने परिवार और अधिवक्ता से मिलने की छूट दी गई है। हेमंत सोरेन को ईडी ने रांची के जमीन घोटाला मामले में 31 जनवरी को कई घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन ने राजभवन जाकर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा।

4 लाख से अधिक के जाली नोट एवं चरस के साथ 4 गिरफ्तार

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात रक्सौल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 लाख रुपए से अधिक के जाली नोट एवं मादक पदार्थ चरस के साथ 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसकी प्रेस कांफ्रेंस कर एसपी कांतेश मिश्रा ने जानकारी दी। मिली जानकारी के मुताबिक 4 लाख 13 हजार 8 सौ के जाली नोट एवं 1 किलो 20 ग्राम चरस बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक सभी आरोपी सिवान जिला के निवासी हैं। जिनकी पहचान मो. यूसुफ, सूरज कुमार गिरि, रवि कुमार एवं नीरज कुमार के रूप में हुई है। उक्त छापेमारी डीएसपी धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई। इस दौरान सब इंस्पेक्टर एकता सागर भी मौजूद रही। उक्त कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर शहर के ब्लॉक रोड स्थित एक घर पर छापेमारी की गई, जहां से जाली नोट के साथ नोट बनाने के लिए प्रयुक्त होने वाली सामग्री को भी बरामद किया गया। गौरतलब है कि पुलिस जांच होने के बाद एक बड़े सिंडिकेट की भंडाफोड़ हो सकता है।

बस से कुचलकर छात्रा की मौत, आक्रोशित लोगों ने बस फूंका

बिहार शरीफ। बिहार के नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक यात्री बस से कुचलकर ट्यूशन पढ़ने जा रही एक छात्रा की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने बस चालक को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी और बस को भी आग के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार, कमदारगंज गांव की रहने वाली पुष्पा कुमारी (14) अन्य दिनों की तरह अपनी दो सहेलियों के साथ दीपनगर पढ़ने जा रही थी। इसी क्रम में बिहार शरीफ से राजगीर की ओर जा रही अनियंत्रित बस ने पुष्पा को कुचल दिया, इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

न्याय के मामले में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यायिक प्रक्रिया में देश के बीच सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए शनिवार को कहा कि कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ काम करने की आवश्यकता होती है। श्री मोदी राजधानी में आयोजित राष्ट्रमंडल देशों के महान्यायवादियों और महाधिवक्ताओं के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा जब हम सहयोग करते हैं, तो हम एक-दूसरे की व्यवस्थाओं को को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि देश एक दूसरे की न्यायिक प्रणालियों को को अधिक अच्छी तरह समझते हों तो, ताल में बढ़ता है। तालमेल से न्याय करने का काम बेहतर और तेज होता है। इस सम्मेलन का आयोजन कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन के तत्वधान में किया गया है। सम्मेलन का विषय है- न्याय दिलाने में सीमा - पर चुनौतियां। इस सम्मेलन में कानून और न्याय से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों,जैसे न्यायिक परिवर्तन और कानूनी कार्य प्रणाली के नैतिक आयाम, सरकारों का दायित्व और अन्य बातों के अलावा आधुनिक शिक्षा पर पुनर ध्यान देने के बारे में विचार विमर्श किया जाना है। सम्मेलन में एशिया, प्रशांत अफ्रीका

और कैरेबियाई क्षेत्र के राष्ट्रमंडल के सदस्य देशों के अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल भाग ले रहे हैं। इसके अलावा कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी सम्मेलन में आए हैं। प्रधानमंत्री ने न्याय दिए जाने की कानूनी प्रणाली पर पुनर्विचार और उसमें सुधार करने का आह्वान करते हुए कहा कि अपराधी विभिन्न क्षेत्रों में वित्त पोषण और संचालन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। राष्ट्रमंडल विधि शिक्षा संघ -राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन में मोदी ने कहा कि देश पहले से ही हवाई यातायात नियंत्रण और समुद्री यातायात के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं और उन्होंने इस सहयोग को जांच तथा न्याय दिए जाने की प्रक्रिया तक बढ़ाने की पैरवी की। उन्होंने कहा, जब हम एक साथ मिलकर काम करते हैं तो क्षेत्राधिकार न्याय देने का जरिया बन जाता है न कि उसमें देरी करने का। उन्होंने कहा कि अपराध की प्रकृति और दायरे में आमूलचूल परिवर्तन देखा गया है। उन्होंने कहा कि कई बार किसी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता पड़ती है। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जतायी कि यह सम्मेलन इसे सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि सभी को समय पर न्याय मिले और कोई भी पीछे न छूटे। उन्होंने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी का उदय और साइबर खतरे नई चुनौतियां पेश कर रहे हैं और ऐसे में न्याय देने की प्रणाली को अधिक लचीला तथा सुगम बनाने की आवश्यकता है। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी की चुनौतियों से 20वीं सदी के तौर-तरीकों के साथ नहीं लड़ा जा सकता है। प्राचीन भारतीय मान्यताओं का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय स्वतंत्र स्व-शासन के मूल में है और बिना न्याय के राष्ट्र का अस्तित्व संभव नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्याय देने की प्रक्रिया में कानूनी शिक्षा एक अहम उपकरण है और उन्होंने विधि स्कूलों में अधिक महिलाओं के होने पर जोर दिया ताकि कानून प्रणाली में उनकी उपस्थिति बढ़ें। मोदी ने कहा कि दुनिया को युवा विधि प्रतिभाओं की जरूरत है जिनके पास विविध अनुभव हो।

पूर्व उप प्रधानमंत्री को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से किया जाएगा अलंकृत

आडवाणी को भारत रत्न, पीएम मोदी ने दी बधाई

भावुक हुए पूर्व उप प्रधानमंत्री; बेटी ने खिलाई मिठाई, बधाईयों का लगा तांता

- उन्होंने अपने घर से हाथ हिलाकर लोगों और मीडियाकर्मियों का किया अभिवादन

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के वयोवृद्ध नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को एक्स पर यह जानकारी दी। श्री मोदी ने लिखा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी। भारत सरकार की ओर से भारत रत्न सम्मान के एलान के बाद पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी पहली बार नजर आए हैं। उन्होंने अपने घर से हाथ हिलाकर लोगों और मीडियाकर्मियों का अभिवादन किया है। उनके साथ उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी भी थी।

भारत रत्न सम्मान के बाद उनका मुंह मीठा किया और उन्हें गले लगाकर बधाई दी। प्रतिभा आडवाणी ने कहा, पूरा परिवार और मैं बहुत खुश हैं कि उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया गया है। इस मौके पर मुझे मेरी मां की याद आ रही है। उनका दादा (आडवाणी जी) के सार्वजनिक और निजी जीवन में बहुत बड़ा योगदान रहा है। सम्मान की बात जानकर दादा बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित

कर दिया। वह प्रधानमंत्री के साथ-साथ देश के लोगों को धन्यवाद देते हैं कि उन्हें जीवन के इस मुकाम पर यह सम्मान दिया जा रहा है। प्रतिभा आडवाणी ने कहा, वह बहुत अभिभूत हैं। वह कम बोलने वाले व्यक्ति हैं। लेकिन उसकी आंखों में आंसू थे। उन्हें इस बात की खुशी और संतोष है कि उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया। इसलिए, हम बहुत खुश हैं। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, देश के वरिष्ठतम नेता और हमारे मार्गदर्शक आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न की घोषणा अत्यंत सुखद और आनंददाई है। आजादी के बाद देश के पुनर्निर्माण में आडवाणी जी की अहम भूमिका रही है।

रक्षा मंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर एक्स पोस्ट में उन्होंने लिखा, हम सबके प्रेरणास्रोत एवं देश के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के फैसले से बड़े हर्ष और आनंद की अनुभूति हुई है। वे राजनीति में शुचिता, समर्पण और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं।

भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान करने की सूचना शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने वयोवृद्ध नेता को फोन कर इसके लिए शुभकामनायें दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल पर इस सूचना को साझा करते हुए भाजपा नेता आडवाणी के साथ अपने दो पुराने फोटो अपलोड किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है। मैं इसे हमेशा अपना सौभाग्य मानूंगा कि मुझे उनके साथ बातचीत करने और उनसे सीखने के अनगिनत अवसर मिले। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक आडवाणीजी का भारत के विकास में योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर उप प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उन्होंने गृहमंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक जीवन में आडवाणी जी की दशकों लंबी सेवा को पारदर्शिता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के रूप में चिह्नित किया गया है। उनकी राजनीतिक नैतिकता ने अनुकरणीय मानक स्थापित किया है। भाजपा नेता आडवाणी ने राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को आगे बढ़ाने की दिशा में अद्वितीय प्रयास किए हैं।

देश के विकास में उनका बहुत बड़ा योगदान : नीतीश

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिये जाने की घोषणा पर बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी जी से दूरभाष पर बात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये उनका अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी जी का देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में काफी बेहतर कार्य किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का नाम लेते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में उन्होंने देश के गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में काफी बेहतर कार्य किया है। आडवाणी जी देश के सम्मानित राजनेताओं में से एक हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में मुझे उनके सानिध्य में काम करने का मौका मिला है। उनका स्नेह मुझे हमेशा मिलता रहा है और उनसे कई चीजें सीखने का भी मौका मिला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि लालकृष्ण आडवाणी जी को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिये जाने के लिए केंद्र सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है, इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करता हूं। वहीं, पूर्व मंत्री संजय झा ने भी भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत से सम्मानित करने की केन्द्र सरकार की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंड एक्स पर लिखा है कि देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वरिष्ठतम नेता, पूर्व उपप्रधानमंत्री व गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित करने की केंद्र सरकार की घोषणा अभिनंदनीय है।

मंत्रियों के विभागों का बंटवारा नीतीश के पास गृह विभाग

बंटा विभाग : दोनों उपमुख्यमंत्री के पास नौ-नौ विभाग

- सम्राट को वित्त व स्वास्थ्य, विजय सिन्हा को कृषि व पथ निर्माण विभाग

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बहुमत साबित करने से पहले रविवार को शपथ लेने वाले मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने एक बार फिर गृह विभाग और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखा है। इसके साथ ही नीतीश कुमार ने आठ मंत्रियों को विभाग बांटते हुए सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी और निर्वाचन विभाग के साथ बाकी मंत्रियों से बचे विभागों को भी अपने पास रखा है। वित्त मंत्री की जिम्मेदारी पारंपरिक रूप से भारतीय जनता पार्टी को दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त विभाग दिया गया है। दोनों उपमुख्यमंत्री को नौ-नौ विभाग दिया गया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, नगर विकास आवास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग, पंचायती राज विभाग, उद्योग विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, विधि विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को कृषि विभाग, पथ निर्माण विभाग, राजस्व भूमि सुधार विभाग, गन्ना उद्योग विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, श्रम संसाधन विभाग, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, लघु जल संसाधन विभाग लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा विजय चौधरी को जल संसाधन विभाग, संसदीय कार्य विभाग, भवन निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि बिजेंद्र यादव को ऊर्जा विभाग, योजना का विकास विभाग, मध्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग दिया गया है। प्रेम कुमार को सहकारिता विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पर्यटन विभाग का जिम्मा सौंपा पाया गया है। संतोष कुमार सुमन को सूचना प्रावैधिकी विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग दिया गया है। इसके साथ ही निर्दलीय विधायक सुमित कुमार को विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की जिम्मेदार जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा

- निजी कारणों से चंडीगढ़ प्रशासक का पद भी छोड़ा

प्रात : किरण

चंडीगढ़/एजेंसी। पंजाब के गवर्नर एवं चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेजे अपने इस्तीफा पत्र में उन्होंने पद छोड़ने का कारण निजी बताया है। पुरोहित शुक्रवार को ही दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर आए थे। बनवारीलाल पुरोहित ने अगस्त 2021 को पंजाब के गवर्नर का पद संभाला था। वह 2017 से 2021 तक तमिलनाडु के राज्यपाल रहे। इससे पहले 2016 से 2017 तक वे असम के गवर्नर रह चुके हैं। पुरोहित भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। वह तीन बार नागपुर से सांसद रह चुके हैं। पुरोहित का जन्म 16 अप्रैल 1940 में राजस्थान में हुआ था। पंजाब में उनका कार्यकाल काफी विवादों से घिरा रहा। खासतौर पर भगवंत मान सरकार के बनने के बाद से उनके और सीएम के रिश्तों में काफी तल्खी देखी गई थी। पंजाब विधानसभा के सत्र को बुलाने को लेकर तो दोनों में रार इतनी बढ़ी कि मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया था। वे अक्सर सरकार से विभिन्न मुद्दों को लेकर जवाब मांगते रहते थे। अक्तूबर में पंजाब विधानसभा के दो दिवसीय सत्र में पेश किए जाने वाले तीन विधेयकों को मंजूरी देने से उन्होंने इनकार कर दिया था। इसके बाद सीएम भगवंत मान समेत आम आदमी पार्टी ने उनका विरोध किया था। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने शुक्रवार को गवर्नर पर निशाना साधा था। मान ने दिल्ली में कहा था कि पंजाब में गवर्नर हमें तंग कर रहे हैं। बात-बात पर गवर्नर कह देते हैं कि यह कानूनी नहीं गैर-कानूनी है। लोकतंत्र में इलेक्टेड राज चलता है। कई लोगों ने सेलेक्टेड राज की आदत डाल ली है। बता दें कि अगस्त 2021 में उन्होंने पंजाब के 36वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली थी। तब पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि शंकर झा ने पंजाब राजभवन में बनवारीलाल पुरोहित को पद की शपथ दिलाई थी। बनवारीलाल पुरोहित पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ तनातनी के कारण भी सुर्खियों में रहे थे।

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना

स्वेच्छा से जमाबंदी पंजी में आधार एवं मोबाइल नंबर जोड़ने का अभियान

सभी रैयतों से अनुरोध है कि अपनी जमाबंदी को अपने आधार एवं मोबाइल नंबर से संबद्ध कराएं ताकि आपकी जमाबंदी से संबंधित सभी प्रकार की सेवाएं जैसे **दाखिल-खारिज, एल0पी0सी0, लगान एवं राजस्व न्यायालय** में दायर वाद के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सहूलियत हो सके। आधार सीडिंग के लिए अपने हल्का के राजस्व कर्मचारी से सम्पर्क करें।

PR No.- 015970 (Revenue)D. 2023-24

संक्षिप्त खबरें

रेलवे भर्ती बोर्ड ने भर्ती हेतु जारी किया वार्षिक कैलेंडर

हाजीपुर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव घोषणा के बाद रेलवे भर्ती बोर्ड ने रेलवे में नियमित भर्तियों के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी किया है। जनवरी से मार्च के मध्य - सहायक लोको पायलट हेतु, अप्रैल से जून के मध्य - तकनीशियनों हेतु, जुलाई से सितम्बर के मध्य - एनटीपीसी (ग्रेजुएट एवं अंडर ग्रेजुएट), जूनियर इंजीनियर, पारा मेडिकल कैटेगरी हेतु तथा अक्टूबर से दिसम्बर के मध्य -लेवल-1 एवं मिनिस्ट्रियल एवं आइसोलेटे कैटेगरी हेतु नोटिफिकेशन निकाले जाएंगे। नियमित भर्तियों के निम्नलिखित लाभ होंगे -यदि कोई एक प्रयास में उत्तीर्ण नहीं हो सका तो अधिक अवसर मिलेगा। हर साल पात्र बनने वालों को समान अवसर मिलेगा। चयनित लोगों के लिए बेहतर करियर प्रगति का अवसर होगा। तेज भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियाँ होंगी।रेलवे द्वारा रिक्तियों का अधिक सही आकलन किया जा सकेगा। आरआरबी/आरआरसी द्वारा पैनल में शामिल होने के बाद उम्मीदवारों को तत्काल नियुक्ति और प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।

बस के टक्कर से साइकिल सवार जख्मी

फतुहा। शनिवार को सुबह थाना क्षेत्र के पीताम्बरपुर गांव के पास फोरलेन पर बस की टक्कर से एक साइकिल सवार घायल हो गया। जानकारी होते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और तत्काल एक वाहन से उसे पटना लेकर चले गये। पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। घायल युवक की पहचान पीताम्बरपुर गांव निवासी संतोष कुमार यादव का पुत्र गोंगा कुमार के रुप में हुई है। बताया जाता है कि वह सुबह सुबह फोरलेन पर साइकिल चला रहा था तभी पीछे से आती हुई बस ने उसके साइकिल में टक्कर मार दी। साइकिल में टक्कर लगते ही वह सड़क पर फेंका गया और उसे गंभीर चोट आयी।

झपट्टामारों ने सोने के चेन झपट कर हुआ फरार

दानापुर। थाना के अंतर्गत कैंट रोड डीआरएम कार्यालय स्थित एटीएम से पैसा निकला मां के साथ आ रही पुत्री के गले से बाइक सवार बदमाशो ने सोने के चेन झपट फरार हो गये। घटना के बाद पीडिता थाना पहुंच लिखित शिकायत की। सूचना पर पुलिस छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के लेखानगर निवासी चंदा देवी अपनी पुत्री हंसिकाराज के साथ कैंट रोड खगौल के डीआरएम कार्यालय के निकट एटीएम से पैसा निकाल कर ऑटो से घर लौट रही थी। चंदा देवी ऑटो से उतर कर ऑटो वाले को भाड़ा देने लगी। तभी पीछे से बाइक सवार दो युवक आये। अभी कुछ समझपाती की बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने हंसिकाराज के गले से सोने का चेन झपट कर भाग निकला।

बालू माफिया गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने न्यायालय के बाहर से बालू माफिया बिनोद राय को गिरफ्तार किया। बाद में उसे बिहटा पुलिस के हवाले कर दिया दारोगा मनजीत ठाकुर ने व्यवहार न्यायालय के बाहर से बिहटा थाना कांड संख्या 1064/23 मामले के आरोपित डोरीगंज के चकिया निवासी बिनोद राय को धड़ दबोचा। मनजीत ने बताया कि बिनोद राय बिहटा थाना कांड संख्या 1064/23 व कोइलवर थाना कांड संख्या 659/23 में आरोपित है। वो फरार चल रहा था। सूचना मिली को वो न्यायालय में आने वाला है जिसके बाद कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। बाद में उसे बिहटा पुलिस के हवाले कर दिया गया।

लालकृष्ण आडवानी को भारतरत्न दिये जाने पर नेताओं ने दी बधाई

दानापुर। देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी को भारतरत्न दिये जाने पर भाजपा व जदयू नेताओ समेत कार्यकर्ताओ ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्र सरकार को बधाई दी। नेताओ ने कहा कि आज काफी खुशी का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आडवानी जी को भारत रत्न देने की घोषणा कर सराहनीय कार्य किये है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ उषा विद्यार्थी ने भारत रत्न दिए जाने पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया' बधाई देने वालो में जदयू नेता बिनोद कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, अशोक सिंह, मुख्य पार्षद शिल्पी मेहता, गुंजन जयसवाल आदि शामिल थे। नेताओ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आडवानी जी को भारत रत्न देने की घोषणा काफी प्रशंसनीय है।

हिट एंड रन कानून के खिलाफ 16-17 को ऑटो बंद

पटना सिटी (प्राकि)। पटना जिला ऑटो रिक्शा मजदूर यूनियन की बैठक ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर फेडरेशन के अध्यक्ष चुन्नू सिंह की अध्यक्षता में हुई। महामंत्री अशोक सिंह के संचालन में चौकशिकारपुर में हुई बैठक में हिट एंड रन कानून के खिलाफ और पांच सूत्री मांगों को लेकर 16 व 17 फरवरी को पटना में ऑटो के परिचालन को बंद रखने का फैसला लिया गया।

तख्तश्री कमेटी अनुमोदित मतदाता सूची 9 तक उपलब्ध कराए : चुनाव प्राधिकार

बार-बार स्मारित करने के बाद भी उपलब्ध नहीं करने से निर्वाचन बाधित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार ने प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर की पटना साहिब के महासचिव के प्रति नाराजगी का इजहार किया है। प्राधिकार के सचिव पुरुषोत्तम पासवान ने एक फरवरी को जारी पत्रांक 174 में स्पष्ट तौर पर कहा है कि नौ फरवरी को हर हाल में अनुमोदित मतदाता सूची उपलब्ध करा दिया जाए, ताकि तख्तश्री कमेटी के निर्वाचन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के सचिव पुरुषोत्तम पासवान ने महासचिव को संबोधित पत्र में कहा है कि अनुमोदित मतदाता सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराने के लिए बार-बार समय लिया

जा रहा है। विभिन्न कारणों को भी बताया व गिनाया जा रहा है। मगर प्रबंधक कमेटी से अनुमोदित वोटर लिस्ट उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इस कारण से निर्वाचन का कार्य बाधित है। प्राधिकार यह समझता है कि प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल रखने के लिए यह जरूरी है कि प्रबंधक कमेटी के निर्वाचन योग्य पदों पर ससमय निर्वाचन संपन्न हो। आप विदित हैं कि प्रबंधक कमेटी के निर्वाचन में पहले से ही काफी देर हो चुकी है। फिर भी आपके द्वारा वोटर लिस्ट समर्पित करने के लिए बार-बार समय लिया जा रहा है, जो उचित प्रतीत नहीं होता है। प्राधिकार ने हर हाल में नौ फरवरी तक कमेटी की बैठक से अनुमोदित मतदाता सूची को उपलब्ध कराने की बात कही है। इस संबंध में कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह का कहना है कि वह अमृतसर में हैं और उन्हें निर्वाचन प्राधिकार से कोई पत्र आने के बाबत कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद भी मतदाता सूची पर विचार-विमर्श कर वोटर लिस्ट के अनुमोदन के लिए कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह के परामर्श से आठ फरवरी को बैठक आहूत की गई है। इसमें विचार-विमर्श कर तैयार मतदाता सूची को अनुमोदित करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। विदित हो कि हलका संख्या-एक से सरजिंदर सिंह ने सारी आपत्तियां को देखा और समझा है। हालांकि कमेटी के सदस्य सरदार राजा सिंह और दीपक लांबा नहीं आए थे। हलका-दो से कमेटी के सचिव हरवंश सिंह और दमनजीत सिंह रानू और हलका संख्या-3 से कमेटी के कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह और सरदार जगजीवन सिंह दावा-आपत्ति पर संतोष जता चुके हैं। ऐसे में उन्हें वे आशान्वित हैं कि कमेटी की आठ फरवरी को होने वाली बैठक में तैयार मतदाता सूची को पास कर दिया जाएगा।

जीकेसी ने स्लम बस्ती में किया खाद्य सामग्रियों का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जीकेसी (ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस) की पटना जिला ने चितकोहडा ओवर ब्रिज के नीचे स्लम बस्ती में जाकर खाद्य सामग्रियों का वितरण किया। ध्यातव्य है कि जीकेसी चार दिवसीय अपनी स्थापना दिवस (01 से 4 फरवरी तक) मना रहा है। उसी क्रम में तीसरे दिन शनिवार को खाद्य सामग्रियों के वितरण कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के लिए हम सदैव संकल्पित रहेंगे। संगठन की ओर से इस तरह के कार्यक्रम पूरे देश में निरंतरता के साथ चलाये जा रहे हैं।

उक्त अवसर पर प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (सेवा एवम मानवाधिकार प्रकोष्ठ) डॉ

नम्रता आनंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीलेश रंजन, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष (मीडिया) जीतेन्द्र कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय अध्यक्ष (कला संस्कृति प्रकोष्ठ) प्रेम कुमार, राष्ट्रीय सचिव (कला संस्कृति प्रकोष्ठ) दीप श्रेष्ठ, प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) नंदा कुमारी, पटना जिला महासचिव धनंजय प्रसाद , पटना जिला कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र किशोर , प्रदेश अध्यक्ष (कला संस्कृति) दिवाकर वर्मा, कार्यालय सचिव प्रसून श्रीवास्तव, प्रियंका किशोर, ऋषि राज सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

प्रशासन ने मेट्रो डिपो निर्माण को मकान तोड़ा, कार्रवाई पर आक्रोश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना-मसौढ़ी रोड में मेट्रो डिपो निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण किया गया था। उक्त जमीन पर बने पक्का मकान को प्रशासन की टीम ने शनिवार को अभियान चला कर जेसीबी की,मदद से ध्वस्त कर दिया। मेट्रो के अधिकारियों, प्रशासन की ओर से नियुक्त अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी, जिला व थाना से पहुंचे पुलिस बल के साथ अभियान चलाने के लिए पहुंची थी। टीम को देखते ही लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। इसके बाद विरोध कर रहे लोगों को समझाने का काम किया गया। इसके बाद भी नहीं माने जाने पर दंडाधिकारी और पुलिस ने सख्ती बरतते हुए रश्मि ठाकुर पति मनोज कुमार ठाकुर के मकान को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। पदाधिकारियों का कहना है कि जिला भू-अर्जन की ओर से मकान को तोड़ने और क्षतिपूर्ति की सूचना मकान मालिक को पहले ही दे दी गई थी, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से दी गयी सूचना को लेने

से उन्होंने इनकार कर दिया था। इसके बाद निर्गत नोटिस मकान मालिक के मुख्य द्वार पर चिपका कर मकान को ध्वस्त किया गया। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर रखा है। इसके बाद भी प्रशासन की टीम कार्रवाई कर रही है। इससे पहले भी नवंबर में तीन मकान को ध्वस्त किया गया था। विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि न्यायालय में फैसला सुरक्षित होने के इंतजार के बगैर प्रशासन ने कार्रवाई की है। बताते चलें कि वार्ड संख्या 56 के पहाड़ी और रानीपुर मौजा में मेट्रो डिपो और प्रोपर्टी डेवलपमेंट एरिया के तहत मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और रेसिडेंशियल क्वार्टर बनाने को लगभग 75 एकड़ जमीन अधिग्रहण कर रखा गया है। दूसरी ओर बिना सूचना के हाईकोर्ट के आदेश का अवमानना करते हुए तोड़ा जाना बिहार में भी बुलडोजर राज के आगाज का द्योतक है। शनिवार तड़के सुबह पहाड़ी निवासी मनोज ठाकुर के दोमंजिला मकान को तोड़े जाने की खबर सुन भाकपा जिला सचिव विश्वजीत कुमार मौके पर पहुंचे। डीएम व सिटी एसडीओ से बात कर तोड़ने का विरोध किया और काम को रुकवाने की बात कही। मगर अधिकारियों ने नगर विकास विभाग का मामला बता कर पल्ला झाड़ लिया और कुछ भी राहत परिवार वालों को नहीं दिया। भाकपा जिला सचिव विश्वजीत कुमार ने कहा कि 21 दिसंबर को कोर्ट का जजमेंट आया कि इन मकान वालों को पहले उचित मुआवजा के साथ पुनर्वासित किया जाए, तब मकान तोड़ा जाए। लेकिन इसकी अवहेलना करते हुए बिना सूचना के अचानक घर पर बुलडोजर चलाना बिहार में भी बुलडोजर राज के आगाज का संकेत है।

सिविल कोर्ट में जीएम के पदस्थापन को मुख्य न्यायाधीश को भेजा पत्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

यहां के सिविल कोर्ट में प्रथम सह अपर मुख न्यायिक दंडाधिकारी सह सहायक सत्र न्यायाधीश का पद रिक्त है। इस ओर पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, निरीक्षी न्यायाधीश एवं पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पटना सिटी बार एसोसिएशन के द्वारा पत्र भेजा गया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने पत्र में कहा है कि उक्त कोर्ट के स्थानांतरण के कारण यह अक्टूबर, 2023 से खाली पड़ा है। इसके कारण सभी मामले यहां लंबित हैं। इसमें दीवानी और फौजदारी मामला दायर किया गया है, वह उपेक्षित और अस्वीकार्य पड़ा हुआ है। इससे इलाके की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। इसलिए मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया गया है कि इस मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उक्त कोर्ट में नियुक्ति की जाए। इस संबंध में सिविल कोर्ट पटना सिटी के किसी पीठासीन पदाधिकारी को भी

● बार एसोसिएशन ने दीवानी व फौजदारी मामला में न्याय नहीं मिल रहा

अधिकृत किया जा सकता है। वहीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम पटना सिटी सिविल कोर्ट के स्टेनोग्राफर पिछले एक माह से लंबी बीमारी के कारण अनुपस्थित हैं। इस कारण से इस न्यायालय का कोई भी आदेश पक्षकारों को समय पर उपलब्ध नहीं कराया जा पा रहा है। इस संबंध में आपकी आधिपत्य का ध्यान पटना सिटी सिविल कोर्ट के वादकारियों और अधिवक्ताओं के हित में ध्यान आकर्षित करने के लिए आकर्षित किया जाए।

एसआई परमानंद यादव के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। फतुहा थाना के एसआई परमानंद यादव के पूर्वी चंपारण स्थानांतरण होने पर प्रेस क्लब में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन पत्रकार समन्वय समिति द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें एसआई परमानंद यादव को पत्रकारों एवं समाजसेवियों द्वारा माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह के मौके पर संबोधित करते हुए लोगों ने कहा कि एसआई परमानंद यादव ने अपने कार्यकाल में जिस निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है वह यादगार रहेगा स्थानांतरण एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत है किंतु किसी के बिछड़ने पर कष्ट अवश्य होता है। इस मौके पर स्थानांतरित हुए एसआई

परमानंद यादव ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का भरसक प्रयास किया किंतु यदि उनसे जाने अनजाने में कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा कर दें। उन्होंने कहा कि पुलिस के साथियों व आम लोगों ने उन्हें जो प्यार व सहयोग दिया उसके लिए सदैव आभारी रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, पूर्व अजय कुमार सिंह उर्फ कुन्नू सिंह, पार्षद दीपक कुमार, पार्षद प्रतिनिधि मनोज कुमार, पत्रकार समन्वय समिति के सभी पत्रकार, पुलिसकर्मी व समाजसेवी मौजूद रहे।

ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए महिलाओं को स्क्रीनिंग कराना जरूरी : डॉ उषा

एनएमसीएच में विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए महिलाओं को स्क्रीनिंग करना अधिक जरूरी है। यदि कैंसर से अपने को बचाव करना है, तो कुछ माह के अंतराल पर नियमित जांच कराई जानी चाहिए। जैसे ही शुरूआती दौर में कैंसर पकड़ में आता है, तब उसे ठीक किया जा सकता है। ऐसे में एनएमसीएच में कैंसर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अनिता कुमारी के नेतृत्व में विभाग बेहतर काम कर रहा है। आने वाले समय में यहां इस विभाग को और अपग्रेड करने की जरूरत है। यह बात नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी ने विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के दौरान शनिवार को कहीं। कैंसर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनिता कुमारी ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस

पर जागरुकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए ही मनाया जाता है। इसका लक्ष्य कैंसर से होने वाली मौत को कम करना है। वर्तमान में ग्लोबोलकॉन 2020 के अनुसार कैंसर पीड़ितों की संख्या विश्व में 1.93 करोड़ है। इसमें 99 लाख लोग दम तोड़ते हैं। भारत में कैंसर के नए मरीजों की संख्या 13.9 लाख है। इनमें 8.5 लाख को दम तोड़ देते हैं। आने वाले वर्ष 2050 में कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़कर 2.7 करोड़ होने का अनुमान है। कैंसर से बचाव के लिए धूम्रपान और शराब को ना कहना होगा। रेड मीट का सेवन कम करें। रोज व्यायाम करें। भोजन को संतुलित रखें। केमिकल्स, महीन कण, धूल व रेडिएशन से बचें। साथ ही नियमित तौर पर चिकित्सक से जांच भी कराएं। इस दौरान अधीक्षक डॉ राजीव रंजन और उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने भी कैंसर से बचाव को स्क्रीनिंग पर जोर दिया। इस दौरान कैंसर विभाग के चिकित्सक डॉ स्वीटी, नर्सिंग छात्राएं और स्टाफ द्वारा नुक्कड़ नाटक पेश कर कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। यह ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से भरपूर था। आयोजन में विभाग के अन्य चिकित्सकों डॉ संतोष कुमार, डॉ मेघा, डॉ श्वेता, डॉ राजरानी, डॉ शांति स्नेहलता, डॉ अभिलाषा, डॉ विनीता, डॉ प्रतिभा, डॉ बिंदु के साथ ही पटना एम्स के बायोकेमेस्ट्री विभाग के एचओडी भी शामिल हुए। इनमें से अधिकांश ने अपनी बातों को रखा। समारोह के समापन के पूर्व बैलून उड़ा कर उसमें प्ले बोर्ड लगा किया गया। चिकित्सकों, चिकित्सक छात्रों व नर्सिंग स्टाफ ने कैंसर जागरुकता के लिए पदयात्रा भी निकाला।

डॉ सीपी ठाकुर को पद्म भूषण के लिए आरएम-आरआई के निदेशक व टीम में खुशी

जीवन काल में लिखी व संग्रहित 137 पुस्तकों को आरएमआरआई को विद्या दान में प्रदान किया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं बिहार के प्रख्यात चिकित्सक पद्मश्री डॉ सीपी ठाकुर को पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। इस मौके पर आईसीएमआर आरएमआरआई के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय एवं आईसीएमआर आरएमआरआई के वरीय लेखा अधिकारी उदय कुमार, लेखा अधिकारी कुमार गौतम, संजय चतुर्वेदी सहित संस्थान के जुड़े अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी है। कार्यक्रम उनके निवास स्थान पर हुआ। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ सीपी ठाकुर ने अपने जीवन काल में लिखी पुस्तक एवं संग्रहित 137 पुस्तकों को आरएमआरआई को विद्या दान के रूप में प्रदान किया। इन पुस्तकों

को आरएमआरआई के पुस्तकालय में रखी जाएगी, जो चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करने वाले वैज्ञानिक और पीएचडी के छात्रों के लिए संजीवनी के रूप में काम करेगी। इसके लिए आरएमआरआई के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय और उनके टीम ने पद्म भूषण सम्मानित डॉ सीपी ठाकुर का आभार व्यक्त किया और इस कार्य को सराहनीय कदम बताया। गौरतलब है कि डॉ सीपी ठाकुर को कालाजार क्षेत्र में शोध कार्य के लिए वर्ष 1982 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था और आज वर्ष 2024 में उन्हें स्वास्थ्य अनुसंधान के क्षेत्र में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पद्म भूषण सम्मान प्रदान किया गया है। इसके लिए निदेशक सहित आरएमआरआई के वैज्ञानिक चिकित्सकों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को भी धन्यवाद दिया।

एलके आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा से गौरवान्वित हुआ देश : नंदकिशोर

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के महान विभूतियों सम्मानित कर रही केंद्र सरकार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश की उन विभूतियों के प्रति विशेष सम्मान अर्पित कर रही है, जिन्होंने भारत के विकास और गौरवपूर्ण इतिहास को कायम रखने में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि श्री आडवाणी का देश के लिए योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर देश के उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। वे गृह मंत्री

और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनायी। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतदृष्टि से भरे रहे हैं। उनका राजनीति में शुचिता के प्रतीक हैं। आडवाणी जी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा से देश गौरवान्वित हुआ है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने भी श्री आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय पर प्रधानमंत्री का अभिवादन किया है। भारत सरकार द्वारा श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न सम्मान की घोषणा पर आभार प्रकट करते हुए प्रधान मंत्री को बधाई दी। महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश एवं राजेश साह ने भारत सरकार द्वारा श्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान की घोषणा पर आभार प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री को बधाई दी है।

बधाई देने वाले अन्य लोगों में किरण शंकर, रंजीत सिन्हा, नितीश कुमार रिंकू, पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा, अवधेश कुमार सिन्हा, स्मिता रानी, सीता सिन्हा, वार्ड पार्षद आशीष सिन्हा, सतीश कुमार, विनोद कुमार, तारा देवी, किरण मेहता, संजीव यादव, राजाराम उर्फ मुन्ना शर्मा, हरेंद्र चंद्रवंशी , विनोद पासवान आदि हैं।

आरोग्य मैत्री महिलाओं के लिए होगी वरदान साबित : सीता साहू

कैंसर अवेयरनेस कांक्लेव में विशेषज्ञों ने कहा कैंसर जांच के प्रति होना होगा जागरूक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा बल्कि समय रहते पहचान हो जाए तो व्यक्ति की बचने की संभावना प्रबल हो जाती है। जानकारी के अभाव में पीड़ित महिला शारीरिक रूप से परेशान होती ही परिवार भी आर्थिक रूप से टूटने लगता है। गरीब परिवार हो या धनी का कैंसर की विभीषिका झेलना सबके बस की बात नहीं होती और दूसरी तरफ समाज भी ऐसे मौके पर परिवार को संबल प्रदान करने से भागने लगता है। यहां परिवार के साथ ही समाज को भी जागरूक रहने की जरूरत है। उक्त बातें महापौर सीता साहू ने गुलमोहर मैत्री संस्था द्वारा आयोजित कैंसर अवेयरनेस कॉन्क्लेव का उद्घाटन

करते हुए कहा। उन्होंने संस्था द्वारा आरोग्य मैत्री परियोजना की लांचिंग करते हुए कहा कि यह परियोजना बिहार की महिलाओं के लिए वरदान साबित होगी। यह कोई छोटी बात नहीं है की महिलाओं को जागरूक करने के साथ स्वास्थ जांच के लिए प्रेरित करना। उन्होंने संस्था के भागीरथी प्रयास को सराहना करते हुए शुभकामना दी की , मिलकर किया गया प्रयास फलीभूत होता है। आज राजधानी पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में गुलमोहर मैत्री संस्था द्वारा आरोग्य मैत्री कार्यक्रम की लांचिंग की गई। गुलमोहर मैत्री संस्था द्वारा पिछले 14 वर्षो से महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य की जा रही है। 14 वर्षों में संस्था द्वारा बिहार के विभिन्न जिलों में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता रहा है। अभी वर्तमान में सर्वाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर जांच के लिए अभियान चलाई जा रही है। नव्या कार्यक्रम के तहत एक लाख 1111 बच्चियों को एचपीवी वैक्सीनेशन दी जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ पटना की महापौर सीता साहू पूर्व मंत्री जीवेश कुमार मिश्रा , श्रेयशी सिंह आइएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह लेफ्टिनेंट जनरल एके चौधरी मेजर जनरल एम इंद्रबालन एवं मंजू सिंहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया । शुभारंभ उमांगन की टीम द्वारा गणेश वंदना और पंडित विपिन मिश्रा की शंख ध्वनि से हुआ। पूर्व मंत्री जीवेश कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा इस बार के बजट में स्वास्थ्य को लेकर की गई घोषणाएं स्वस्थ भारत के निर्माण में महती भूमिका निभाएगी । ब्रांड एंबेसडर श्रेयसी सिंह ने कहा कि आने वाला स्वस्थ और श्रेष्ठ भारत अभी यंग जनरेशन के हाथ में है। यहां बैठे स्कूली बच्चे इस अभियान को घर घर तक ले जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक महिला के तौर पर हम काम काज के दौरान इतना व्यस्त हो जाते हैं कि अपने स्वास्थ्य की चिंता नहीं रहती और यह बीमारी जब घर में प्रवेश कर जाती है तब तक काफी देर हो जाती है जरूरत है।

भारत-मॉरिशस मैत्री संघ के उपाध्यक्ष बने डॉ. नाहर

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। अंतरराष्ट्रीय स्तर के तबला वादक व दूरदर्शन के निदेशक (का. प्रमुख) साथ ही स्वरांजलि संस्था के संरक्षक डॉ राजकुमार नाहर को भारत-मॉरिशस मैत्री संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इससे कलाकारों में खुशी है। डॉ ध्रुव कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान-प्रदान के साथ ही एक-दूसरे की सभ्यता से परिचित

होने का अवसर मिलेगा। बिहार के कलाकारों को अवसर देने में इनकी महती भूमिका रहेगी। ऐसा भरोसा कलाकारों में व्याप्त हुआ है। डॉ नाहर से जब संस्था के अध्यक्ष ब्रह्मानंद पांडेय ने पूछा कि कैसा महसूस कर रहे हैं, तो उन्होंने बताया कि बिहारवासियों व पटना साहिब के जन-जन का प्यार और गुरुजनों का आशीर्वाद है कि मुझे यह अवसर मिल पाया है। वे कलाकारों को आगे बढ़ाने में पूरी मदद करेंगे।

केंदीय स्वास्थ्य की टीम ने एसजीजीएस सदर अस्पताल का लिया जायजा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में इंप्लांट एवं अन्य बास्केट का चॉइस का निरीक्षण केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पांच सदस्यीय टीम ने शनिवार को किया। टीम का नेतृत्व डॉ दिव्या वलेचा, सहायक आयुक्त, परिवार नियोजन विभाग व सलाहकार ध्रुव कुमार कर रहे थे। साथ में एनटीईएसयू के अनिल थॉमस, डॉ रोली सेठ एवं डॉ नियत चौधरी भी थे। टीम ने महिला व प्रसूति कक्ष को देखा। इसके अलावा परिवार नियोजन की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान टीम में शामिल लोगों ने काउंसलर निशा पाण्डेय से इंप्लांट के बारे

में जानकारी ली। उन सबों को बताया गया कि अब तक योजना शुरू किए जाने के बाद से 177 इन प्लांट लगाया गया है। हालांकि शनिवार को भी पांच लोगों को इंप्लांट लगाया गया है। यहां बास्केट ऑफ चॉइस में मालायन, छाया, निरोध, कापर टी, इजीपी और अंतरा उपलब्ध है। इजीपी इमरजेंसी पिल्स है, जो 42 घंटे काम करता है। अंतरा तीन माह पर। यह एक तरह का राड है, जो सबडेमनल प्लांट है, जो नया आया है। टीम ने काउंसलर से परिवार नियोजन से संबंधित रिकॉर्ड दिखाने को कहा। इस दौरान कहा गया कि उनके पास फोटो प्रति उपलब्ध है। मूल प्रति पटना के सिविल सर्जन के यहां जमा हो जाता है। इस पर उन्होंने आपत्ति जताई और कहा कि मूल प्रति को वह मंगवा लें, वे उसे देखना चाहेंगे।

अधीक्षक ने बताया कि टीम ने जगह-जगह पर पोस्टर व साइनेज लगाने की बात कही है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता आए। हालांकि बताया जाता है कि गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल परिवार नियोजन के मामले में आगे है। वहीं इस अस्पताल में महिलाओं का प्रसव का औसत प्रति माह 150 से 200 के बीच है। हालांकि यह संख्या और भी बढ़ सकता है, मगर यहां महिला चिकित्सक महज चार ही पदस्थापित हैं। टीम के साथ राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अविनाश कुमार, रिजनल प्रोग्राम मैनेजर पियूष रंजन, डीआइओ डा एसपी विनायक, उप निदेशक, परिवार कल्याण राज्य स्वास्थ्य समिति निशांत कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विवेक कुमार के अलावा एसजीजीएस सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ आरआर चौधरी, अस्पताल प्रबंधक शब्बीर खान, काउंसलर निशा पाण्डेय एवं चिकित्सकगण भी उपस्थित रहे।

आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा पर बधाईयों का तांता व प्रतिक्रिया

आडवाणी हमेशा राष्ट्रहित और जनहित के लिए किया काम : नित्यानंद

पटना। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के फैसले का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उन लोगों को सम्मानित करने का काम करते हैं जो देश हित और लोक कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान हम सभी के लिए गर्व की बात है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने आगे कहा कि देश के प्रखर वक्ता, पूर्व उप प्रधानमंत्री, पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री, पूर्व सूचना मंत्री लाल कृष्ण आडवाणी जी ने देश की खुशहाली, तरक्की, प्रगती, उन्नति, के लिए काम किया। देश में जब लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा था तो सड़क पर उतरकर मोर्चा संभाला, जेल गए और लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने लालकृष्ण आडवाणी जी के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि आज जब देश आजादी के अमृत महोत्सव मना रहा है तो इस मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने का जो फैसला किया है। यह दरअसल में 140 करोड लोगों की भावनाओं का प्रतीक है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि आडवाणी के लिए देश हमेशा सर्वोपरि रहा। देशवासियों के सम्मान के लिए उन्होंने हमेशा काम किया है।

देश के विकास में उनका योगदान अतुलनीय : सम्राट

पटना। उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लाल कृष्ण आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा पर प्रसन्नता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री चौधरी ने कहा है कि भाजपा के संस्थापकों में से एक लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा से दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं को भी सम्मान मिला है। आडवाणी जी की सोमनाथ से अयोध्या तक के यात्रा से श्रीराम मंदिर आंदोलन को गति मिली थी। हिन्दू हृदय सम्राट के रूप में भी आडवाणी जी की पहचान रही है। उन्होंने कहा कि श्री आडवाणी जी 5 बार लोकसभा और 4 बार राज्यसभा से सांसद रहे हैं। 3 बार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भी रहे चुके हैं। लालकृष्ण आडवाणी. 2002 से 2004 तक वह देश के उपप्रधानमंत्री भी रहे हैं।

श्री आडवाणी के लंबे राजनीतिक जीवन में भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर देश के उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उन्होंने देश के गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उनका संसदीय योगदान हमेशा अनुकरणीय रहेगा। श्री आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को कराची (अब पाकिस्तान) में हुआ था। 2015 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 7वें उप-प्रधानमंत्री रहे। वह भाजपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल हैं। आडवाणी जी के राजनीतिक करियर की शुरुआत 1942 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता के रूप में हुई थी। यहां से उन्होंने देश के उपप्रधानमंत्री तक का सफर तय किया।

प्रदेश भाजपा नेताओं ने दी बधाई, पीएम के प्रति जताया आभार

पटना। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर बिहार भाजपा के नेताओं में खुशी की लहर है। उन्होंने खुशी जताते हुए आडवाणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही बिहार भाजपा के नेताओं ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भी आभार जताया है और उन्हें धन्यवाद भी दिया है। विधान पार्षद अनिल शर्मा ने कहा कि आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया है। राम मंदिर के बन जाने से आज पूरे देश में लोग उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि राम आंदोलन में पूर्व उपप्रधानमंत्री आडवाणी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने इसके लिए देश में पदयात्रा भी निकाली थी। प्रदेश उपाध्यक्ष संजय खंडेलिया ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिया जाना देश के लिए गर्व की बात है। इससे भारतीय जनता पार्टी भी काफी गौरवान्वित हुई है। भाजपा को मजबूत करने में आडवाणी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उपप्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए आडवाणी जी ने अपने कार्यों से देश को भी मजबूत करने का काम किया था। प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च पुरस्कार ह्यभारत रत्नह्ण के नवाजे जाने की घोषणा किये जाने से आज भाजपा का हर नेता और कार्यकर्ता काफी प्रसन्न है और यह हमलोगों के लिए गर्व की बात है। कुछ दिन ही पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार ने सामाजिक न्याय के पुरोधा जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा कर पिछड़ा – अतिपिछड़ा समाज को सम्मान देने का काम किया था। दूसरी ओर, प्रदेश महामंत्री शिवेश राम ने भी पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह भाजपा के साथ ही पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को ह्यभारत रत्नह्ण दिये जाने पर बिहार भाजपा के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी, राजेश वर्मा, ललन मंडल और जगन्नाथ ठाकुर, प्रदेश मंत्री रत्नेश कुशवाहा और त्रिविक्रम सिंह, मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा, पूर्व विधायक मनोज शर्मा तथा मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने भी प्रसन्नता जतायी है।

नीतीश के हटते ही इंडी गठबंधन हुआ धराशायी : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि नीतीश कुमार के रहते जिस इंडी गठबंधन तले पूरे देश के तमाम राजनीतिक दल एकजुट हो गये थे, वह उनके हटते ही ताश के महल की तरह धराशायी होना शुरू हो गया है। आज हालात ऐसे हो गये हैं कि पूरे देश में इन्हें कोई दल भाव देने तक को तैयार नहीं है। नीतीश के हटते ही हर किसी ने इन्हें आंखे दिखाना शुरू कर दिया है। यह देश की राजनीति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महत्व को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह नीतीश कुमार के करिश्माई व्यक्तित्व का ही कमाल था कि दशकों से एक दूसरे के विरोधी रहे दलों ने भी एक दूसरे से हाथ मिलाने से परहेज नहीं किया था। उनकी सर्वमान्यता और साफ छवि के कारण हर कोई अपने मतभेद भूल कर एक साथ काम करने को तैयार हो चुके थे। लेकिन अपने युवराज और अन्य नेताओं के अहंकार के कारण कांग्रेस ने इसकी जड़ में मट्ठा डाल दिया। ममता बनर्जी ने जहां बंगाल में उनकी औकात दो सीटों में समेट दी है वहीं यूपी में अखिलेश भी उनकी इज्जत की धज्जियां बिखेर रहे हैं। इसी तरह पंजाब और दिल्ली में केजरीवाल की पार्टी उन्हें पानी पी-पी कर कोस रही है। हकीकत में आगामी लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की जो दुर्दशा होने वाली है, उससे उबरना उनके लिए नामुमकिन हो जाएगा। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि तथाकथित यात्रा के नाम पर कांग्रेस चाहे अपने युवराज को पूरी धरती का चक्कर कटवा दे लेकिन हकीकत यही है कि इससे न तो उनके युवराज को सदबुद्धि आने वाली है और न ही उनके बड़बोलेपन और अहंकार में कोई कमी आने वाली है। अपने दशकों के शासनकाल में कांग्रेस जनता के साथ जो धोखा किया है उसका फल भोगने से उन्हें कोई नहीं बचा सकता। कांग्रेस मुक्त भारत का जो बीड़ा इनके युवराज ने उठाया है उसे वह हर हाल में पूरा करने वाले हैं।

राजद नेता के पिता के निधन पर पार्टी नेताओं ने जताया शोक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री श्री तेज प्रताप यादव, सांसद डॉक्टर मीसा भारती , राजद के प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री अब्दुल बारी सिद्दीकी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्री भोला यादव, श्री श्याम रजक, पूर्व मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता,प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन,प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता श्री शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, पूर्व विधायक रामाशीष यादव, प्रेमा चौधरी, रोमा भारती, प्रदेश महासचिव फैयाज आलम कमाल, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य नेताओं ने राजद अति -पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार साहनी के पिताजी सोनेलाल साहनी के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। और नेताओं ने कहा कि इनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति है। इनकी कमी हमेशा महसूस की जाती रहेगी। ऐसे दुख की घड़ी में राजद नेताओं ने उनके परिवार के साथ अपनी हमदर्दी का इजहार किया। प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि इनका अंतिम संस्कार आज हाजीपुर के कोनहारा घाट पर किया गया। जहां परिवार के लोगों के साथ राजद के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताऔर समाज के सभी वर्ग के लोग उपस्थित थे। ये कुछ दिनों से बीमार थे और इनका इलाज पटना आईजीएमएस में चल रहा था।

सीपीआई नेता कॉ. टी पी वर्मा नहीं रहे

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद के सदस्य व एटक के राज्य कोषाध्यक्ष का टी पी वर्मा का निधन शनिवार को इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में हो गया। का वर्मा के निधन की खबर राज्य पार्टी मुख्यालय में मिलते ही राज्य सचिव मंडल सदस्य का रामबाबू कुमार, कार्यालय सचिव का इंदु भूषण वर्मा, एटक नेता का डी पी यादव और का सिद्धेश्वर सिंह अस्पताल पहुंच कर पार्टी झंडा समर्पित किया और श्रद्धांजलि दी। का वर्मा के निधन पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने राज्य पार्टी की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह एक समर्पित साथी थे। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। कॉमरेड वर्मा जीवन पर्यंत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य रहे ।वे सिंचाई मजदूरों के बिहार के महासचिव रहें। वे लंबे समय से एटक के राज्य कोषाध्यक्ष थे।

रालोजपा की जांच कमिटी ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भोजपुर जिला के कोईलवर प्रखण्ड अंतर्गत महकमपुर डुमरिया ग्राम में असमाजिक तत्वों द्वारा भोजपुर जिले के राष्ट्रीय लोजपा के प्रधान महासचिव की नाबालिग बच्ची के साथ हुए गैंगरेप पर राष्ट्रीय लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री पशुपति पारस ने जाँच कमिटी का गठन कर घटना स्थल पर भेजने का निर्देश दिया। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि श्री पारस के निदेशार्नुसार युवा के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, पार्टी के उपाध्यक्ष तेजनारायण यादव, प्रदेश महासचिव राजेन्द्र विश्वकर्मा, गजेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी और पुलिस प्रशासन से वातालर्प कर अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उचित कारवाई करने का माँग की।

भारत रत्न दिये जाने की घोषणा से देश हुआ गौरवान्वित: मंगल

पटना। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सभी भाजपा कार्यकताओं के प्रेरणास्रोत पूर्व उपप्रधानमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने प्रसन्नता जताते हुए श्री आडवाणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इसके लिए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा संगठन और दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में श्री आडवाणी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनको भारत रत्न के सम्मान की घोषणा किये जाने से आज भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि देश भी गौरवान्वित है। प्रधानममंत्री को इस निर्णय के धन्यवाद देता हूं, जिनके नेतृत्व में केंद्र सरकार इस देश के महापुरुषों को सम्मानित करने के लिए कटिबद्ध है।

युवाओं को रोजगार देने के बजाए लाठीचार्ज कर रही है सरकार : भाकपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने पटना में विद्यार्थियों पर हुए लाठीचार्ज की तीखी निंदा की है। उन्होंने कहा कि रेलवे में छः लाख से अधिक पद रिक्त हैं, लेकिन 5600 पदों पर ही भर्तियाँ निकाली गई है। इसी के खिलाफ पटना में विद्यार्थियों ने जुलूस निकाला था। सरकार युवाओं को रोजगार देने के बजाए पुलिस से पिटवा रही है। भाकपा राज्य सचिव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि रोजगार को लेकर बिहार में अच्छा माहौल बना था। महागठबंधन की सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में तीन लाख से ज्यादा नियुक्तियां हुई लेकिन बिहार में 28 जनवरी को सरकार बदलते ही 30 जनवरी को रोजगार की मांग कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। यह लाठीचार्ज केंद्र और राज्य सरकार के युवा विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। केंद्र की भाजपा सरकार 2014 में प्रत्येक साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा कर सत्ता में आई थी।इन दस वर्षों में केंद्र सरकार ने ठगने का कार्य किया है। कहाँ है युवाओं का 20 करोड़ नौकरी केंद्र सरकार जवाब दें? उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एक तरफ युवाओं को नौकरी नहीं दे रही है तो कई मंत्रालयों में लगातार छँटनी जारी है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में 25 लाख से ज्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं। सिर्फ रेल मंत्रालय में ही छह लाख से ज्यादा पद रिक्त है। भाकपा राज्य सचिव ने युवाओं से 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से भाजपा सरकार को हटाकर रोजगार देने वाली सरकार का चुनाव करने का आह्वान किया है।

राजद कभी आरक्षण का समर्थक नहीं हो सकता : सम्राट

कुशवाहा महासम्मेलन सह अभिनंदन समरोह में बोलें उपमुख्यमंत्री

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और राजद पर जोरदार हमला बोला है। शनिवार को बिहारशरीफ के दीपनगर में अमर शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती के अवसर में कुशवाहा महासम्मेलन सह अभिनंदन समरोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने साफ लहजे में कहा कि राजद कभी आरक्षण का समर्थक नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि राजद जब सत्ता में रही तो किसी को आरक्षण नहीं दिया। यहां तक कि उन्होंने अपने समाज का भी भला नहीं किया। उन्होने आगे कहा कि गौ पालन का काम अधिकांश उन्हीं के समाज के लोग करते है लेकिन उसी गौमाता का ये चारा खा गए। इस मौके पर उन्होंने शहीद जगदेव बाबू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थित जनसैलाब को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब यह आपका बेटा और भाई अपने समाज की सुरक्षा करने के लिए आपके साथ खड़ा है। उन्होंने लोगों को याद रखने की अपील करते हुए कहा कि जब कांग्रेस हुकूमत में थी तब कांग्रेस ने जगदेव बाबू की हत्या करा दी। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि आज भी समाज में कई सामंती विचार के लोग बैठे हैं। उनको लोकतंत्र के माध्यम से उखाड़कर फेंक देना है। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने भाजपा को कमिटमेंट वाली पार्टी बताते हुए कहा कि आज जम्मू कश्मीर से धारा 370 खत्म कर दिया गया। वर्षों तक टेंट में रहने वाले प्रभु श्री राम की भव्य मंदिर में स्थापना हो गई। उन्होंने लोगों से अयोध्या जा कर प्रभु श्री राम का दर्शन करने की अपील की। इससे पहले बिहार शरीफ पहुंचने पर श्री चौधरी का भव्य स्वागत किया गया और उन्हें रथ पर बैठाकर कार्यक्रम स्थल ले जाया गया। पटना से बिहार शरीफ जाने के क्रम में भी श्री चौधरी का विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

सनातन को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लेने की आवश्यकता:सूबेदार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। विद्यापति भवन में राष्ट्र सेवा मिशन की ओर से राष्ट्र की पहचान सनातन और स्वाभिमान विषय पर संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए आरएसएस के सूबेदार सिंह ने कहा है कि भारत सनातनो और स्वाभिमान का राष्ट्र इस पर किसी प्रकार का बहस कही भी नहीं हो सकती है। अगर हिन्दू संस्कृति समाप्त हों गया तो कोई नही बचेगा। आज कुछ लोग मंदिर पर प्रश्न चिन्ह उठा रहे है उन्हे जानकारी रखनी चहिए की अगर मंदिर न होता तो देश मे हजारों हॉस्पिटल अनथनालय भोजनालय बंद हों जाएगा। कहा कि हर हिन्दू को चाहिए तीन चार बच्चे जरूर पैदा करें उन्हें वेद उपनिषद रामायण महाभारत की शिक्षा जरूर दे ताकि अंत समय में वे संस्कार को पूरा कर सकें। राष्ट्र को सनातन बनाने को आगे बढ़ाने में हिंदुत्ववादी संगठनों और नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका भी रही है। इन संगठनों की संख्या पिछले दिनों में काफी बढ़ी है। सनातन संस्कृति और स्वाभिमान को धर घर तक पहुंचाने के लिए संकल्प लेने की जरुरत है। मिशन के संस्थापक जितेंद्र नीरज ने कहा की अपना राष्ट्र शुरू से ही स्वाभिमान का प्रतीक रहा है। हमे उन लोगों को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए एक जुट होने की जरूरत है जो सनातन को गाली देकर राष्ट्र के स्वाभिमान से खेल रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद राम कृपाल यादव ने कहा कि अब राष्ट्र की अस्मिता से खेलने वाले सनातन विरोधियो का अब राष्ट्र बर्दास्त नही करेगा देह के लॉग अब स्वाभिमान से समझौता नहीं करने वाले है। पुर्व मंत्री विधयक राणा रणधीर सिंह चौहान ने विस्तृत रुप से चर्चा करते हुए कहा कि मिशन को चहिए की आज संस्कृति विरासात धर्म पूर्वज को पश्चिमी सभ्यता द्वारा किए जा रहे समाप्ति को रोकने के लिए भी आगे आने की जरुरत है। यूएसए में विहार फाउंडेशन के सचित चंदन चतुवेर्दी ने कहा कि आज यूएसए नही विदेशों में भारत ही नहीं विहार का डंका बज रहा है। विहार के वारे में विदेशों में भी धारणा बड़ी है। बिहार के युवाओं के लिए यूएसए फाउंडेशन जल्द रोजगार के अवसर लाएगी। स्वागत भाषण प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह संचालन राजीव रंजन और धन्यवाद कमलजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य विनोद कुमार सिंह, दिल्ली से आए रवि रंजन पांडे, अरविंद सिंह, वरुण कुमार सिंह,चंदन सिंह,सन्नी पटेल अजीत सिंह, संजय महात्मा , अजीत चौधरी, मनोज सिंह, विक्की सिंह, नाना राजेंद्र, श्वेता श्रीवास्तव,नीलू पटेल आदि ने अपने विचार रखे।

भाजपा व आरएसएस के एजेंडों से सचेत रहने की जरूरत:शिवानंद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने कहा है कि आरएसएस व भाजपा के हिंदुत्व के ऐजेंडे से पिछड़े, दलितों और आदिवासियों को सचेत रहने की आवश्यकता है। श्री तिवारी ने शनिवार को अपने वक्तव्य में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय तक वे संघ के प्रचारक रहे हैं। संघ का लक्ष्य इस देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का है। हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे बड़ी चुनौती हिंदू समाज की जाति व्यवस्था है। हिंदू समाज की जाति व्यवस्था को हमारा संविधान मान्यता देता है। जाति व्यवस्था से उत्पन्न विकृति को दूर करने के लिए ही संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की गई है। हिंदू राष्ट्र में जाति आधारित समाज व्यवस्था को मान्यता नहीं मिलेगी। इसके लिए पहले कदम के रूप में संविधान द्वारा दी गई जाति व्यवस्था की मान्यता को समाप्त करना होगा। श्री तिवारी ने कहा कि इधर प्रधानमंत्री जी जो लगातार बोल रहे हैं उससे स्पष्ट है कि वे जाति व्यवस्था को नकारने की ही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उनका कहना है कि देश में जातिगत जनगणना करने की बात करने वाले लोग देश को विभाजित करना चाहते हैं। उनके अनुसार देश में सिर्फ. चार समूह है। युवा, महिला, गरीब और किसान एक से अधिक बार मोदी जी इस बात को दुहरा चुके हैं। लेकिन इसको किसी ने गंभीरता से नहीं लिया है। संघ के हिंदुत्व का लक्ष्य देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का है। इस लक्ष्य को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के पिछड़ी जाति में जन्म लेने वाला मोदी जी के जैसा मजबूत प्रधानमंत्री मिल जाए तो लक्ष्य को हासिल करना नामुमकिन नहीं है। समझना होगा कि हिंदुत्व, सामाजिक न्याय और धर्म निरपेक्षता के विरूद्ध एक मजबूत अभियान है। पिछड़े वर्गों ने, महिलाओं ने, दलितों और आदिवासियों ने अब तक के संघर्ष से जो हासिल किया है, हिंदुत्व उसको छीन लेने का एक अभियान है इसको समझने की जरूरत है। पीड़ा यह है कि इसकी गंभीरता की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। वहीं, भाजपा के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने की केन्द्र सरकार की घोषणा पर प्रतिक्रिया दते हुए कहा कि आडवाणी जी भी भारत रत्न हो गए। यह आश्चर्य करने वाली खबर नहीं है। नई पीढ़ी को शायद नहीं मालूम हो।

आरक्षण व सत्ता में भागीदारी को लेकर कार्यशाला आयोजित

25 फरवरी को मनाया जायेगा बिन्द-बेलदार दिवस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। प्रदेश में बिंद एवं बेलदार जाति की आबादी 75 लाख (5.75 प्रतिशत) से भी अधिक और सबसे ज्यादा पिछड़ी हुई है। इस जाति को अविलंब अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करने और सत्ता में उचित भागीदारी देने की जरुरत है। उक्त बातें बिन्द विकास एवं सामाजिक सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश कुमार बिन्द ने कही। श्री कुमार बिन्द-बेलदार के आरक्षण एवं सत्ता में भागीदारी मांग को लेकर संस्थान के द्वारा राजधानी में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो पार्टी बिन्द एवं बेलदार जाति के आरक्षण एवं सत्ता में भागीदारी की बात करेगा संस्था उसे चुनाव में जिताने में सहयोग करेगी। राजधानी के मिलर हाई स्कूल के मैदान में आगामी 25 फरवरी को होने वाले वाले बिन्द-बेलदार दिवस में अधिक से अधिक की संख्या में पहुँच कर अपनी चट्टानी एकता दिखाने का आह्वान किया। वहीं, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाल्मीकि कुमार बिन्द ने जातीय सर्वेक्षण में बिन्द-बेलदार की जनसंख्या में हुई गड़बड़ी की जांचोंपरांत सुधार करने की सरकार से मांग की। जबकि शिव रतन बिन्द, रामजन्म बिन्द, डॉ अजय बिन्द, मदन प्रसाद सिंह, दशरथ प्रसाद सिंह बिन्द, उमाशंकर आर्य बिन्द, रामबली प्रसाद बिन्द, रामाशंकर बिन्द, मीना देवी, भगवान बिन्द, बृंदा बिन्द, डॉ सतीश बिन्द, डॉ राज किशोर बिन्द, सभी जिला अध्यक्ष एवं महासचिव ने भी सम्बोधित किया। मंच का संचालन देशेश जलज बिन्द एवं संजीत कुमार ने किया।

चिकित्सक मरीजों के विश्वास को बनाये रखें : आर्लेकर

राज्यपाल ने आईजीआईएमएस में आयोजित बैपकॉन 2024 का उद्घाटन किया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आईजीआईएमएस पटना में इस संस्थान के पैथोलॉजी विभाग एवं बिहार एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजी एण्ड माइक्रोबायोलॉजी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित बैपकॉन 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चिकित्सक लोगों के स्वास्थ्य के रक्षक हैं और समाज उनपर भरोसा करता है। अतः वे इस विश्वास को बनाये रखें। पैथोलॉजिस्ट का काम काफी जिम्मेदारी भरा होता है। चिकित्सक द्वारा रोगों की पहचान पैथोलॉजिकल रिपोर्ट पर निर्भर करता है। अतः इसमें काफी सावधान रहने की जरूरत है। मरीजों को विश्वास होना चाहिए कि उनका पैथोलॉजिकल रिपोर्ट अंतिम रूप से सही है। उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी एण्ड माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में नये-नये अनुसंधान हो रहे हैं, किन्तु पुरानी पद्धतियाँ भी उपयोगी हैं। अतः बेहतर परिणाम के लिए विभिन्न पद्धितयों का समेकित रूप से उपयोग किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने इस अवसर पर बैपकॉन 2024 से संबंधित स्मारिका का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में आईजीआईएमएस, पटना के निदेशक डॉ बिन्दे कुमार एवं विभिन्न पदाधिकारीगण व चिकित्सकगण, बिहार एवं देश के विभिन्न हिस्सों से आये चिकित्सकगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन का प्रथम सम्मेलन आज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ऐक्टू , महासंघ (गोप गुट) व आल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन से सम्बद्ध व 18219 आंगनबाड़ी कर्मियों को चयनमुक्त किए जाने के खिलाफ संघर्ष कर चयननुक्ति वापसी कराने वाली बिहार राज्य आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन (ऐक्टू-गोप गुट) का प्रथम राज्य सम्मेलन रविवार को पटना के दारोगा राय पथ स्थित ऐक्टू राज्य कार्यालय परिसर में आयोजित है। उक्त जानकारी यूनियन के प्रदेश संयोजक रंजना यादव ने दी। बताया कि सम्मेलन से प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव,सहित अन्य पदाधिकारी व नई कमिटी का चुनाव होगा। सम्मेलन में माले विधायक दल नेता महबूब आलम,उप नेता सत्यदेव राम व युवा माले विधायक संदीप सौरभ विशेषकर भाग लेंगे व आंगनवाड़ी सेविका सहायिकाओं को संबोधित करेंगे। साथ ही आशा नेत्री शशि यादव, रसोइया नेत्री सरोज चौबे,ऐक्टू राज्य महासचिव आरएन ठाकुर, गोप गुट अध्यक्ष रामबली प्रसाद, महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा संबोधित करेंगे। सम्मेलन ,10 वर्षीय कार्यकाल में मोदी सरकार ने आगनबाडी व अन्य स्कीम वर्कर्स के लिए क्या किया इसका जवाब दो के नारे तथा आंगनबाड़ी सहित सभी स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी घोषित करने,पूर्णकालिक कर्मी का दर्जा और वेतनमान देने की मुख्य मांग पर तथा 16 फरवरी को स्कीम वर्कर्स का आहूत देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के आह्वान पर आहूत है। सम्मेलन में राज्य के लगभग सभी जिलों से आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका शामिल होंगी। समनेलन की खास बात है।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : सुपौल अररिया सेक्शन के जड़िया–अररिया में LT, HT 11KV, 33KV इन्फ्रिंजमेंट और ट्रांफॉर्मर सहित अन्य कार्य के लिए Dy.CEE/C/N/SPJ के अंतर्गत कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। e-Tender No. EL/C/N/MHX/ETEN/12/23-24, 2. अनुमानित कार्य की लागत : ₹ 16,25,23,501.00/-, 3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य : NIT के अनुसार एवं रु. शून्य। 4. कार्य पूर्ण करने का समय : 12 माह। 4. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय : 13.02.2024 दोपहर 12.00 बजे तक। 6. वैबसाइट विवरण नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : आई.आर. इ.पी.एस. बेवसाईट www.ireps.gov.in पर, पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना– 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।

हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/02224/सीओएनएन/ईएलईसी/टी/23–24/36

संक्षिप्त खबरें

जिलाधिकारी ने किया एमआइटी भवन परिसर का निरीक्षण

मुजफ्फरपुर। लोक सभा आम निर्वाचन में ई.वी.एम.,वी.वी. पैट संबंधी निर्वाचन कार्यों में कमिशनिंग एवं डिस्पैच को लेकर एम.आई.टी. में स्थित भवन परिसर तथा स्थल का निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, वरीय कोषागार पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अपर समाहर्ता राजस्व सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया कि चिन्हित भवनों और स्थलों पर अनुमानित मैपिंग कर लें, जिससे की आवश्यकतानुसार सभी कार्य सुचारू ढंग से हो सके। चिन्हित भवनों स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारी हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेश दिया गया। बताते चले की 11 विधान सभा क्षेत्र, 02 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभाजित है।06 विधान सभा मुजफ्फरपुर लोक सभा और वैशाली लोक सभा उक्त दोनों भवन/परिसर में दो अलग-अलग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के ई.वी.एम. का कमिशनिंग एवं डिस्पैच का कार्य किया जायेगा।

परीक्षार्थी हुआ बेहोश

कल्याणपुर, समस्तीपुर। इंटरमीडिएट परीक्षा के तीसरे दिन मध्य विद्यालय बासुदेवपुर परीक्षा केंद्र पर शनिवार को दूसरी पाली में परीक्षा के दौरान अचानक एक छात्र को सिर में चक्कर आने के कारण बेहोश हो गया। वहीं परीक्षा केंद्र के केंद्र अधीक्षक जय प्रकाश ने ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बीके ठाकुर ने बताया कि छात्र मुसरीघरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत का है और छात्र की इलाज के बाद उसके हालात में सुधार होने की बात उन्होंने बताई है।

शिक्षक के निधन पर शोक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। अवकाश प्राप्त शिक्षक महिषी निवासी रामचंद्र राय के निधन पर मध्य विद्यालय चकहबीब में शोक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार झा कर रहे थे। मौके पर संजय कुमार बसु, रामकुमार पाल संजीत कुमार पासवान मोहम्मद शादाब आलम सहित सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने दिवंगत आत्मा के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए 2 मिनट का मौन रखा।

अवकाश प्राप्त शिक्षक का निधन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय चकहबीब के अवकाश प्राप्त शिक्षक सह महिषी निवासी रामचंद्र राय की निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। वह अपने पीछे एक पुत्र अवधेश कुमार, दो पुत्री आभा देवी, विभा देवी सहित पोता, पोती, नाती, नतनी से भरा पूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। उनके निधन की सूचना पर रंजीत राय, रामप्रवेश राय, मध्य विद्यालय चकहबीब के शिक्षक विनय कुमार, ओम प्रकाश, विकेश कुमार, राम सकल राय, मदन राय सहित कई गणमान्य लोग पहुंचकर अंतिम दर्शन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए। तत्पश्चात उन्हें अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या घाट ले जाया गया।

ट्रक की ठोकर से युवक की मौत

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया रोसड़ा मार्ग के भगवती स्थान के निकट ट्रक की ठोकर से बाईक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान वैशाली जिला के राजापाकर थाना क्षेत्र के बसरा निवासी मोहम्मद मंसूर साह के 35 वर्षीय पुत्र अफजल साह के रूप में बताया गया। घटना की जानकारी मिलते ही विभूतिपुर थाना शव कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचित करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अफजल साह 8- 10 साथियों के साथ पिछले 15 दिनों से सिंघियाघाट भगवती स्थान के निकट किराया का कमरा लेकर रहता था। तथा आसपास फेरी का सामान बेचता था। शनिवार की सुबह अफजल कुछ सामान खरीदने कमरे से मोटरसाइकिल लेकर बाहर निकाला। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए सीएचसी विभूतिपुर लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

7 फरवरी को होगी प्रखंड शिक्षक नियोजन समिति की बैठक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। 7 फरवरी को दिन के 2:00 बजे प्रखंड शिक्षक नियोजन समिति की बैठक बुलाई गई है। यह बैठक अध्यक्ष प्रखंड शिक्षक नियोजन समिति विभूतिपुर के अनुशंसा के आधार पर रखा गया है। जिसमें बैठक से संबंधित सभी लोगों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक की जानकारी सचिव प्रखंड शिक्षक नियोजन समिति सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान ने अध्यक्ष प्रखंड शिक्षक नियोजन समिति सह प्रखंड उप प्रमुख सह प्रभारी प्रखंड प्रमुख विभूतिपुर, सदस्य प्रखंड शिक्षक नियोजन समिति सह पंचायत समिति सदस्य क्षेत्र संख्या 29, सदस्य प्रखंड शिक्षक नियोजन समिति सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विभूतिपुर के नाम से पत्र निर्गत कर दिया है।

अपने साथियों के साथ अपराध की योजना बना रहे पटना के एक अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- एक लोडेड ऑटोमेटिक पिस्टल व दो गोली, फरार दो अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

पुलिस ने शुक्रवार की शाम मथुरापुर ओपी क्षेत्र के मथुरापुर घाट के बांध रोड में छापेमारी कर अपराध की योजना बना रहे एक अपराधी को एक लोडेड ऑटोमेटिक पिस्टल व दो गोली के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद किया है। वहीं इस दौरान पुलिस को आता देख दो अपराधी भागने में कामयाब रहे। गिरफ्तार अपराधी की पहचान पटना जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अरजानी मस्जिद के निकट न्यू अजिमाबाद कॉलोनी निवासी मो. सफी उर्फ मो. आमी के पुत्र मो. एहतेशाम उर्फ उदनान (20 वर्ष) के रूप में हुई है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सह सदर डीएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान मथुरापुर ओपी पुलिस को बांध पर कुछ अपराधियों के इकट्ठा होकर अपराध की योजना बनाने की सूचना मिली थी। बताए गए जगह पर पहुंचने पर पुलिस ने वहां तीन युवकों को खड़ा देखा। पुलिस को देख सभी भागने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस टीम ने खदेड़कर एक युवक को पकड़ लिया, वहीं दो अन्य फरार हो गए। तलाशी लेने पर उसके पास से लोडेड ऑटोमेटिक पिस्टल व दो गोली बरामद किया गया। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस की छापेमारी टीम में पीएसआई विक्रांत कुमार रवि व सिपाही रूपेश कुमार, संजीत कुमार एवं संतोष कुमार शामिल थे।

अपने ससुराल के गांव में चोरी करने वाले चोर व उसके साथी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस ने बंगरा थाना क्षेत्र के कोठिया में बीते मंगलवार की रात हुई चोरी की घटना में संलिप्त दो चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों की निशानदेही चोरी किया गया दो ब्रासलेट, चांदी की दो अंगूठी व घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद किया गया है। गिरफ्तार चोरों की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के बेलारी निवासी राकेश साह के पुत्र राजा कुमार एवं अरविन्द सहनी के पुत्र श्रवण सहनी के रूप में हुई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय पर शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सह सदर डीएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार चोर राजा कुमार का कोठिया में ससुराल है। जहां उसने बाइक से मुस्लिम मोहल्ला में रेकी कर बंद पड़े शाकीना खातून के घर में मंगलवार की रात अपने सहयोगी चोर श्रवण सहनी की मदद से घर में रखा हुआ इनवर्टर की बैटरी व ज्वेलरी आदि की चोरी की थी और रात में ही उजियारपुर चला गया था। गिरफ्तार चोरों ने पुलिस के सामने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तार दोनों चोर पूर्व में चोरी की घटना में जेल जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में बंगरा थाना में मामला दर्ज किया गया था और इसके उद्भेदन के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस की छापेमारी टीम में बंगरा थानाध्यक्ष मनीषा कुमारी, एसआई अख्तर अंसारी एवं सिपाही दीपक कुमार व कन्हैया कुमार शामिल थे।

जिला समन्वय की बैठक में की गई विभागीय कार्यों की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें बिन्दुवार सभी विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई।अंचल कार्यालय के महत्वपूर्ण कार्य अभियान बसेरा और दाखिल खारिज निष्पादन का अंचलवार समीक्षा हुई। अभियान बसेरा फेज-2 के तहत कई अंचलों द्वारा कांफी कम सर्वे किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। उन्होंने प्रत्येक कर्मचारी को कम से कम 50 सर्वे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। आवास योजना में भूमिहीनों को आवास मुहैया कराना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। अभी भी भूमिहीन परिवार अपने वास का इन्तजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि गंभीरता पूर्वक सर्वे कर चिन्हित भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा/क्रय करके जमीन उपलब्ध करायें। एक महीने के अंदर 80-90 फिसदी कार्य निष्पादित करने का निदेश दिया गया। हढव के लिए जमीन चिन्हित करने के लिए अंचलाधिकारियों को सख्त निदेश देते हुए कहा कि क्षेत्र भ्रमण कर जमीन चिन्हित करें तथा विवादित जमीन जो हढवके लिए चिन्हित है, उसे रिजॉल्व करें और एन.ओ.सी. संबंधित विभाग को जल्द दें, जिससे की काम शुरू हो सके। स्वच्छता मित्र ऐप के माध्यम से वसूली की राशि को सक्रिय रूप से करें। पंचायतों में नल-जल की शत-प्रतिशत गुणवता के साथ उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। पेय जल की सभी पंचायत वासियों को उपलब्ध हो इसके लिए पी.एच.ई.डी. के कार्यपालक अभियंता को अपने टीम के साथ सक्रिय रहने का निदेश दिया। पंचायत स्तरीय टेक्निकल टीम को मोटर तथा अन्य तकनीकी खराबी होने पर अविलम्ब ऐक्टिव होकर दुरूस्त करने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार उन्होंने जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को भी निदेश दिया की अपने सहायक गोदाम पदाधिकारी को चावल की आपूर्ति, वितरण में गुणवता का ख्याल रखें। साथ ही किसी प्रकार की बिचैलियों को मध्यस्ता कतई बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया। अधिप्राप्ति में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भ्रमण कर किसानों को प्रेरित करें। गोदाम और मील का लगातार निरीक्षण और सत्यापन करते रहें, जिससे ससमय प्रक्रिया संचालित होता रहे। किसानों को राशि प्राप्त हो। निर्वाचन कार्यों की समीक्षा हुई एवं कहा कि प्रत्येक बुथ से कम से कम 05 न्यू वोटर 18-19 तथा 10 महिलाओं को जोड़ने हेतु प्रपत्र प्राप्त करें। निर्वाचक सूची से विलोपन की गई नामों का बेहतर अभिलेख तैयार कर रखें। नाम संसोधन और विलोपन में विशेष ख्याल रखें। मृत मतदाताओं को सूची से विलोपन करने के लिए विहित प्रक्रिया का अनुपालन करें। क्योंकि यह चुनावी वर्ष है, इसलिए सो मोटो विलोपन नहीं हो। उन्होंने चुनाव के अन्य कार्यों को यथा स्वीप प्लान के संबंध में भी निदेश दिया। वोटर टर्न आउट क्रियान्वयन योजना के तहत प्रत्येक बुथ में मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत के अनुरूप लक्षित करने का निदेश दिया गया। पंचायतों में प्रत्येक वार्ड में कम से कम चार सोलर लाईट लगाने, बचे हुए पंचायत सरकार भवन के लिए जमीन चिन्हित करने, सामाजिक सुरक्षा के कार्यों के संबंध में निदेश दिया गया। कन्या विवाह योजना में प्राप्त और लंबित आवेदन को तीन दिन में अपलोड करने का निदेश दिया गया। आर.टी.पी.एस. में पंचायत के आपरेटर सूचीबद्ध होकर प्रतिदिन आवेदनों को सूचीबद्ध करेगे। दाखिल खारिज में कांफी संख्या में लंबित आवेदन पर सख्त नाराजगी व्यक्त की गयी। प्रतिदिन मॉनेटरिंग और प्रतिवेदन के साथ समीक्षा करने का निदेश दिया गया। समय सीमा से पार कांफी आवेदन लंबित है। अस्वीकृत करने के लिए विशेष कारण दें। बैठक में विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी जुड़ें और सभागार में जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें।

नव नियुक्त कुलपति ने कई विभागों का किया निरीक्षण एवं दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने कुलपति सचिवालय, स्थापना शाखा, कुलसचिव कार्यालय, वित्तीय परामर्शी कार्यालय, कुलसचिव डिस्पैच कार्यालय, प्राधिकार तथा परीक्षा विभाग का औचक निरीक्षण कर अनेक आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण में कुलसचिव डा अजय कुमार पंडित, उपकुलसचिव प्रथम डा कामेश्वर पासवान तथा कुलपति के निजी सचिव सैयद मोहम्मद जमाल अशरफ आदि शामिल थे। कुलपति ने पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि फाइलों को सिलसिलेबार ढंग से व्यवस्थित रूप में रखें, ताकि वे ढूंढने पर तुरंत मिल सकें। फाइलों की प्राथमिकता का भी ध्यान रखें और उनमें स्टीकरों का प्रयोग अवश्य करें। कार्यालय तथा उसके आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। सभी जरूरी कागजातों को बंडल बनाकर रैक में रखें, ताकि वे सुरक्षित रह सकें। वहीं कार्य-समाप्ति के उपरांत शाम में अपने कार्यालय को पुनः सुव्यवस्थित कर ही घर जाएं। कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक को निर्देश दिया कि पान, गुटका या खैनी आदि खाकर कोई भी छात्र या कर्मचारी यहां- वहां नहीं फेंके। इसके लिए लोगों को समझाएं सूचना प्रसारित करें तथा जागरूकता अभियान भी चलाएं। फिर भी यदि कोई ऐसा करते हुए पकड़े जाएं तो 500 रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया जाए। कुलपति ने प्रत्येक विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग में जिन सामग्रियों की कमी हो, उनकी सूची बनाकर कुलसचिव कार्यालय में जमा करें, ताकि ससमय उनकी आपूर्ति हो सके

श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रारम्भ

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विकासात्मक समिति व श्री शारदा इंस्टीट्यूशन, लहेरियासराय द्वारा शिशिर कुमार कर्ण के आवासीय परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में केवटी के विधायक मुरारी मोहन झा ,संगठन के अध्यक्ष व आयोजक शिशिर कुमार कर्ण एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष ललन कुमार झा के द्वारा किया गया ,श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन आचार्यश्री वेदानंद शास्त्री आनंद ने भागवत का व्याख्यान करते हुए कहा कि सर्वप्रथम मानव जीवन प्राप्त जीव को सबसे पहले अपने आपको नियमित जीवनचर्या को निभाना चाहिए। तभी आपको अपने अभीष्ट की प्राप्ति हो सकती है। आप चाहे भौतिक जीवनशैली को प्रश्रय दे या भगवान का आश्रय ले। क्योंकि प्रत्येक मानव के सिर पर तीन प्रकार के ताप यथा दैविक, दैहिक और भौतिक ताप रहता है। अतः सदैव अपने आपको संयमित जीवन जीना चाहिए ।

चालू माह के अंत तक दाखिल खारिज के लम्बित मामलों का करें निबटारा :डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन जिले में दाखिल-खारिज के लंबित मामलों को लेकर कड़े तेवर में हैं। वे लगातार अंचल कार्यालयों का दौरा व निरीक्षण कर रहे हैं एवं इस संबंध में अंचलाधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं। शुक्रवार को भी उन्होंने मड़वन प्रखंड व अंचल कार्यालय का निरीक्षण किय। इस दौरान हजारों की संख्या में दाखिल खारिज के मामले लंबित देखकर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने इस माह के अंत तक हर हाल में दाखिल खारिज के लंबित मामलों का शत-प्रतिशत निष्पादन करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि अगर ऐस नहीं हुआ तो 50 हजार रुपये तक का जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार व विभाग लगातार दाखिल खारिज के मामले में पारदर्शिता लाने के लिए नियम बना रही है लेकिन अंचल व राजस्व कार्यालय इसे धरातल पर उतारने में लापरवाही बरत रहे हैं। यह चिंता का विषय है। विभाग के जो नियम हैं, उसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैंकलाग मामले में नोटिस निर्गत कर कार्रवाई करते हुए शीघ्र रिपोर्ट भेजने को कहा है। प्रखंडों में मुख्यमंत्री आवास योजना पर विशेष निर्देश देते हुए कहा कि आवास योजना को स्वीकृति मिलने के बाद लाभुकों को राशि आबंटित करते हुए निर्माण कार्य पूरा कराना सुनिश्चित करें। बीडीओ स्वयं मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन कर स्थिति का जायजा लेंगे। उन्होंने रोकड़ पंजी भी अद्यतन करने का निर्देश दिया। अंचल कार्यालय का भी कैश बुक अद्यतन नहीं था। डीएम ने इसपर नराजगी जताई और तीन दिने के भीतर कैशबुक अद्यतन करने का निर्देश दिया।

प्रखंड़ प्रमुख कार्यालय के सभागार में शिक्षक नियोजन कमिटी की बैठक अयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली। प्रखंड़ प्रमुख कार्यालय के सभागार में शनिवार को प्रखंड़ प्रमुख कुमारी उषा के अध्यक्षता में प्रखंड नियोजन कमिटी की बैठक बुलाई गयी. इस बैठक के दौरान प्रखंड़ नियोजन कमिटी के अध्यक्ष प्रखंड़ प्रमुख कुमारी उषा ने उपस्थित नियोजन कमिटी के पदाधिकारी के साथ राय विचार करके सात प्रखंड़ नियोजन शिक्षक पर करवाई के लिए प्रस्ताव पास कर विभाग के रिपोर्ट भेजा जाएगा.बीडीओ लवली कुमारी एव बीईओ योगेंद्र चौधरी ने कहा कि राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरियाही के शिक्षक मो. गुलाम जिलानी पर नियोजन कमिटी द्वारा स्पस्टीकरण की मांग की गयी है. वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनियरवा की शिक्षिका आभा कुमारी पर सेवा अवधि की गणना की स्मारक पत्र की मांग के लिए पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया गया.वही नियोजन कमिटी के पदाधिकारियों ने शिक्षिका ज्ञानवती द्वारा किये गए कार्य बदले अर्जित अवकाश को अनुपस्थि दिनों के साथ सामंजन तथा शेष अवधि को सेवा में टूट दर्ज करने की निर्देश दिया गया.वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुसाध टोल कंहौली के शिक्षिका प्रीति की संलिप्त किये गये प्रमाण पत्रों की छायाप्रति को सम्बधित प्रमाण पत्र के मूल प्रति से मिलान के पश्चयात नाम मे संसोधन करने का निर्देश दिया गया.वही मध्य विद्यालय कसमा मरार की शिक्षिका शैल कुमारी जेल चले के कारण लिखित किया गया.नियोजन इकाई के सदस्यों द्वारा पर जांच करने का निर्देश दिया.वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय कसमा मरार के शिक्षक उमेश राउत गबन के आरोप में न्यायायिक हिरासत में भेजने के आरोप विभाग द्वारा निलंबन कर दिया गया था.उनके निलंबन मुक्त करते हुए प्रशासनिक दृष्टि कोन से इनका स्थानतंरण उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरौल में कर दिया गया है. वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर पंडा के शिक्षिका शामिष्ठा कुमारी पर नियोजन इकाई की कमिटी ने राय विचार करके उनके अवकाश की पत्र पर बिना प्रधानाध्यापक की अनुसंशा के अभाव में एव उनके अवकाश अवधि का चिकित्सीय आवेदन को अस्वीकार किया गया है।

भाजपा मतलब भारतीय राष्ट्रीय तत्व की पुर्नस्थापना

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर भाजपा नगर मंडल में गांव चलो अभियान की कार्यशाला भाजपा की बैठक नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।जिसमे मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता ने कार्यकताओं से कहा की गांव चलो अभियान में मंडल से लेकर एक संयोजक सह संयोजक बनाया जाना सुनिश्चित किया गया और हर बूथ पर बूथ अध्यक्ष। संयोजक होंगे जो प्रवास टोली के साथ गांव में जाकर हरेक लाभार्थियों से मिलेंगे हर समाज के लोगो को प्रभावित करेंगे और बूथ ग्रेंडिग कर बूथ कमिटी की समीक्षा के साथ पन्ना प्रमुख भी बनाना सुनिश्चित हुआ है । वहीं बैठक में संगठनात्मक चर्चा करते हुये प्रांतीय युवा नेता धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ झा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर मे चल रही विकास की अविरल गाथा मे अटूट विश्वास रखते हुये 2024 मे राष्ट्र की जनता एक बार पुनः अजेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण जनादेश के साथ सेवा का मौका देगी। क्योंकि पॉंलिटक्स ऑंफ परफारमेंस एण्ड डेवलपमेंट के युग की शुरूरात हुयी है। देश की राजनीति मे सकारात्मक बदलाव हुयी है। अंतर्द्वन्द से आजादी मिली है। लोक कल्याणकारी सरकार मिली है। किसानो की भलाई के लिए प्रतिबद्ध सरकार मिली है। सशक्त व विश्वसनीय और निर्णायक सरकार बनी है। भाजपा मतलब भारतीय राष्ट्रीय तत्व की पुर्नस्थापना । वहीं बैठक में पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष राजकुमार साह ने कहा कि देश में सबों को मिल जन जन की आस्था को मजबूत कर एक समृद्धशाली भारत के तरक्की हेतु 2024 के लक्ष्य निर्माण को लेकर जुट जायें। सर्वे भवंतु सुखिनःकी बात करने वाला भारत ही है और इस मंत्र को साकार करने का काम भाजपा के एक--एक कार्यकर्ता बंधु व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कर रहे हैं । प्रमुखता से सशक्त टोली बनाया गया जो हर शक्ति केंद्र पर जायेगा । वहीं बैठक समाप्ति बाद जयनगर नगर मंडल के नगरमंत्री हीरा ठाकुर के पिताजी के स्वर्गवास हो जाने पर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता, धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ झा, गोपाल सिंह, राजकुमार साह, नितीश प्रधान, अमित अमन, अनिल जायसवाल, भोला पासवान, ओम प्रकाश नायक, रामजी गुप्ता, टप्पू नायक, आनंद पूर्वे, अनिल महतो, सूर्यनाथ महासेठ, शंभु महतो, गौतम उन , मिर्णाल कुमार, अरूण गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

4फरवरी को पटना की बैठक में शिक्षक संघों की होगी गोलबंदी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यालय राज्य के चार लाख नियोजित शिक्षकों की हक-हकूक एवं अधिकार की रक्षार्थ सूबे के सभी शिक्षक संघों की बैठक पटना के वीर कुंवर सिंह पार्क में रविवार को 11बजे से होगी जिसमें सभी शिक्षक संघों के अध्यक्ष, महासचिव एवं संघीय पदाधिकारी शामिल होंगे. ज्ञातव्य हो कि सूबे के लगभग चार लाख नियोजित शिक्षक ‟बिहार विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023‟में अंकित कई बिन्दुओं पर राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग को अपनी असहमति व्यक्त करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु राज्य के सभी शिक्षक संगठन के नेतृत्वकर्ताओ ने विगत दिनों माननीय मुख्यमंत्री को पत्र भी प्रेषित किया है.जिसमें सक्षमता परीक्षा में ऑनलाइन परीक्षा न लेकर ऑफलाइन मोड में लेने एवं तीन जिलों के विकल्प को हटाकर जिलों में ऐच्छिक स्थानांतरण किये जाने सहित कई शिक्षक समस्याओ को निदान किये जाने की अविलंब मांग भी की गई है.लेकिन सरकार नियोजित शिक्षकों के समस्याओ पर गंभीर नहीं दिखाई दे रही है।ऐसे में शिक्षक संघों को मजबूती से लड़ाई हेतु एकसाथ आने की जरुरत है.इस अवसर पर प्रेस को जानकारी देते हुए शिक्षक संघ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष केशव कुमार ने कहा कि शिक्षक संघों की होनेवाली यह बैठक शिक्षक संघर्षों के आंदोलन के इतिहास में अहम होगी जिसमें संयुक्त रूप से बिहार के लाखों नियोजित शिक्षकों के हित में सभी शिक्षक संगठन एकसाथ बैठक कर रणनीति तय करेंगे। केशव ने बताया कि बिहार विशिष्टत शिक्षक नियमावली 2023 मे सुधार हेतु माननीय उच्च न्यायालय पटना में याचिका भी दायर की गई है। जिसका केश नम्बर -2036/2024 एवं सुनवाई तिथि 5 फरवरी निर्धारित है।

राजनितिक चेहरे को बदनाम करना गलत : विधायक

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लोकल कमेटी कल्याणपुर वारिसनगर के द्वारा मुक्तापुर जूट मिल गेट संख्या 3 के परिसर में शनिवार को प्रतिरोध सभा का आयोजन किया गया। जिसकी राघवेंद्र यादव ने किया। इसमें हजारों की संख्या में मजदूर, किसान और छात्र व नौजवानों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से पार्टी के नेता और भगीरथपुर के वर्तमान पैक्स अध्यक्ष भोला राय को मथुरापुर ओपी थाना कांड संख्या 18/2024 में साजिश के तहत फंसाने का आरोप लगाया गया। वहीं पार्टी विधायक दल के नेता कॉ अजय कुमार ने कि भोला राय गरीब-गुरबा का नेता ओर मजदूर किसानों की आवाज है। वहीं राजनीति के तहत राजनीतिक रूप से इनके चेहरा को बदनाम करने के लिए साजिश के निर्दोष को फंसाया गया है। उनके खिलाफ साजिश किया गया और इनको मुकदमा में फसाया गया। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लगातार समस्तीपुर प्रशासन को यह अवगत कराने का प्रयास किया है कि धटना में भोला राय निर्दोष है। इसकी उच्च स्तरीय जांच किया जाए और भोला राय को इस मुकदमा से बड़ी किया जाए। उन्होंने कहा हमारी बातचीत माननीय पुलिस अधीक्षक से सकारात्मक हुई है। जल्द से जल्द इस मुकदमे का सच्चाई सामने आ जाएगा। यदि इस पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई की गई तो इस मुद्दा को विधानसभा में उठाया जाएगा। वहीं सभा को वरिष्ठ अधिवक्ता पार्टी के नेता मनोज कुमार गुप्ता संबोधित करते हुए देश और राज्य के वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था पर चर्चा किया और गरीबों के पक्ष में छात्र नौजवान किसान मजदूर के पक्ष में संघर्ष को तेज करने को कहा। सभा को जिला मंत्री रामाश्रय महतो, रामसागर पासवान, पार्टी के अंचल मंत्री लाल प्रसाद नौजवान सभा के जिला मंत्री उमेश शर्मा, विष्णु देव शर्मा, पवन कुमार, मोहम्मद जहांगीर, वीरेंद्र कुमार, उमाशंकर यादव उमाशंकर यादव मुन्ना, वीरेंद्र कुमार मुन्ना, राम प्रकाश यादव, आदि लोगों ने संबोधित किया। सभा में शिवचंद यादव, निरंजन कुमार, शिवनाथ महतो, राम सुरेश महतो, गणेश कुमार, सत्रोहन राय, मनोज कुमार श्रीवास्तव राज किशोर शर्मा रविंद्र साहनी, निशांत कुमार के साथ हजारों लोग उपस्थित थे।

कोर्ट ने पूछा - जीजा और साली के बीच हुई वातार्लाप कौन-सा जुर्म है

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के पारू थाना क्षेत्र के दाऊदपुर निवासी खैरुन खातून की नतिनी जैनव खातून का अपहरण दो वर्ष पूर्व कर लिया गया था। इस सम्बंध में खैरुन खातून के आवेदन पर पारू थाना में अपहरण की धारा में प्राथमिकी दर्ज की गई। तत्पश्चात पुलिस के द्वारा अनुसन्धान प्रारम्भ हुआ। पुलिस अनुसन्धान के क्रम में जैनव खातून के मोबाइल पर आरती कुमारी और मोहम्मद आलम का कॉल गया हुआ था, इसका पता चला। लेकिन घटना के बाद से ही जैनव खातून का मोबाइल बंद हो गया। पुलिस ने मोहम्मद आलम के घर पर छापामारी करना शुरू कर दिया। तब मोहम्मद आलम ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल किया, जिसकी सुनवाई कोर्ट में चल रही है। सुनवाई के दौरान मोहम्मद आलम, जो कि जैनब खातून के जीजा है, इस बात को मोहम्मद आलम के तरफ से बहस कर रहे मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने कोर्ट को बताया। बहस के दौरान मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने कहा कि जीजा और साली के बीच हुई वातार्लाप कोई जुर्म नहीं है बल्कि यह प्रकृति प्रदत्त मानवाधिकार है। जीजा, साली से और साली, जीजा से बात कर सकती है। तब कोर्ट ने अपर लोक अभियोजक से पूछा कि जीजा और साली के बीच हुई वातार्लाप कौन-सा जुर्म है? जिसपर अपर लोक अभियोजक की ओर से कोई जबाव नहीं दिया गया। मामले की अगली सुनवाई 6 फरवरी को रखी गई है। विदित हो कि अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई ए.डी.जे.- 8 के न्यायालय में चल रही है। सुनवाई के दौरान कांड की सुचिका खैरुन खातून भी कोर्ट में उपस्थित थी। खैरुन खातून के द्वारा कोर्ट में एक शपथ-पत्र दाखिल किया गया और बताया गया कि पुलिस लड़की की बरामदगी करने के बजाए मामले को उलझाने का प्रयास कर रही है। मोहम्मद आलम निर्दोष है।

सड़क सुरक्षा माह का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा।हाइवे पर तेजी से बढ़ रहे सड़क हादसों की रोकथाम के लिए मैठी टोल प्लाजा के अधिकारियों ने शनिवार को सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया। 15 जनवरी से 15 फरवरी तक चलने वाले इस प्रोग्राम का शुभारंभ थाना अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान लोगों को जागरूक करने लिए मैठी टोल प्लाजा के अधिकारियों ने खुद सड़क पर उतरकर वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का अनुरोध किया। साथ में दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाने के साथ फोर व्हीलर चालकों से सीट बेल्ट लगाने की अपील की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने गांधीगिरी करते हुए वाहन चालकों को हाथों में फूल दिया और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की। टोल प्रबंधक जितेंद्र सिंह सिविल इंचार्ज शमशाद अहमद ने कहा की इस सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लोगो को वाहन चलाते समय कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी है इसके लिए जागरूक किया गया। ट्रैफिक रूल की जानकारी देने के लिए एक महीना प्रोग्राम चलने की बात कही। उन्होंने बताया की ज्यादा दुर्घटना दो पहिया वाहन की होती है इसलिए दो पहिया वाहन चालकों से अपील है की वह हेलमेट लगा कर वाहन चलाए। मौके पर ओम प्रताप सिंह, पुष्कर तिवारी,आलोक कुमार, मनीष चतुर्वेदी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, रविवार, 04 फरवरी, 2024

संक्षिप्त खबरें

क[illegible]क की गई चोरी

जमुई सिकंदरा थाना क्षेत्र के गोखुला गांव में एक घर के आगे लगे काले रंग का पैशन प्रो बाइक चोरी हो गया। बाइक चोरी होने की सूचना शनिवार को सिकंदरा थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ दी गई। जानकारी के मुताबिक गोखुला गांव निवासी गोपाल कुमार पिता बबलू सिंह अपने काले रंग के पैशन प्रो बाइक को घर के आगे लगाकर रखा था। तभी अज्ञात चोरों के द्वारा बाइक को चुरा लिया गया। वही बाइक चोरी को लेकर बबलू सिंह के द्वारा सिकंदरा थाने में आवेदन दी गई है। जैसे बताया कि पैशन प्रो बीआर 08 ई 4300 का बाइक चोरी हुआ है।

एसपी हिमांशु ने किया पतरघट ओपी का औचक निरीक्षण

पतरघट/सहरसा। नव पदस्थापित एसपी हिमांशु ने शुक्रवार की देर शाम पतरघट ओपी पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। एसपी ने नवपदस्थापित एसडीपीओ आलोक कुमार के साथ पहुंच कर ओपी परिसर का मुआयना किया। एसपी ने औचक निरीक्षण के क्रम में लंबित कांडों की समीक्षा करते सभी अनुसंधानकताओं को लंबित कार्रवाई पूर्ण कर कांडों का त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिया। ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान से विधि-व्यवस्था की जानकारी लेते नियमित पुलिस गस्ती, अबैध शराब तस्कर, नशेड़ी एवं शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। तथा अन्य सभी कार्यप्रणाली में सुधार हेतु दिशा निर्देश दिये। मौके पुअनि कमलेश कुमार सिंह, पुअनि पंकज कुमार यादव, पुअनि नीरज कुमार, पुअनि विकास कुमार, पुअनि शशिधर सिंह, पुअनि सत्येन्द्र सिंह, पुअनि अनिरुद्ध यादव, मुंशी रवि कुमार सहित पुलिसकर्मी मौजूद थें।

एनडीए बिहार में जीतेगी 40 में 40 सीट:सांसद गोपाल

प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा। भाजपा के जिला कार्यसमिति की बैठक शनिवार को सहरसा भाजपा कार्यालय परिसर में आयोजित हुई। बैठक की शुरूआत दरभंगा सांसद गोपाल ठाकुर,जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह, विधायक आलोक रंजन,क्षेत्रीय प्रभारी सरोज झा एवम सह प्रभारी सत्येन्द्र रॉय ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलन और वंदे मातरम के गायन के साथ की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह और संचालन जिला मंत्री मुकेश मानस व जिला उपाध्यक्ष शिवभूषण सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में दरभंगा से भाजपा सांसद गोपाल ठाकुर ने पार्टी के मार्ग-दर्शन की जानकारी सभी को देते हुए संगठन की मजबूती की दिशा में काम करने को कार्यकर्ताओं को कहा। आगे ठाकुर ने कहा कि दो सदस्य से संसद भवन की पारी शुरू करने वाली भारतीय जनता पार्टी आज तीन सौ लोकसभा सदस्य वाली देश की सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन यह मुकाम उसे यूं ही नहीं हासिल हुआ है। इसके पीछे तमाम कार्यकर्ताओं का योगदान है जो उच्च पद पर जाने के बाद भी धरातल को नहीं छोड़ते हैं। इस जोश और उत्साह के साथ कार्यकर्ता फिर से बिहार की चालीसों सीट पर एनडीए गठबंधन की जीत के लिए मेहनत शुरू कर दे। जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कहा भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। यह सम्मान हमें असंख्य कार्यकर्ताओं की मेहनत संघर्ष और समर्पण के कारण प्राप्त हुआ है। इसलिए कार्यकर्ता से बड़ा कोई पद भाजपा में नहीं होता। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकर्ता समाज के घर घर जा उनके सुख और दुख में शामिल हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विराट नेतृत्व और संगठन की बदौलत आपके द्वारा सफलतापूर्वक किया गया कार्य 2024 में हमें ऐतिहासिक विजय दिलाएगा और बिहार में एनडीए चालीस में चालीस सीटों पर भी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। भाजपा की सरकार जनहितकारी सरकार है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के हर वर्ग को ध्यान में रखकर लोक कल्याण के कार्य किए जा रहे है। देश के अंतिम कतार के व्यक्ति तक बिना किसी भेद भाव के लाभ पहुंचाया जा रहा है। क्षेत्रीय प्रभारी सरोज झा ने कहा कि हर कार्यकर्ता को अब संगठन कार्य में काम करना जरूरी है। हम सभी कार्यकर्ताओं को जो दायित्व मिले हैं उनका पूर्ण निष्ठा से हमें निर्वहन करना है। लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है और हमें अपनी पूरी मेहनत और पूरी ताकत अब पार्टी के कामों में लगनी चाहिए। भारत दुनिया का नेतृत्व करने आगे बढ़ रहा है। हम सभी कार्यकर्ता मिलकर इस दिशा में आगे बढ़ते हुए त्रिदेव कार्यकर्ता अपने बूथ और शक्ति केन्द्र को मजबूत करने की कार्ययोजना में जुट जाए। सह प्रभारी सत्येन्द्र राय ने संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा की कार्यकर्ता का प्रवास प्रतिदिन होना चाहिए। हमारा प्रवास होगा तो मंडल और बूथ पर पहुंच पार्टी का काम नीचे तक पहुंचेगा तो निश्चित ही हमारा संगठन और अधिक मजबूत होगा। साथ ही पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों एवं अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। बैठक में सहरसा नगर निगम के मेयर श्री मति बैन प्रिया पूर्व विधायक सुरेंद्र यादव,पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, माधव चौधरी, लोकसभा प्रभारी विजय कुमार उर्फ खोखा जी,जिला उपाध्यक्ष शिव भूषण सिंह रितेश रंजन, सिद्धार्थ सिंह सिद्धू, श्री कृष्ण झा अनीता देवी जिला पार्षद ,शशी शेखर सम्राट गौतम भगत पूर्व जिला पार्षद पार्टी जिला पदाधिकारी ,पंकज पाठक,राजीव रंजन साह, सीमा झा विजय बसंत सभी विस्तारक सहित जिले के सभी मंडल अध्यक्ष व जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।

डॉ एलएनगोप के निधन पर आयोजित की गई शोक-सभा

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा। विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई बी. एस. एस. कॉलेज, सुपौल में भौतिकी विभाग के शिक्षक डॉ. एल. एन. गोप के सम्मान में शुक्रवार को कुलपति प्रो. बी. एस. झा की अध्यक्षता में शोक-सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी शोक-संदेश पढ़ा। उन्होंने बताया कि डॉ. गोप का 31 जनवरी, 2024 (बुधवार) को निधन हो गया। इससे विश्वविद्यालय परिवार को एक अपूर्णीय क्षति हुई है और पूरा विश्वविद्यालय परिवार मर्मित है। उन्होंने बताया कि डॉ. गोप का जन्म 26 फरवरी, 1942 को सहेबगंज में हुआ था। उन्होंने विश्वविद्यालय के बी. एस. एस. कॉलेज, सुपौल में 3 नवंबर 1966 को योगदान दिया था। वे वहीं से 28 फरवरी, 2022 को सेवानिवृत्त हुए। वे प्रारंभिक दौर में ही भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के महाविद्यालय निरीक्षक (विज्ञान) रहे। पूर्व प्रधानाचार्य सह अभिषद् सदस्य डॉ. परमानंद यादव ने बताया कि डॉ. गोप अपने पीछे अपनी पत्नी, दो पुत्र एवं तीन पुत्रियां सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंत में डॉ. गोप की आत्मा को शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया और ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करें।

असिस्टेंट प्रोफेसर ने टीपी कॉलेज में दिया योगदान

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा। रसायनशास्त्र विभाग, ललित नारायण मिश्र स्मारक महाविद्यालय, बीरपुर (सुपौल) में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहित गुप्ता ने शुक्रवार को टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा में योगदान दिया। इस अवसर पर टी. पी. कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र एवं गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार ने उनका स्वागत किया। डॉ. शेखर ने बताया कि डॉ. गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है। वे बीपीएससी की अनुशंसोपरांत जनवरी, 2018 में भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में नियुक्त हुए हैं। इस विश्वविद्यालय में उनकी पहली नियुक्ति ललित नारायण मिश्र स्मारक महाविद्यालय, बीरपुर (सुपौल) में हुई है। वे 10 अक्टूबर, 2022 से अद्यतन विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी की जिम्मेदारियों का भी बखूबी निर्वहन कर रहे हैं।

शरारती तत्वों के बीच हुई विवाद एक नशे की हालत में गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

पतरघट/सहरसा। कपसिया शीतलपट्टी घाट पर पूसी पुर्णिमा मेला में शुक्रवार के शाम शरारती तत्वों के बीच हुई विवाद लौटने समय कपसिया चौक पर नशे की हालत हंगामा करते मारपीट होने लगा। लोगों द्वारा शांत करने पर नशेड़ियों ने मारपीट करने लगा। ग्रामीणों की सूचना पर पतरघट पुलिस ने पहुंचकर एक को गिरफ्तार किया। तथा कई अन्य नशेड़ी पुलिस के पहुंचते ही भागने में सफल रहा। कपसिया चौक पर नशेड़ी व मनबढ़ू शरारती तत्वों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। कुछ स्थानीय लोग व राहगीर शांत करने का प्रयास किया। लेकिन एक साथ कई बाइक सवार मनबढ़ू युवक ने नशे की हालत में शांत नहीं होकर लोगों के साथ मारपीट करने लगा।सूचना पर ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान एवं पुअनि नीरज कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच कर खदेड़ा। पुलिस के पहुंचते ही कई बाइक सवार भाग खड़ा हुआ।

फांसी के फंदे से लटका मिला महिला शव

प्रात: किरण, संवाददाता

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। 30 वर्षीय महिला डोली कुमारी ने गुरुवार को गांधी पथ के हाथी टोला में किराए के घर में फंदे से लटककर अपनी जान दे दी. महिला पशुपालन विभाग में एबीएफ के पद पर नवहट्टा में पदस्थापित थी. महिला का पति सन्नी सिंह बेगूसराय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में रहकर मेडिकल की तैयारी करता है. गुरुवार की सुबह बगल के ही रहने वाले ऋषि कुमार को महिला ने गैस खत्म होने की बात कह घर का किराया और गैस सिलेंडर का पैसा ऑनलाइन भेज दिया. उसके बाद ऋषि कुमार वहां से चला गया. गैस के लिए जब वह महिला को कई बार फोन किया लेकिन वह फोन नहीं उठाई. उसके बाद उसके पति को कहा कि आप अपनी मैडम को बोल दीजिए कि गैस वाला आएगा तो ले लेने के लिए. उसके बाद वह महिला अपने पति का फोन भी नहीं उठा रही थी. तब फिर उसके पति ने वापस फोन कर बताया कि उसका फोन भी उसकी पत्नी नहीं उठा रही है. आप खुद वहां जाकर जरा देख लीजिए. जब जाकर देखा तो मेन गेट अंदर से बंद था. किसी तरह पड़ोसी की मदद से मेन गेट का किल्ली तोड़कर अंदर गया तो महिला का कमरा भी अंदर से लॉक था. उसके बाद सूचना उसके पति को दिया और उसके बाद सूचना डायल 112 को दिया. डायल 112 की टीम जब वहां पहुंची तो उनके सामने काफी मशक्कत के बाद गेट को तोड़ा गया और अंदर देखा तो महिला फंखे में फंदे से झूल रही थी. उसके बाद डायल 112 ने घटना की सूचना सदर थाना को दी. सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच तहकीकात में जुट गई. देर शाम महिला के पति और पिता घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस के समक्ष पोस्टमार्टम कराए बगैर शव को ले जाने की इच्छा जाहिर की. पूछे जाने पर लड़की के पिता पवन राय ने बताया कि उनकी बेटी बेवजह डिप्रेशन में रहती थी. वर्ष 2019 के फरवरी में उसकी शादी हुई थी. बहुत ही अच्छे परिवार में मैंने अपनी बेटी की शादी की थी. मेरा दामाद भी मेरी बेटी को बहुत मानता था।

गांव चलो अभियान के तहत बीजेपी कार्यकताओं की बैठक आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) प्रखंड के सिकरहटी स्थित पंचायत भवन के समीप शनिवार को गांव चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यकताओं की बैठक बीजेपी पश्चिमी भाग मंडल अध्यक्ष राजीव रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि मधेपुरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. विजय कुमार विमल ने भाग लिया। बैठक में बीजेपी के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकताओं को डॉक्टर विजय कुमार विमल ने संबोधित करते हुए कहा बीजेपी सरकार की 2014 में सरकार बनने के बाद जितनी भी योजनाएं चल रही है। योजनाओं के बारे में गांव चलो अभियान के तहत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ को सरकार की हर योजनाओं के बारे में लोगों को बताएंगे बीजेपी पार्टी आगमी लोक सभा चुनाव में बेहतर परिणाम ला सके। उन्होंने कार्यकर्ताओ को कहा गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ता, शक्ति पीठ केंद्र के कार्यकर्ता सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जैसे उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, राशन फ्री योजना, किसान सम्मन निधि योजना, शौचालय योजना समेत सभी योजनाओं के बारे में घर-घर लोगों को जानकारी देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूती मिले। मौके पर बीजेपी पश्चिमी भाग के मंडल अध्यक्ष राजीव रंजन, बाल किशन यादव, गुलाबचंद पासवान, राजेश पोद्दार, पंकज कुमार, विजय दास, उपेंद्र चौधरी, गगन भूषण, उमाशंकर ठाकुर, श्याम कुमार पासवान, अर्जुन पासवान, रमन कुमार, उपेंद्र शर्मा, युगल किशोर शाह, भिखारी ततमा, वीरेंद्र कुमार शाह, परमानंद यादव, अरविंद मुखिया सहित कई भाजपा कार्यकर्ता बैठक में मौजूद थे।

जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट, एक पक्ष के दो महिला घायल

प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) श्रीनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर भगवती पंचायत स्थित चैनपुर वार्ड नंबर 4 में शनिवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष में हुए मारपीट की घटना में एक पक्ष के दो महिला घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया । जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया। एक पक्ष के जगदीश पासवान, दूसरा पक्ष के जयप्रकाश पासवान के बीच पूर्व से जमीन विवाद चल रहा है। एक पक्ष के जगदीश पासवान का पुत्र विकास कुमार ने बताया पूर्व से जमीन विवाद चल रहा है। शनिवार को चापाकल के पास से बर्तन धोने के दौरान पानी जाने की वजह से दूसरा पक्ष के प्रवेश पासवान, जनार्दन पासवान, जयप्रकाश पासवान, रूपेश पासवान, विकास पासवान आए और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में संगीता देवी, उर्मिला देवी घायल हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष पतरित पासवान ने बताया आवेदन मिलते ही जांच कर समुचित कार्यवाही की जाएगी।

शिक्षक बहाली को लेकर डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों ने किया प्रदर्शन

शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान डायट में प्रशिक्षणार्थियों ने किया प्रदर्शन

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मधेपुरा के परिसर में 2022-24 सत्र के डीएलएड प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी मांगों को लेकर शनिवार को शिक्षा विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं ने विभाग के अवर मुख्य सचिव केके पाठक से कई मांग भी की। इस दौरान विरोध कर रहे प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि हमलोग डीएलएड 2022-24 के प्रशिक्षणार्थी है। बीपीएससी द्वारा जनवरी 2024 में कैलेंडर जारी किया गया था। जिसमें टीआरई 3.0 की बहाली अगस्त 2024 में संभावित थी। किंतु किस कारण से बीपीएससी ने टियर 3.0 की बहाली समय से छह माह पूर्व ही करने जा रही है। उनलोगों ने कहा कि इतने पूर्व बहाली निकलने से लाखों प्रशिक्षणार्थियों को इस बहाली में भाग लेने से वंचित रह जाएंगे। जबकि हमलोगों को इस बहाली में भाग लेने का आश्वासन पहले ही दिया गया। अब जबकि बहाली पहले होगी तो लाखों छात्र-छात्राएं परीक्षा में भाग नही ले पाएंगे। जिससे हमलोगों के कैरियर पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। उनलोगों ने शिक्षा विभाग के अवर सचिव केके पाठक से मांग की शिक्षक बहाली टीआरई 3.0 अगस्त में भी कराया जाय। या हमलोगों को टीआरई 3.0 में शामिल किया जाय। ताकि हमलोगों के सपने चूर होने बच जाए और बिहार के शिक्षा में अपना योगदान दे सके। मौके पर छात्र कुंदन कुमार, प्रिंस रंजन, विमल कुमार, ललन कुमार, प्रमोद कुमार, अंकित कुमार, मनीष कुमार, संतोष कुमार, कृष्णा चंद, सुनील कुमार, छात्रा रोजी कुमार, नाज कुमारी, अंजली सिंह, ज्योति कुमारी, टोनी कुमारी, राजिम परवीन, प्रियम भारती, सोनी कुमारी, आरती कुमारी सहित कई छात्र-छात्रएं उपस्थित थे।

प्रेरणा-सत्र का आयोजन कर डायरी एवं परिचय पत्र किया वितरण

बिहार सरकार द्वारा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे हैं कई कार्यक्रम

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा। बिहार सरकार द्वारा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने की जरूरत है। यह बात मधेपुरा जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल प्रसाद ने कही। वे शनिवार को मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र प्रेरणा-सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा बीएनएमयू में मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र की शुरूआत की गई है। केंद्र में विद्यार्थियों को इनईटी, जीएटीई, जेआरएफ, पीएचडी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) की व्यवस्था है। इससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कैरियर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं ज्ञान एवं कौशल अर्जित करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अपने शिक्षकों की क्षमताओं का समुचित सदुपयोग करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका ने कहा कि बिहार सरकार के सौजन्य से इस केंद्र में विद्यार्थियों को निः शुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन मिल रहा है। सभी विद्यार्थी पूरे लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करें और केंद्र में मौजूद सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एम. एड. विभाग के शिक्षक डॉ. एस. पी. सिंह ने कहा कि कोई भी कार्य उद्यम से सिद्ध होता है। केवल मनोरथ करने से कार्य नहीं होता है। इसलिए विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि केंद्र में 60-60 का दो दो बैच संचालित किया जा रहा है। प्रथम बैच में विज्ञान के सभी विषयों और दूसरे बैच में मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान के सभी विषयों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि संप्रति केंद्र की कक्षाएं शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रथम तल पर पूर्वाह्न 9 बजे से संचालित हो रही हैं। इसमें मुख्य रूप से बीपीएससी बैच के शिक्षकों की सेवा ली जा रही है। इसके अलावा कई वरिष्ठ शिक्षकों का भी मार्गदर्शन प्राप्त है। अतिथियों का स्वागत करते हुए बी. एड. विभागाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि अभिप्रेरणा ही सफलता की सीढ़ी है। यदि आप अभिप्रेरित हैं, तो आपको लक्ष्य प्राप्त करने से कोई भी नहीं रोक सकता है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एम. एड. विभागाध्यक्ष डॉ. सी. डी. यादव ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि केंद्र के विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रौशन करेंगे। यहां के विद्यार्थियों की सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। इसके पूर्व अतिथियों का अंगवस्त्रम्, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने एक-दूसरे का परिचय प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वे नियमित रूप से कक्षा में आएंगे और पूरी ईमानदारी से तैयारी करेंगे। अंत में सभी उपस्थित विद्यार्थियों के बीच केंद्र की डायरी एवं परिचय पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सौरभ कुमार चौहान एवं संतोष कुमार ने सहयोग किया। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग के शोधार्थी मौसम कुमारी, सोनी कुमारी, अंशु कुमारी, प्रियंका कुमारी, आरती कुमारी, अंशु कुमारी, नीतू कुमारी, रानी कुमारी, रूबी कुमारी, ललिता कुमारी, कल्पना कुमारी, आदित्य कुमार, राज किशोर कुमार, जितेंद्र कुमार, संजीव कुमार, शिवशंकर कुमार, रघुनंदन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, पूजा कुमारी, शिवानी कुमारी, मानसी कुमारी, मयूरी, राकेश कुमार, रुपेश कुमार, मोना कुमारी, सुशांत कुमार आदि उपस्थित थे।

पटना संग्रहालय को बचाने हेतु 6 फरवरी को पटना में होगा आंदोलन, खगड़िया से 15 समाजसेवी लेंगे भाग : किरण देव

16 फरवरी को डीएम के सामने किसान मजदूर - ट्रेड यूनियन के द्वारा किया जाएगा देशव्यापी धरना प्रदर्शन सभा

प्रात: किरण, संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान का बैठक सदर अस्पताल चौक अवस्थित संपर्क कार्यालय में हुआ, जिसकी अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। बैठक में 6 फरवरी 2024 को पटना पुराना संग्रहालय को बचाने हेतु धरना प्रदर्शन सभा में खगड़िया से 15 सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेने, 16 फरवरी 2024 को संयुक्त किसान मोर्चा व ट्रेड यूनियन के देशव्यापी हड़ताल आह्वान पर जिलाधिकारी के समक्ष आहूत धरना प्रदर्शन सभा में अधिक संख्या में भाग लेने, मानसी में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शीर्ष किसान नेता कक्का जी के आगमन पर विशाल किसान सभा का आयोजन करने, छात्र नौजवान मजदूर किसान महिला आमजन विरोधी केंद्रीय बजट के विरोध में धरना प्रदर्शन सभा करने तथा इंटर की परीक्षा में प्रथम दिन बड़ी संख्या में अनुपस्थित वंचित छात्र-छात्राएं पूरे बिहार में हजारों छात्र तथा खगड़िया में लगभग 500 छात्र को पुनः परीक्षा लेने, डीएम के समक्ष विगत एक सप्ताह से अनशन पर बैठे जितेंद्र कुमार का मांग पूरा करने, 52 कोठारी 53 द्वारा का जीर्णोद्धार करने एवं जिले में सभी विरासत धरोहर को संरक्षण संवर्धन एवं सर्वांगीण विकास करने का निर्णय लिया गया। बैठक में देश बचाओ अभियान के महासचिव उमेश ठाकुर, संयोजक मधुबाला सचिव धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष कालेश्वर ठाकुर, संयुक्त सचिव गुड्डू ठाकुर, उपाध्यक्ष डॉ कमल किशोर यादव , मुरली कुमार, लाल मुनी सदा, दिनेश शाह, चंद्रहास यादव, तितली भारती, राम सुचित पासवान, गायत्री देवी, मुन्ना रजक आदि ने भाग लिया। इधर, धरोहर विरासत बचाओ अभियान के आहूत आंदोलन को वासुदेव विधाता, रंजीत कुमार, मनोज मिश्रा, राहुल कुमार, विजय सिंह, बिप्लब रणधीर, संजय गुप्ता, गौतम गुप्ता, अमरेश यादव, प्रफुल्ल चंद्र घोष आदि दर्जनों सामाजिक कार्यकताओं ने समर्थन किया है एवं आंदोलन तेज करने पर बल दिया।

स्वच्छता कर्मियों के द्वारा साफ सफाई का अभियान चलाया गया

प्रात: किरण, संवाददाता

सिकंदरा शनिवार को सिकंदरा प्रखंड के महादेव सिमरिया पंचायत में स्वच्छता कर्मियों के द्वारा साफ सफाई का अभियान चलाया गया। बता दें कि महादेव सिमरिया पंचायत में स्वच्छता पर्यवेक्षक दशरथ कुमार के नेतृत्व में विभागीय आदेश के आलोक में साफ सफाई का अभियान चलाया गया। इस दौरान महादेव सिमरिया पंचायत के विभिन्न जगहों पर साफ सफाई का कार्य किया गया। साफ सफाई के कार्य में सभी स्वच्छता कर्मियों का अहम योगदान रहा। इस दौरान महादेव सिमरिया पंचायत के लोगों से स्वच्छता पर्यवेक्षक दशरथ कुमार ने निवेदन करते हुए अपील किया कि सभी घरों से कचरा का उठाव किया जा रहा है। इसके एबज में यूजर चार्ज 30 प्रति माह प्रति घरों से जमा करने का अनुरोध किया है। इस दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक दशरथ कुमार, मोहम्मद आजाद, सरवन मांझी, महेंद्र मांझी, अश्वनी कुमार, राजू मांझी, मोहम्मद इम्तियाज, भूषण सिंह, शनिचरा मांझी, चुनमुनिया देवी, शारदा देवी सहित कई स्वच्छता कर्मियों के द्वारा साफ सफाई का कार्य किया गया।

बैजनाथपुर में प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरप जब्त, वाहन चालक व खलासी गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा- बैजनाथपुर पुलिस ने शुक्रवार की देर संध्या को गुप्त सूचना पर सौर बाजार से बैजनाथपुर आ रही ट्रक को पुलिस ने जब्त कर पुलिस शिविर ले जाया गया जहां जांच पड़ताल के बाद ट्रक से 8 सौ बोतल प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरप बरामद हुआ। पुलिस शिविर अध्यक्ष अरमोद कुमार ने बताया कि शुक्रवार की देर संध्या को गुप्त सूचना मिली थी कि सौर बाजार से बैजनाथपुर लाल रंग का ट्रक बीआर 01जी एन 2958 आ रही हैं जिस ट्रक में ट्रांसपोर्ट का माल लोड था उसी ट्रांसपोर्ट के माल के बीच में 8 सौ प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरप जिसका कुल मात्रा 80 लीटर बरामद हुआ साथ ही वाहन चालक वैशाली जिला के महुआ थाना अंतर्गत कन्हौली विशन पाली निवासी अमरेश कुमार के पुत्र नीरज कुमार एवं ताजपुर निवासी रमेश शर्मा के पुत्र राजकुमार शर्मा को विधिवत कारवाई करते हुए न्यायिक के हिरासत में भेज दिया गया।

सम्पादकीय

विकसित भारत दूर की कौड़ी

अंतरिम बजट को ह्यविकसित भारतह्ल की संभावनाओं का दस्तावेज मान कर विश्लेषण किए गए हैं। वर्ष 2047 अभी बहुत दूर है। अभी भारत की कुल अर्थव्यवस्था 3.7 ट्रिलियन डॉलर की है। विकसित राष्ट्र के लिए सिर्फ अर्थव्यवस्था का बढ़ा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि देश के लोगों की जीवन-शैली, जीवन-स्तर, आधुनिक शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी और तकनीकी सुविधाएं और सुधार और व्यापक रोजगार आदि भी बेहतर दर्जे के होने चाहिएं। फिलहाल शिक्षा पर औसतन 3.8 फीसदी और स्वास्थ्य पर मात्र 1.3 फीसदी ही खर्च किया जाता है। अर्थशास्त्री लंबे अंतराल से दलीलें देते रहे हैं कि जीडीपी का कमोबेश 6-6 फीसदी हिस्सा इन क्षेत्रों पर खर्च किया जाना चाहिए। इनके अलावा, कृषि की औसत विकास-दर मात्र 1.8 फीसदी रह गई है, जबकि कोरोना महामारी के दौर में भी यह 3 फीसदी से अधिक थी। हमारी जीडीपी में कृषि की 18-20 फीसदी भागीदारी है, लेकिन अभी एक वैश्विक रपट सामने आई है, जिसका एक निष्कर्ष यह भी है कि दुनिया की 54 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसमें किसानों की खेती वर्ष 2000 से लगातार घाटे में है। अंतरिम बजट में भी 1.27 लाख करोड़ रुपए से कुछ अधिक की राशि कृषि मंत्रालय को आवंटित करने की घोषणा की गई है। यह एक छिपा-दबा तथ्य है कि फसल बीमा का बजट 2.7 फीसदी, अन्नदाता संरक्षण का बजट 21 फीसदी, यूरिया सबसिडी का बजट 7.5 फीसदी घटा दिया गया है। किसान और खेती तो प्रधानमंत्री मोदी के फोकस वाले चार वर्गों में से एक हैं। विशेषज्ञ मौजूदा दौर को ह्यकृषि का संकट कालह्ल मानते हैं। वित्त मंत्री बजट कम करने का कारण बता देतीं, तो हम विचार कर सकते थे। बहरहाल भारत का जो जीडीपी है और विकास-दर 7 फीसदी के आसपास रही है, तो भी हमारी अर्थव्यवस्था 2030 तक दोगुनी नहीं हो सकती। अर्थशास्त्रियों के विश्लेषण हैं कि विकास-दर कमोबेश 11-12 फीसदी लगातार रहनी चाहिए। यदि गति ऐसी नहीं रहती है, तो 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य तक पहुंचने में 10 साल लग सकते हैं। फिर विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के समीकरण खटाई में पड़ सकते हैं। ह्यविकसित भारतह्ल का सपना मीठा और सुखद लगता है, इस पर राजनीतिक प्रचार भी खूब किए जा सकते हैं, लेकिन हमारे सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक आधार वर्ष 2024 तक ऐसे हैं, जिनके मद्देनजर ह्यविकसित देशह्ल का यथार्थ फिलहाल दूर की कौड़ी लगता है। दरअसल हमारा बजट घाटे का है। यह स्थिति जुलाई के पूर्ण और आम बजट में भी रहेगी। वित्त मंत्री ने यह खुलासा भी नहीं किया कि देश पर लगभग 200 लाख करोड़ रुपए का जो कर्ज है, वह कम कैसे होगा? या उसके भुगतान का अर्थव्यवस्था पर कितना असर पड़ रहा है? बजट में कुल खर्च का अनुमान 44 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बताया गया है, जबकि राजस्व की आय 32 लाख करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा हो सकती है। दोनों के बीच जितना फासला है, वह सालाना घाटा ही होगा। वित्त मंत्री ने वित्तीय और राजकोषीय घाटों को उल्लेख किया है। वे जीडीपी के 5 फीसदी हिस्से से भी ज्यादा हैं, जो चिंताजनक स्थिति है। बजट में 2025 तक घाटों को 4.5 फीसदी तक लाने की घोषणा की गई है। यदि ये आर्थिक असंतुलन दूर नहीं किए जाते, तो ह्यविकसित राष्ट्रह्ल का सपना साकार कैसे होगा? बजट में मोटे तौर पर रोजगार और नौकरियों के विषय पर बिल्कुल सन्नाटा है। बेरोजगारों के लिए रोडमैप नहीं है।

विपक्षी दलों की साख दाव पर

योगेंद्र योगी

गत वर्ष नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में जीत हासिल करने के बाद यह स्पष्ट हो गया था कि केंद्र की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को लेकर विपक्षी दलों के नेताओं को बख्शेगी नहीं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमीन घोटाले में हुई गिरफ्तारी से यह बात साबित हो गई। आश्चर्य यह है कि विपक्षी दल सोरेन की गिरफ्तारी पर भाजपा पर राजनीतिक विद्वेषता से कार्रवाई करने का आरोप तो लगा रहे हैं, किन्तु यह एक बार भी नहीं बताया कि देश से भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए उनके पास क्या रोडमैप है। जिन राज्यों में विपक्षी दलों का शासन है, उनमें भ्रष्टाचार के खिलाफ क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। इसके विपरीत केंद्र की भाजपा सरकार को समझ में आ गया है कि देश के मतदाता भ्रष्टाचार के खिलाफ उसकी मुहिम के समर्थन में हैं। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने केंद्र की भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार के आरोपों में घेरने की काफी कोशिश की, किन्तु कामयाबी नहीं मिल सकी। फ्रांस से खरीदे युद्धक विमान राफेल, अडानी और अंबानी को लेकर विपक्ष ने केंद्र सरकार पर कई आरोप लगाए। इन आरोपों को लेकर विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका तक दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें सारहीन मान कर खारिज कर दिया। इससे भाजपा का नैतिक बल बढ़ गया। भाजपा ने भ्रष्टाचार की मुहिम को तेज करने के साथ ही सोरेने जैसे नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई की। विपक्ष भ्रष्टाचार पर बदले की नीयत का आरोप लगा रहा है, किन्तु प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा नेताओं की गिरफ्तारी के ज्यादातर मामलों में अदालतों से जमानत तक नहीं मिल सकी। इससे जाहिर होता है कि ईडी और सीबीआई ने ठोस सबूतों के आधार पर कार्रवाई की है। तृणमूल कांग्रेस और आप सहित कई पार्टियों के नेता जमानत नहीं मिलने के कारण महीनों-सालों से जेलों में बंद हैं। अदालतों ने यह माना है कि इन नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार में लिप्त होने के पर्याप्त सबूत मिले हैं। यही वजह है कि इनको जमानत नहीं मिल सकी, ताकि सबूतों और गवाहों को प्रभावित नहीं किया जा सके। गौरतलब है कि कांग्रेस सहित 14 दलों ने ईडी और सीबीआई पर दुर्भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में जांच एजेंसियों को लेकर भविष्य के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गई थी। विपक्षी दलों का तर्क था कि 2013-14 से 2021-22 तक सीबीआई और ईडी के मामलों में 600 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ईडी की ओर से 121 राजनीतिक नेताओं की जांच की गई है, जिनमें से 95 प्रतिशत विपक्षी दलों से हैं। सीबीआई की ओर से 124 जांचों में से 95 प्रतिशत से अधिक विपक्षी दलों से हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि विशेष मामले के तथ्यों के बिना सामान्य दिशानिर्देश निर्धारित करना संभव नहीं है। सीजेआई ने कहा कि जब आपके पास व्यक्तिगत आपराधिक मामला हो तो हमारे पास वापस आएं। मामले के तथ्यों से संबंध रखे बिना सामान्य दिशा-निर्देश देना खतरनाक होगा। इस पर विपक्षी दलों ने याचिका वापस ले ली। ज्यादातर विपक्षी दलों के नेताओं को जमानत नहीं मिलने और सुप्रीम कोर्ट से विपक्षी दलों को मिली हार के बाद भाजपा के हौसले बुलंद हो गए। यही वजह है कि विगत विधानसभा चुनाव और उसके बाद सार्वजनिक तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरते रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों के कई बड़े नेताओं पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद खतरे की घंटी सबसे तेज तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आसपास ही बज रही है। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले का सामना कर रहे हैं। इस मामले में ईडी ने केजरीवाल को चार समन भेजे हैं, लेकिन वो अभी तक केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए हैं। केंद्रीय एजेंसियों की रडार पर करीब एक दर्जन से अधिक विपक्षी नेता हैं। देर-सवेर इनका भी बच पाना मुश्किल है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है। आरोप है कि रेवंत जब टीडीपी में थे, तो उन्होंने साल 2015 में विधान परिषद के चुनाव के दौरान अपने पक्ष में वोट देने के लिए एक विधायक को कथित तौर पर पचास लाख रुपए रिश्वत के तौर पर दिए थे। आंध्र प्रदेश के चीफ मिनिस्टर और वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया जगन मोहन रेड्डी पर भी प्रवर्तन निदेशालय की नजर है। उन पर यूपीए शासन के दौरान ही कई मामले दर्ज हो गए थे। ईडी ने जगन मोहन के खिलाफ 2015 में मनी लॉन्ड्रिंग का नया मामला दर्ज किया था। यह मामला जगन के स्वामित्व वाली भारती सीमेंट्स के पैसों के लेने-देन के आरोप से जुड़ा है। मौजूदा समय में वामदल की सरकार सिर्फ केरल में बची है और वहां भी राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ ईडी मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। मामला विजयन के बिजली मंत्री रहने के दौरान का है। सीबीआई ने 1995 में एसएनसी लवलिन केस में चार्जशीट दायर की थी। यह मामला इडुक्की में जलविद्युत परियोजनाओं के आधुनिकीकरण के लिए कनाडाई फर्म एसएनसी लवलिन को दिए गए अनुबंध में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है।

कैंसर नियंत्रण की दिशा में उठाने होंगे बड़े कदम

जागरूकता बढ़ाकर, शिक्षा को बढ़ावा देकर, दूसरों को नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करके और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं। कैंसर दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2020 में लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुइ थी। जिसमें ब्रेस्ट और लंग कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ के अनुसार दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कैंसर के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 30-50 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है। कैंसर की चुनौती से निपटने का सबसे अच्छा तरीका इस मुद्दे के बारे में लोगों से बातचीत शुरू कर के जागरूकता बढ़ायी जाये। तभी कैंसर जैसी जावलेवा बिमारी से लोगों की जीवन रक्षा की जा सकेगी।

रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र पत्रकार

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है।

कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। 2014 में इसे विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्य 5 पर केंद्रित किया गया है। जो कैंसर के कलंक को कम और मिथकों को दूर करने से संबंधित है।

दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।

अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। इतना ही नहीं भारत में सालाना बढ़ते कैंसर मामलों के चलते 2040 तक इनकी संख्या में 57.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की आशंका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है। देश में कैंसर के मामलों की कुल संख्या 2022 में 14,61,427 रही। वहीं 2021 में यह 14,26,447, जबकि 2020 में 13,92,179 थी। सबसे ज्यादा कैंसर के मरीज उत्तर प्रदेश में हैं। यहां 2020 में 2,01,319, 2021 में 2,06,088 और 2022 में 2,10,958 मरीज मिले। वहीं सबसे कम कैंसर मरीज केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में हैं। यहां 2020 में 27, 2021 और 2022 में 28-28 मरीज मिले हैं।

कैंसर रोगों का एक समूह है जो असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार से होता है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। यह पहचानना आवश्यक है कि कुछ जीवनशैली विकल्प, जैसे धूम्रपान, खराब आहार और शारीरिक गतिविधि की कमी, कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं।

हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक फफड़ों का कैंसर (लंग्स कैंसर) सबसे खतरनाक कैंसर हो सकता है। हमारे देश में भी लंग्स कैंसर के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों का अनुमान है कि 2023 के आखिर तक करीब 2.38 लाख से ज्यादा लोगों में लंग्स कैंसर मिल सकता है।

विश्व कैंसर दिवस 2024 की थीम है केयर गैप को बंद करें। यह कैंसर देखभाल में वैश्विक असमानताओं को रेखांकित करती है। यह कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सभी के लिए समान स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर जोर देते हुए, गुणवत्तापूर्ण उपचार तक पहुंच में अंतर को पाटने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान करता है।

कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इफेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू करके, हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं।

विश्व कैंसर दिवस दुनिया पर कैंसर के प्रभाव को कम करने के लिए सभी के लिए मिलकर काम करने का एक अवसर है।

अनदेखा नहीं कर सकते शंकराचार्यों की नाराजगी को

इनमें से प्रत्येक भावना अपने तरीके से शोषणकारी है और उन मूल्यों व सिद्धांतों की सराहना नहीं करती है जिनका उल्लेख किया जाता है। उदाहरण के लिए महात्मा गांधी ने बिना किसी हिचकिचाहट के धर्म के साथ राजनीति पर अपने विचारों को अपने प्रवचनों में बताया है। गांधी ने खुले तौर पर राम को अपने भगवान और उद्धारकर्ता के रूप में देखा और राम को एक समावेशी राजनीतिक संभाषण में ले कर आए। उन्होंने कहा- ह्यराम ने... मेरे सबसे अंधेरे समय को रोशन कर दिया है। एक ईसाई को यीशु का नाम जपने से वैसी ही सांत्वना मिल सकती है और अल्लाह का नाम जपने से एक मुस्लिम को वैसी ही तसल्ली मिल सकती है। इन सभी चीजों के समान निहितार्थ हैं और वे समान परिस्थितियों में समान परिणाम उत्पन्न करते हैं, लेकिन (नाम जप की) यह पुनरावृत्ति सिर्फ होंठो की अभिव्यक्ति नहीं होनी चाहिए बल्कि आपके अस्तित्व का हिस्सा होना चाहिए।



जगदीश रत्तनानी
स्वतंत्र लेखक

मंदिर के उद्घाटन के स्वरूप और वास्तविकता पर उनके बयान राजनीतिक ताकतों के सामने एक ताजा असंतोष लाते हैं जिन ताकतों ने असंतोष को मिटाने के लिए सब कुछ किया है। हमारे यहां राजनीति और धर्म का घालमेल है लेकिन जहां तक वे देश की अच्छी तरह से सेवा करते हैं। ऐतिहासिक रूप से शंकराचार्यों के विचार हमेशा प्रगतिशील नहीं रहे हैं और उन्होंने सामाजिक-धार्मिक सुधारों और सभी जातियों और वर्गों के लिए मंदिर-प्रवेश के मुद्दों पर गांधी की लड़ाई का स्वागत नहीं किया है।

22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर भारत के बड़े हिस्से में उत्साहपूर्ण अभूतपूर्व प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं, तो वहीं दूसरी तरफ आंतरिक विसंगतियों के साथ बड़े धमार्चार्यों- शंकराचार्यों के कड़े विरोध के बीच सदियों पुराने शास्त्रों और हिंदू परंपराओं के उल्लंघन का हवाला दिया गया है। यह समारोह हमारे लिए भगवा झंडों का एक सागर लेकर आया, विशेष रूप से उत्तर भारत में जहां इसने एक राजनीतिक लामबंदी को उजागर किया। जिसने भाजपा और कई अन्य को आश्वासन दिया कि इससे 2024 के राष्ट्रीय चुनावों में पार्टी को अभूतपूर्व लाभ मिलेगा। पहले मंदिर के उद्घाटन का विरोध, शास्त्रों की तकनीकी बातों पर जिक्र, फिर निमंत्रण पर और बाद में समग्र औचित्य और राजनीतिक कब्जे के बड़े मुद्दों पर मतभेद सामने आए जो मंदिर समर्थक व्यापक समूह के भीतर एक साझा समझ और विश्वास के आंतरिक विरोध की ओर इशारा करते हैं। हर कोई उस कमांड-एंड-कंट्रोल ऑपरेशन को पचाने के लिए तैयार नहीं है जिसे भाजपा के रणनीतिकारों ने मंदिर आंदोलन में बदल दिया है। निश्चित रूप से शंकराचार्य भी नहीं जिन्होंने एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर विरोध जताया है। ऐसा महसूस होता है कि भाजपा अपने मतदाताओं से कह रही है- ह्यहमने आपको मंदिर दिया। हम रास्ता जानते हैं। हमारे पीछे चलें और कोई प्रश्न न पूछें।ह्ल राजनीतिक भक्तों की फौज के कई लोग इससे सहमत प्रतीत होते हैं। लेकिन अब जो असहज हैं, वे मानों कहते हैं- ह्यहमने इसके लिए लड़ाई लड़ी और यह वह नहीं है जिस बारे में हमने बातचीत की थी।

उद्घाटन की तारीख, अभिषेक समारोह के केन्द्र में प्रधानमंत्री का होना, शंकराचार्यों के साथ अशोभनीय व्यवहार और बाद में कार्यक्रम में शामिल होने से उनका इंकार, भाजपा समर्थक उद्योगपतियों की उपस्थिति और निमंत्रितों के चयन में धन और शोबिज का प्रदर्शन, भौतिक आडंबर पर ध्यान केंद्रित करना, राजनीतिक उद्देश्य से किए गए उद्घाटन में सुरक्षा बलों के अपरिहार्य अत्यधिक उपयोग को लेकर मंदिर के मुद्दे पर भाजपा के साथ माने जाने वाले लोगों ने भी सवाल उठाए हैं। यह पहली बार नहीं है जब भाजपा का साथ देने वाले दलों ने खुद को अलग-थलग महसूस किया है या भाजपा को भीतरी दुश्मन के रूप में देखा है। भाजपा एक ऐसी ताकत है जो हर कीमत पर अपना विस्तार चाहती है। अगर आपको कोई शक है तो महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और उनकी शिवसेना से पूछिए!

22 जनवरी को राजनीतिक लामबंदी के साथ घुल-मिल चुकी भक्ति के प्रदर्शन में शंकराचार्यों का असंतोष एक महत्वपूर्ण आवाज का प्रतिनिधित्व करता है जो भाजपा और उसके सहयोगियों द्वारा पेश की गई राजनीतिक कहानी के विपरीत है। असहमति की आवाज स्पष्ट, असंदिग्ध और निष्पक्ष है और जो भविष्य के अयोध्या-धाम के लिए अतिशयोक्तिपूर्ण विशेषणों से सज्जित, अतिरंजित दावों के इर्द-गिर्द घूमने वाली बयानबाजी के विपरीत है। शंकराचार्य की दलीलें हालांकि इन अर्थों में भाजपा द्वारा मंदिर आंदोलन पर राजनीतिक कब्जा, संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए आंदोलन को हथियार बनाने और उनके गुस्से के तात्कालिक कारण की ओर इशारा नहीं करती हैं। शंकराचार्यों को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख, किसी शुभ मुहूर्त, मूर्ति से कुछ लेना-देना नहीं है। आने वाले चुनावों को निगाह में रखकर भाजपा यह सब कुछ कर रही है। शंकराचार्यों ने जोर देकर और दृढ़ विश्वास के साथ बताया है कि चूंकि मंदिर का निर्माण कार्य अभी जारी है और पूरा नहीं हुआ है इसलिए इसका उद्घाटन अभी नहीं किया जा सकता है।

संक्षेप में, शंकराचार्यों की ओर से जो बयान आ रहे हैं उन्होंने भाजपा के उस सपने को तहस-नहस कर दिया है जिस पर भाजपा अपना चुनाव अभियान तैयार करती दिख रही है। इन आलोचकों में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती प्रमुख हैं।

आज की स्थिति के अनुसार इन दृष्टिकोणों का धर्म, परंपरा और नैतिकता में एक मजबूत आधार है लेकिन जरूरी नहीं कि यह एक राजनीतिक बढ़त हो जिससे भाजपा चिंतित हो सकती है। उन वोटों में शंकराचार्य सेंध नहीं लगा सकते हैं जिन्हें भाजपा मंदिर के बदले में भुनाने की उम्मीद करती है। फिर भी शंकराचार्य, उनकी संस्था में सन्निहित वेद और शास्त्रों तथा समझ के प्रारंभ के एक महत्वपूर्ण बिंदु को चिह्नित करते हैं। वे उन लोगों को चुनौती देते हैं जो राजनीतिक पुरस्कारों के लिए वेद और उन की तरह के शास्त्रों और परंपराओं का उपयोग कर रहे हैं।

यह उल्लेखनीय है कि अयोध्या के घटनाक्रम के खिलाफ एक स्पष्ट और मुखर नजरिया भाजपा के राजनीतिक विरोधियों की ओर से नहीं बल्कि धार्मिक नेताओं की ओर से आया है जो स्पष्ट तरीके से अपने तर्क रखते हुए संघर्ष कर रहे हैं।

35वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन की शुरूआत 4 फरवरी से

सौरव नरूला

35वां अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन 4 से 6 फरवरी तक कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में इस वर्ष इस सम्मेलन में प्रेम, मानव एकता और विश्व शांति के सिद्धांतों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

अनेक धर्मों के प्रमुख और विश्व के विभिन्न देशों से आए अनेक प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग लेकर एक-दूसरे के विचारों को समझते हुए मानव एकता के उद्देश्य को पाने के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे। इस तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान विश्व शांति और मानव एकता पर सेमिनार, प्रतिदिन ध्यान-अभ्यास और आध्यात्मिक कार्यशालाओं के आयोजन के अलावा मुफ्त मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश-विदेश से हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे।

यह सम्मेलन प्रतिवर्ष फरवरी के महीने में परम संत कृपाल सिंह जी महाराज ;1894-1974द्ध के जीवन को याद करते हुए 6 फरवरी को उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। परम संत कृपाल सिंह जी महाराज विश्व धर्म संघ तथा मानव एकता सम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष थे। प्रथम मानव एकता सम्मेलन की शुरूआत परम संत कृपाल सिंह जी महाराज द्वारा फरवरी, 1974 में की गई थी।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने अध्यक्षीय भाषण में आंतरिक शांति, एकता और करूणा विषय पर अपना प्रभावशाली संदेश दिया। सम्मेलन के दौरान 5 फरवरी को ह्यध्यान-अभ्यास, आंतरिक शांति और एकता का मार्ग तथा 6 फरवरी को ह्य कृपाल-दिव्य प्रेम और करुणा के मसीहाह्ल विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

इस सम्मेलन में सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा मानव कल्याण हेतु सामाजिक और जरूरतमंद भाई-बहनों के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जिसमें 4 फरवरी को 38वें मुफ्त नेत्र जांच और मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन अमेरिका से आए डॉक्टर्स और आई केयर अस्पताल, नौएडा के सहयोग किया जाएगा। जिससे सैकड़ों की संख्या में भाई-बहनों को आंखों की रोशनी का उपहार प्राप्त होगा। इन शिविरों से आज तक लगभग 15000 आंखों के मरीजों ने लाभ प्राप्त किया है।

इसके अलावा सम्मेलन के दौरान 5 फरवरी को 62वें रक्तदान शिविर का आयोजन कृपाल बाग, दिल्ली में किया जाएगा तथा सावन कृपाल रूहानी मिशन की ओर से दिल्ली के अनेक वृद्ध आश्रमों और कई एन.जी.ओ. में जरूरतमंद मरीजों को व्हील चेयर, टाई साईकिल, क्रचिस के अलावा खाने-पीने की वस्तुएं, दवाईयां और फलों का वितरण किया जाएगा।

पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत के नागरिकों ने वित्तीय क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव देखे हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रयास किया गया है कि भारत में सर्वसमावेशी, सर्वांगीण एवं सर्वस्पर्शी विकास हो। देश में खाद्यान की चिंता दूर हुई है। ग्रामीण इलाकों के प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लगभग एक करोड़ नए मकान निर्मित किए गए हैं, हर घर नल योजना के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में घरों तक पीने का पानी उपलब्ध कराया गया है एवं मातृशक्ति को कूकिंग गैस उपलब्ध कराई गई है। 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं ताकि केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे ही इन बैंक खातों के माध्यम से हितग्राहियों के हाथों में पहुंचे। 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अंतर्गत 11.8 करोड़ किसानों को 6,000 रुपए प्रतिवर्ष सम्मान निधि सीधे उनके खातों में जमा की जा रही है।

प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजना को जन -जन तक पहुंचा रहे है सांसद : रूडी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। नगर निगम में सेवा वाहन के माध्यम से आमजन तक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ पहुंचा रहे है। सांसद राजीव प्रताप रूडी योजना के तहत सांसद रुडी के सांसद निधि से जनता की सेवा में समर्पित सेवा वाहन के माध्यम से आज लगातार तीसरे दिन पहला कैम्प छपरा नगर में कचहरी स्टेशन दुर्गा जी महारानी मंदिर परिसर वार्ड पार्षद सुशील सिंह के पास कैम्प लगाया गया एवं दूसरा कैम्प साहेबगंज बुटनबाड़ी वार्ड पार्षद पप्पू चौहान के पास लगाया गया।

पहला कैम्प का उदघाटन छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता एवं पूर्व उपमहापौर अमृतांजली सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर छपरा विधायक डॉ सी गुप्ता ने कहा कि सारण के सांसद रूडी जी जन कल्याण एवं जनता के स्वास्थ्य के प्रति हमेशा लगे रहते है । आज छपरा में जो भी बड़े काम दिखाई दे रहा है सभी का योगदान सांसद रूडी जी है।

यह कैम्प सांसद वजी द्वारा निशुल्क लगाया है जो सराहनीय है। पूर्व उपमहापौर अमृतांजली सोनी ने कहा कि हम सांसद राजीव प्रताप रूडी को धन्यवाद देते है कि सारण जिला में पहली बार गैस पाइप लाइन द्वारा घरो में पहुचाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया एवं कार्यक्रम पप्पू चौहान, सतीश कुमार,पुतुल श्रीवास्तव, जिला भाजपा मंत्री सुषमा सोनी, पार्षद सुल्तान , सोनी देवी, गुड्डू सिंह,रोहित सिंह ने इस कैम्प में भरपूर स्वागत किया कहा दूसरा कैम्प कचहरी स्टेशन दुर्गा मंदिर परिषद में उदघाटन लोजपा जिला अध्यक्ष दीपक कुमार एवं भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र साह द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आयुषमान कार्ड गरीबो के लिये रामबाण का काम कर रहा है सांसद रूडी जी द्वारा पूरे लोकसभा में अपने गाड़ी एवं कार्ड बनाने वालों सिस्टम को निशुल्क भेजकर बनाया जाता है। यह सराहनीय कार्य है। दूसरे मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र कु साह ने विश्वकर्मा योजना को विस्तार से बताया एवं सांसद रूडी जी द्वारा जिले में चल रहे योजना को विस्तार से बताया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद पहलाद राम,सुशील कु सिंह, संजय प्रसाद, शम्भू बैठाने सहयोग कि दोनों कैम्प में 277 आयुषमान कार्ड का पंजीयन, 206 विश्वकर्मा योजना का रजिस्ट्रेशन एवं 395 लोगो का गैस पाइप लाइन का रजिस्ट्रेशन किया गया।

संक्षिप्त खबरें

बनियापुर के नए थानाध्यक्ष के रूप आशुतोष कुमार सिंह ने पदभार संभाला

बनियापुर (सारण) जिले के पुलिस कप्तान ने डा गौरव मंगला के आदेश पर भारी संख्या पुलिस पदाधिकारियो का तबादला कर दिया गया,इस क्रम मे बनियापुर के थानाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान के तबादला के साथ बनियापुर मे नए थानाध्यक्ष के रूप मे आशुतोष कुमार सिंह ने योगदान कर लिया है।जहा अपने नए थानाध्यक्ष ग्रामीणों व गणमान्य ने फूलमाला से स्वागत किया है।जहा थानाध्यक्ष ने क्षेत्र मे अमन चैन व शांति बहाली के साथ साथ,शराब माफियों तथा अपराधियों पर नकेल कसने व अपराधिक मामले मे त्वड़ित करवाई की बात कही,वही पुलिस पब्लिक मैत्री पूर्ण सामस्य स्थापित करने की बात कही।मौके मुखिया मेराज अहमद जद यु प्रखंड अध्यक्ष शिव नरायण पटेल शम्स प्रवेज बिक्रम चौधरी सहित कई गणमान्य शामिल थे।

भाजपा नेता ने किया हर्ष व्यक्त

छपरा कार्यालय। जनसंघ काल से काम करते भाजपा में संस्थापक में प्रमुख भूमिका निभाने वाले रहे पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने पर भाजपा जिला के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा की हम सबके प्रेरणास्रोत एवं देश के वरिष्ठ नेता, श्रद्धेय लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिये जाने का निर्णय केंद्र सरकार एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता के लिये खुशी की बात है। वास्तव में पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी इस उपाधि के सौ प्रतिशत हकदार थे जिनको मोदी जी ने आज पूरा किया।बभजप नेता धर्मेंद्र चौहान ने बताया की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूंएवं आडवाणीजी का अभिनंदन करता हूं।

विद्यालय का ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने 43 क्विंटल चावल चुराए

बनियापुर (सारण) प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय से अज्ञात चोरो ने विद्यालय के स्टोर का ताला तोड़कर 43 क्विंटल चावल की चोरी कर लिया है।जब प्रधानाध्यापक ने स्टोर की तरफ देखा तो स्टोर का ताला तोड़कर चावल की चोरी की घटना की जानकारी थाना को दिया। घटना के संबंध मे पदास्थापित प्रभारी प्रधानाध्यापक अवधेश चौधरी ने थाने मे दर्ज प्राथमिकी मे बताया है कि आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम हेतु टेन्ट लेने गए थे ,जब टेंट वाले के साथ विद्यालय मे आया तो देखा स्टोर का ताला टूटा है,जहा से 86 बैग मे रखे 43 क्विंटल चावल की चोरी अज्ञात चोरो द्वारा कर ली गयी है,वही पदा स्थापित गार्ड से पूछ ताछ पर उसने बताया कि उक्त रात्रि मे कुछ कारण वस विद्यालय मे ड्यूटी पर नही था।मामले मे पुलिस घटना की जांच पड़ताल मे जुट गयी है।

दिन के 11 से 3 बजे तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

रक्सौल। मौसम बदलने के साथ ही हमेशा की तरह विद्युत विभाग अलर्ट मोड में आ गई है। सभी जगह बिजली आपूर्ति निर्वाध तरीके से जारी रहे इसको लेकर विभाग ने मेंटेंस कार्य शुरू कर दिया है। जिसको लेकर पहले ही विभाग के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को अवगत कराया जा रहा है।इसको लेकर कौड़िहार फीडर अंतर्गत कौड़ीहार गांव, चौक, ब्लॉक रोड, कॉलेज रोड, परेउवा सहित विभिन्न जगहों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विंटर मेंटेनेंस कार्य को लेकर एलटी का मेंटेनेंस कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसके कारण रक्सौल प्रखण्ड के कई क्षेत्र में बिजली आपूर्ति कुछ घंटों के लिए बाधित रहेगी। इस आशय की पुष्टि करते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि 4 व 5 फरवरी को सुबह 11:00 बजे से 03:00 बजे तक एलटी का मेंटेनेंस कार्य होने के कारण पावर सप्लाई बंद रहेगा। जिसे लेकर उन्होंने सभी उपभोगताओं से ससमय आवश्यक कार्य को पूरा कर लेने की अपील की है।

राम मंदिर आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का श्रेय आडवाणी को : सेंगर

छपरा कार्यालय। पूर्व उप-प्रधानमंत्री श्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान मिलने पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सेंगर ने कहा कि इस कार्य के लिए इससे अच्छा वक्त नहीं हो सकता था। उन्हें सम्मान देना भारतीय राजनीति में उनके योगदान पर मोहर है। आज की भारतीय जनता पार्टी के शिल्पकार आडवाणी जी ही हैं जो अपने स्पष्ट वैचारिक चिंतन के कारण राम मंदिर जैसे सांस्कृतिक आंदोलन को भी राजनीतिक पटल पर ले आये। भाजपा के गांधीवादी समाजवाद के रूख के विपरीत आडवाणी जी ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को पार्टी का मुख्य दर्शन बना दिया और आज की भाजपा के हिन्दू राष्ट्रवाद के पथ का श्रेय भी आडवाणी जी को ही जाता है।

डीएम से जनवितरण विक्रेता ने की शिकायत आवेदन देने पर दिया रद्दी अनाज

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। छपरा जिले के जनवितरण विक्रेताओं को अनाज की मात्रा के कमी और अवैध वसूली के खिलाफ आवाज उठाना अब महंगा पर रहा है। जो जनवितरण विक्रेता इस संबंध में आवाज उठाता है उसे मानसिक प्रताड़ना के साथ आर्थिक नुकसान और जनता की नाराजगी का भी सामना करना पर रहा है।

ताजा मामला दिघवारा प्रखंड के दिघवारा नगर पंचायत के जनवितरण विक्रेता फुला देवी से जुड़ा हुआ है। जहां उसके पुत्र ने जब सहायक गोदाम प्रबंधक के खिलाफ अनुमंडल अधिकारी सोनपुर के यहां आवेदन देकर अनाज के बोरे का बिना वजन कराए गोदाम में पहुंचाना अच्छी क्वालिटी के अनाज हेतु घूस की राशि मांगने का आरोप लगाया। जिसके बाद उसके गोदाम पर से उसके गोदाम पर अनाज तो पहुंचा मगर हाथ सिलाई बोरे , और उष्णा चावल की जगह अरवा चावल वही खाने लायक नही ।इस घटना के बाद एक बार पुनः जन वितरण विक्रेता ने खाद और आपूर्ति विभाग के प्रधान सचिव से लेकर जिलाधिकारी और अनुमंडल अधिकारी के यहां उचित करवाई करने का अनुरोध किया है। इस आवेदन के बाद अब यह देखना दिलचस्प होगा को आखिर कब तक जनवितरण विक्रेता के आवेदन पर जांच कर उचित करवाई मुकम्मल हो पाती है या जन वितरण विक्रेता को परेशानी झेलना पर सकता है।

रेड क्रॉस सोसायटी सारण ने किया पल्स ऑक्सी मीटर का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सारण के निर्देश के आलोक में रेड क्रॉस सोसायटी शाखा सारण द्वारा सदर अस्पताल के सिविल सर्जन को 280 पीस पल्स ऑक्सी मीटर दिया गया।इस पल्स ऑक्सी मीटर को सिविल सर्जन के द्वारा जिले के प्रत्येक सरकारी स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं स्वास्थ्य संस्थानों में वितरण किया जायेगा।शुक्रवार को सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव जीनत जरीना मसीह ने पल्स ऑक्सी मीटर को सिविल सर्जन को हस्तगत कराते हुए बताया कि इस उपकरण का उपयोग सुदूर ग्रामीण परिवेश के आमजन उप स्वास्थ्य केंद्र एवं सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं के माध्यम से कर सकते हैं।वितरण कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी सारण के चेयरमैन डॉक्टर चंदेश्वर सिंह,कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह,जिला प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह एवं अन्य रेड क्रॉस के सदस्य उपस्थित हुए।

एनसीसी पदाधिकारी, संजय कुमार को उत्कृष्टता पुरस्कार से किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। एनसीसी निदेशालय बिहार और झारखंड की ओर से एनसीसी भवन पटना में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । यह पुरस्कार पूरे वर्ष में एनसीसी गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को प्रदान किया जाता है । बिहार के सभी चार एनसीसी ग्रुप पटना, मुज्जफरपुर, गया और भागलपुर से विभिन्न श्रेणियों में एक एक व्यक्ति को यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। मुजफ़्फ़रपुर ग्रुप से राजेंद्र कॉलेज के एनसीसी अधिकारी कैप्टन संजय कुमार को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है । प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने उन्हें शुभकामना देते हुए कहा कि कई ज़िलों और बटालियनों में एकमात्र शिक्षक पुरुष वर्ग में यह पुरस्कार मिलना कॉलेज के लिये अत्यंत हर्ष और गौरव की बात है। उन्होंने उनके नेतृत्व में एनसीसी के उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित की। कॉलेज के सभी शिक्षकों तथा शिक्षकेतर कर्मियों ने कॉलेज की इस उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। 7 बिहार बटालियन से प्रशिक्षक श्रेणी में सूबेदार मोहम्मद मुश्ताक तथा कैडेट श्रेणी में रितिक कुमार को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया ।

राजनीति में शुचिता, समर्पण और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं लालकृष्ण आडवाणी : डॉ सी एन गुप्ता

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भाजपा के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा की हम सबके प्रेरणास्रोत एवं देश के वरिष्ठ नेता, श्रद्धेय लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिये जाने के निर्णय से बड़े हर्ष और आनंद की अनुभूति हुई है। वे राजनीति में शुचिता,समर्पण और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं।

आडवाणीजी ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में अनेक भूमिकाओं में, देश के विकास और राष्ट्रनिर्माण में जो महत्वपूर्ण योगदान किया है, वह अविस्मरणीय और प्रेरणास्पद है। भारत की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने में भी उनकी महती भूमिका रही है। एक राष्ट्रीय नेता के रूप में उन्होंने अपनी विद्वता, संसदीय एवं प्रशासनिक क्षमता से देश और लोकतंत्र को मजबूत किया है। उन्हें भारत रत्न का सम्मान मिलना हर भारतवासी के लिए हर्ष का विषय है। मैं इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूं एवं आडवाणीजी का अभिनंदन करता हूं।"

व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी की हुई विदाई

छपरा। व्यवहार न्यायालय छपरा के न्याय सदन में सेवानिवृत कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह की बिदाई समारोह हुई। जिसमें व्यवहार न्यायालय के व्यवहार न्यायालय के सभी कर्मचारी एवम जिला एव सत्र न्यायधीश पुनीत कुमार गर्ग परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायधीश दीपक कुमार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुशील कुमार त्रिपाठी ए सी जे म अनुपमा सह डीडीओ उपस्थित थे। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी ने सेवा निवृत कर्मचारी प्रमोद कुमार के लम्बी आयु और स्वस्थ रहने की कामना किया। सिरेसतेदार सुधीर कुमार मिश्र के द्वारा अंग वस्त्र भेट किया गया ।विदाई समारोह में सचिव श्रवन कुमार सहायक दीपक कुमार प्रवीण कुमार नागेन्द्र कुमार कोषाध्यक्ष विभूति त्रिवेदी प्रधान लिपिक संतोष कुमार सुमन कुमार अजय मिश्र एव कोर्ट प्रबंधक भी उपस्थित थे ।

इंटर कालेज के पास पलानी में लगी आग,सब कुछ जलकर राख

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय के पास इंटर कालेज के सामने पलानी नुमा घर में आग लग गई ।आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। वहीं जब तक आग पर काबू पाया जाता आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया। अग्निकांड पीड़ित की पहचान चंदन कुमार के रूप में हुई। जो नगर पंचायत मशरक में सफाई सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। मामले में चंदन कुमार ने बताया कि उसका एक शख्स से विवाद चल रहा था उसी ने धमकीं दी थी कि आग लगाकर तुम्हें बर्बाद कर देंगे। उसने बताया कि लगभग 4 लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। कुछ भी सामान बचा नहीं है।

भाजपा के गांव चलो अभियान का मशरक में हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देश गांव चलो अभियान को लेकर मशरक के महाराणा प्रताप चौक के पास प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सीताराम पाण्डेय के आवास परिसर में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर बनियापुर विधानसभा प्रभारी चत्येंद्र नाथ सिंह एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश प्रसाद मौजूद रहे। गांव चलों अभियान की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व उप-प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा पर खुशी जाहिर किया गया। वक्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री जी द्वारा गरीबों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। गाँव चलो अभियान के तहत हर गाँव में जाकर सभी को विस्तार में बताना है जिससे अधिक से अधिक लोग लाभ ले सके। मौके पर भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पाण्डेय,भाजपा युवा जिलामंत्री दुर्गेश कुमार गुप्ता, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह, जटा शम्भू सिंह, जावेद अंसारी, रमेश सिंह, उत्तरी मंडल के अनुसूचित जाति के अध्यक्ष नेता राजू मांझी,जिला मंत्री राजेश सिंह , वरिष्ठ भाजपा नेता गौतम ओझा,सागर राय, रवि रंजन सिंह मंटू सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विश्व कैंसर दिवस: आज से 10 फरवरी तक ओपीडी में विशेष रूप से स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। वैश्विक स्तर पर कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से प्रमुख है। क्योंकि कैंसर के कारण प्रत्येक वर्ष लाखों लोगों की मौत होती है। जिसमें पूरी दुनियां में हर छठी मौत कैंसर के कारण हो रही है। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ चंदेश्वर सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में प्रतिदिन खोज व तकनीकी विकास के कारण कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही। लेकिन अभी भी आम लोगों के लिए इसका इलाज बेहद कठिन साबित हो रहा है। दुनिया भर में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों को इसके खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 04 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। हर साल की तरह इस बार भी विश्व कैंसर दिवस आज यानी 04 से 10 फरवरी तक जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ भूपेंद्र कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल परिसर स्थित ओपीडी के कमरा संख्या - 02 में होमी भाभा कैंसर संस्थान सह शोध संस्थान के टीम द्वारा सुबह के 9 बजे से शाम के 5 बजे तक स्क्रीनिंग, उपचार के साथ ही जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जबकि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग सह परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न तरह के कैंसर की स्क्रीनिंग व आवश्यक परामर्श सेवाएं संचालित की जाएगी। इस शिविर में मुंह, स्तन, गर्भाशय संबंधी कैंसर की स्क्रीनिंग के साथ मधुमेह, उच्च रक्तचाप के स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध साथ ही विभिन्न गैर संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। सदर अस्पताल स्थित ओपीडी में कार्यरत होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर मुजफ्फरपुर की चिकित्सक डॉ सेबी ने बताया कि महिलाओं में सर्वाइकल व ब्रेस्ट कैंसर, जबकि पुरुषों के फेफड़े- प्रोस्टेट व कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि खान-पान में गलत आदतें, दोषपूर्ण जीवनशैली, प्रदूषण के अलावा हानिकारक रसायनों के अधिक संपर्क में रहने के कारण कैंसर का जोखिम प्रतिदिन बढ़ रहा है। हालांकि कैंसर के खतरों से बचाव के लिए सावधानी व जागरूकता जरूरी है। वहीं संयमित जीवनशैली व उचित खान- पान, शराब, धुम्रपान व तंबाकू उत्पाद के सेवन से परहेज करने मात्र से कैंसर के खतरों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

सदर अस्पताल परिसर स्थित ओपीडी में संचालित होमी भाभा कैंसर संस्थान सह शोध संस्थान के डॉ विक्रम आनंद ने बताया कि दिसंबर 2022 से लेकर दिसंबर 2023 तक 18451 मरीजों की स्क्रीनिंग की गयी है। जिसमें दिसंबर 2022 से दिसंबर 2023 तक 18451 जबकि जनवरी 2024 में 1578 मरीजों की स्क्रीनिंग हुई है। कैंसर के संदेहास्पद मरीज मिलने की स्थिति में बेहतर इलाज के लिए राज्य के उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया गया है। ताकि रोगियों का समुचित इलाज संभव हो सके। क्योंकि रोग से संबंधित लक्षणों की समय पर पहचान और उचित जांच के बाद से कैंसर का इलाज संभव है।

कैंसर से डरने की नहीं, सभी को मिलकर लड़ने की जरूरत है : पारस एचएमआरआई

पारस एचएमआरआई में विश्व कैंसर दिवस कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। विश्व कैंसर दिवस की पूर्व संध्या पर पारस एचएमआरआई, पटना में शनिवार (03 फरवरी) को कैंसर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पारस एचएमआरआई और कैंसर अवेयरनेस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कैंसर से बचने के उपाय, इसके उपचार और अन्य पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें एनसीसी के कैडेट्स और आंगनबाड़ी सेविकाएं भी शामिल रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पारस एचएमआरआई के डायरेक्टर जेनेरल सर्जरी डॉ. एए हई ने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार 1 साल में लगभग 15 लाख लोग कैंसर की चपेट में आते हैं। खानपान और दिनचर्या में सुधार लाकर और अल्कोहल जैसी चीजों से दूरी बनाकर कैंसर के 50 प्रतिशत तक मामलों को रोका जा सकता है। इस मौके पर मुख्य कंसल्टेंट रेडिएशन ओन्कोलॉजी एंव कैंसर अवेयरनेस सोसाइटी के सचिव डॉ. शेखर केसरी ने कहा कि कैंसर से बचने के लिए यह जरूरी है कि गुटखा, बीड़ी, सिगरेट या अल्कोहल जैसी किसी भी तरह की नशीली पदार्थ का सेवन न करें।

हालांकि बिहार राज्य अल्कोहल प्रतिबंधित क्षेत्र है, इसके बावजूद यहां अक्सर लोग अल्कोहल का सेवन करते मिल जाते हैं। इन दिनों मुंह के कैंसर, स्तन के कैंसर और बच्चेदानी के कैंसर से लोग ज्यादा पीड़ित हो रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार हाल के दिनों में बच्चेदानी के कैंसर के मामलों में कमी आई है। इसका एक कारण यह भी है कि इसके लिए वैक्सीन उपलब्ध हो गई है। दूसरी ओर फेफड़ों के कैंसर में बिहार राज्य में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जो कि एक चिंताजनक स्थिति है। तंबाकू के सेवन के साथ इसके लिए वायु प्रदूषण भी कुछ हद तक जिम्मेदार है।

इस कार्यक्रम में एचओडी मेडिकल ओन्कोलॉजी डॉ. अभिषेक आनंद, चीफ कंसल्टेंट सर्जिकल ओन्कोलॉजी डॉ. राहुल चौधरी, सीनियर कंसल्टेंट डॉ. आर.एन. टैगोर ने अपने विचार रखे। वहीं कंसल्टेंट सर्जिकल ओन्कोलॉजी डॉ. मिताली दांडेकर, डॉ. स्नेहा झा, डॉ. शिव शंकर मिश्रा, डॉ. चिन्मय बिसवाल, युनिट हेड डॉ. वैभव राज, मेडिकल सुप्रिटेंडेट डॉ. आसिफ परवेज एंव डॉ. राजीव आदि उपस्थित थे।

पारस एचएमआरआई के बारे में

पारस एचएमआरआई, पटना बिहार और झारखंड का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है। 350 बिस्तरों वाले पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुर्धातुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और व्यापक कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के लिए प्रसिद्ध है।

विश्व वेटलैंड दिवस पर गोदरेज एंड बॉयस ने ली वेटलैंड में बदलाव लाने की प्रतिज्ञा

मशरक। वेटलैंड को सुरक्षित बनाना आज के समय में बहुत जरूरी हो गया है। भारत की कुल भूमि का लगभग 4.6 प्रतिशत वेटलैंड है, जिसका क्षेत्रफल 15 मिलियन हेक्टेयर से अधिक है। ये वेटलैंड मनुष्य और वनस्पतियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। देश के करीब एक अरब से अधिक लोग जीवनयापन के लिए इन पर निर्भर हैं। पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत बनाते हुए, गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस कुछ प्रमुख सहयोग और सामुदायिक भागीदारी की मदद से वेटलैंड, खासतौर पर मैंग्रोव के संरक्षण की दिशा में अपना विशेष योगदान दे रही है।

विश्व वेटलैंड्स दिवस के अवसर पर, गोदरेज एंड बॉयस के प्रमुख (एन्वायरमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी) तेजश्री जोशी ने बताया, वेटलैंड्स समुदायों की जीवनधारा के रूप में काम करते हैं। इसी के साथ ही ये वेटलैंड उनकी आजीविका और जैव विविधता दोनों को बनाए रखते हैं। गोदरेज एंड बॉयस में हमारा मानना है कि, जैव विविधता और ईकोसिस्टम का संरक्षण केवल एक सिद्धांत नहीं है, बल्कि यह हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। दशकों से हम वेटलैंड खासतौर पर मैंग्रोव के संरक्षण में सबसे आगे रहे हैं। हम अपनी टीमों और अन्य कॉरपोरेट्स को ही नहीं बल्कि इन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले स्थानीय समुदायों को इस बड़े प्रयास में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। इसके परिणामस्वरूप रिसर्च के माध्यम से मैंग्रोव के संरक्षण को लेकर लोगों के बीच जानकारी बढ़ाने और इकोसिस्टम के महत्व पर जागरूकता फैलाने की दिशा में काफी सुधार देखने को मिला है। इसके साथ ही वेटलैंड के पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित आय प्राप्त करने और अपनी कमाई बढ़ाने में भी मदद मिली है। वेटलैंड संरक्षण के प्रति हमारे प्रयासों के चलते आम लोगों की जिंदगी पर काफी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है।

सीआईआई, एमओईफ डब्लूडब्लूएफ इंडिया आदि के साथ सहयोग के अलावा, 125 साल पुराना यह भारतीय समूह करीब 7 दशकों से विक्रोली में लंग्स ऑफ मुंबई का संरक्षण भी कर रहा है; इसके अलावा कंपनी ठाणे क्रीक के पश्चिमी किनारे पर रामसर कन्वेंशन के तहत भारत की मान्यता प्राप्त वेटलैंड में भी एक बड़ा प्रयास कर रही है। इस प्रतिबद्धता को मैजिकल मैंग्रोव्स जैसी पहल के माध्यम से पहचान मिली है। यह अभियान डब्लूडब्लूएफ इंडिया के साथ 2020 में शुरू किया गया था। यह प्रोग्राम वॉलेंटीयर्स की भागीदारी के साथ मैंग्रोव संरक्षण पर जागरूकता फैलाने का काम करता है। अनुसंधान, वकालत और जमीनी प्रयासों पर केंद्रित इस साझेदारी ने पिछले 4 वर्षों में 300 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों के साथ लगभग 30000 नागरिकों को सफलतापूर्वक एकजुट किया है।

मैंग्रोव संरक्षण के लिए दशकों पहले गोदरेज एंड बॉयस द्वारा शुरू की गई यह पहल अब भारत में व्यवसायों द्वारा जलवायु संरक्षण से जुड़े प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही व्यावसायिक निर्णयों में जैव विविधता को शामिल करने के लिए भी प्रयास कर रहा है।

सलखुआ में प्रमुख का पद हुआ रिक्त लगाया गया था अविश्वास प्रस्ताव

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। जिले के सलखुआ प्रखंड प्रमुख नीलम देवी के विरोध में 12 समिति सदस्यों ने 22 तारीख को अविश्वास प्रस्ताव लगाया था जिसके आलोक में आज बैठक बुलाई गई बैठक में सभी 12 समिति सदस्य उपस्थित हुए लेकिन प्रखंड प्रमुख नीलम देवी उसमें उपस्थित नहीं हो पाई इसके बाद बीडीओ और पंचायती राज पदाधिकारी मधु कुमारी ने अविश्वास प्रस्ताव को पारित कर प्रमुख का पद रिक्त कर दिया वहीं विरोधी दल के सभी समिति सदस्यों में खुशी का माहौल है।

झपटमारों ने वृद्ध से उड़ाये 50 हजार रुपये से भरी थैली

प्रात : किरण संवाददाता

जगदीशपुर (भागलपुर)। जगदीशपुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित यूको बैंक से रुपया निकासी कर घर लौट रहे एक बुजुर्ग खाताधारी के साथ पूर्व घात लगाए बाइक सवार झपटमारो रुपये से भरी थैला छीनकर फरार होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रामीण बुजुर्ग दिन के करीब 11 बजे बैंक परिसर से अपने खाते से पैसे की निकासी कर अपने घर की ओर जा रहा था तभी पूर्व से घात लगाकर बैठे अज्ञात बाइक सवार झपटमार ने बीच रास्ते में अचानक उनके हांथो के थैली पर हाथ मार झपट्टा देते हुए तेजी से निकल लिया। मामले को लेकर स्थानीय पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। वही पुलिस ने बताया कि स्थानीय तगेपुर गांव के 55 वर्षीय भोला यादव अपने जरूरी कार्य को लेकर बैंक से 50 हजार नकद रुपया निकाल कर अपने घर जा रहे थे, इसी क्रम में मुख्य सड़क मार्ग के सटे भुराहा के निकट बीरजू चूड़ा मिल के समीप पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक आया और हाथ से थैला छीनते हुए फरार हो गया है। वही घटना के बाद पीड़ित ग्रामीण ने बताया कि थैली में पचास हजार रुपया पासबुक और आधार कार्ड रखा हुआ था, साथ ही उन्होंने बताया कि मैंने जमीन खरीदा है, उसी को लेकर पैसा निकाला था। पैसे को जमीन वाले को देने के लिए निकासी कर घर जा रहा था। इस घटना को लेकर पीड़ित ने जगदीशपुर थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात झपटमार के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। घटना को लेकर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वही आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। जिसमें एक बाइक पर सवार दो युवक नजर आ भी रहा है। अब पुलिस युवक की पहचान की कवायद में जुट गई है। इस मामले में जगदीशपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि शीघ्र ही बाइक सवार युवक की पहचान कर मामले का निष्पादन किया जाएगा। वही मौके पर विधि व्यवस्था डीएसपी मंगलेश कुमार सिंह पहुंच कर मामले कि छानबीन कर रहे है।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

मशरक। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार की अध्यक्षता में आशा कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे प्रबंधक अमित कुमार, बीसीएम लव कुश कुमार, बीएमसी कुमुद रंजन , नंदन कुमार सिंह समेत आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।इस दौरान प्रभारी डॉ संजय कुमार ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अभियान को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गयी जो 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जाएगा। उन्होंने सभी आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 10 फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत की जाएंगी सभी अपने अपने पोषक क्षेत्र में कार्य योजना के अनुरूप सभी ग्रामीण लोगों को अपने सामने दवा खिलाएंगी।

संक्षिप्त खबरें

बेरोजगार नौजवानों को स्वालंबी बनाने के लिए उद्योग एवं बैंकों के साथ बैठक संपन्न

कैमूर भभुआ। जिलाधिकारी कैमूर सावन कुमार के अध्यक्षता में उद्योग विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम(पीएमईजीपी) एवं प्रधानमंत्री खाद्य उन्नयन योजना(पीएमएफएमई) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने यह पाया कि पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना अंतर्गत इस जिले की प्रगति अपेक्षाकृत काफी धीमी है। जिला प्रबंधक, उद्योग केंद्र द्वारा बताया गया कि इस योजना को सफल बनाने हेतु बैंकों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है। जिलाधिकारी ने जिले के अग्रणी बैंक प्रबंधक, कैमूर को सभी बैंकों से संबंध में स्थापित कर उक्त योजना अंतर्गत प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया। जिला प्रबंधक, उद्योग केंद्र को जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के साथ सतत समन्वय हेतु निर्देश किया। बैठक में जिला प्रबंधक उद्योग केंद्र, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सभी बैंक शाखों के प्रबंधक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

भोजपुर में नाबालिग से गैंगरेप का मामला गरमाय

भोजपुर। भोजपुर में नौवीं की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में आज परिजनों का गुस्सा फूटा। गुस्साए परिजनों ने सड़क जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की। सड़क जाम के कारण शहर के मुख्य बाजार जेल रोड में आवागमन ठप्प हो गया है। परिजनों ने भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया है कि भोजपुर पुलिस के दबाव से पीड़ित नाबालिक का बयान बदला जा रहा है। पीड़ित को महिला थानाध्यक्ष अंशु कुमारी के द्वारा बयान बदलने के लिए बार टॉर्चर किया जा रहा है, जिससे नाराज परिजनों ने आरा शहर का मुख्य बाजार जाम कर दिया है। परिजनों ने भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बता दें कि बीते 1 फरवरी की रात भोजपुर जिले के गिधा ओपी क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक लड़की के साथ गांव के ही युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक अपराधियों को नहीं पकड़ा गया है। जिसको लेकर आज परिजनों ने सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रही है।

बिजली चोरी में जुमार्ना सहित प्राथमिकी दर्ज

नावानगर (बक्सर) डुमरांव बिजली एसडीओ राकेश कुमार दुबे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बुढाईला गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसके तहत चन्द्रमणि सिंह, पिता रामअवतार सिंह को टोका फसाकर आटा मिल का संचालन करते पकड़ा गया। इसको लेकर एसडीओ बिजली द्वारा उसके विरुद्ध नावानगर थाना में जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करा दी है। इसकी पुष्टि करते हुए एसडीओ ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की बुढाईला गांव में गलत तरीके से बिजली उपयोग करने की सूचना मिली। जिसकी सूचना पर तत्काल जेई बिपिन किशोर, मानव बल संतोष गुप्ता, अवनीश कुमार और राहुल कुमार के साथ छापेमारी की गई छापेमारी में चन्द्रमणि सिंह को टोका फसाकर आटा मिल संचालन करते पकड़ा गया इसको लेकर आटा चक्की संचालक पर 252913 का जुमार्ना लगाया गया है।

अमझोर सर्किल इंस्पेक्टर उदय बहादुर हुए निलंबित

सासाराम (रोहतास) जिला क्षेत्र के अमझोर के सर्किल इंस्पेक्टर उदय बहादुर को रोहतास के शाहाबाद के डीआईजी नवीन चंद्र झा बालू माफिया से साठगांठ के आरोप में निलंबित कर दिया है। बता दे की एक वीडियो क्लिप वायरल हुआ था। जिसमें समझोर के सर्किल इंस्पेक्टर उदय बहादुर किसी बालू कारोबारी से पैसे की लेनदेन से संबंधित बातचीत कर रहे थे। शाहाबाद रेंज के डीआईजी ने इस ऑडियो क्लिप की जांच करवाई।

दिनदहाड़े पीएनबी सीएसपी बैंक से अपराधियों ने 2 लाख 70 हजार लूटा

डेहरी (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र डेहरी के आयरकोटा थाना थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े पंजाब नेशनल बैंक के कस्टमर सर्विस प्वाइंट को लूट फरार हो गए। बताया जाता है कि तीन की संख्या में आए अपराधियों ने सीएसपी सेंटर के अंदर घुसकर 2 लाख 70 हजार रु कैश लूट लिए तथा शटर बंद कर भाग निकले। इस दौरान सीएसपी के संचालक को बंदूक दिखाकर भयभीत कर दिया। सूचना मिलते ही डेहरी के एएसपी शुभांक मिश्रा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा छानबीन शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि अपराधी भोजपुरी की तरह भाग निकले।

नगर निगम से बिना इजाजत लिए कैमरा का किया गया भुगतान

आरा। आरा नगर निगम के सभागार में नगर निगम की महापौर इंदु देवी के अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में नगर आयुक्त निरोज कुमार भगत, उप नगर आयुक्त मनोज कुमार व सिटी मैनेजर ओम प्रकाश सहित कई वार्ड पार्षद मौजूद थे। नगर निगम के सभागार में विकास से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। पिछले बैठक के कार्रवाई की संपुष्टि की गई। मुख्य रूप से नगर आयुक्त के खिलाफ निंदा प्रस्ताव का मामला सदन में हंगामा होता रहा। नगर निगम के तहत शहर में चल रहे सरकारी दुकानों से 20 प्रतिशत बढ़ाने के चर्चा की गई, सभी दुकानदारों का किराया में बढ़ोतरी किया जाएगा। वार्ड 40 के पार्षद राजीव कुमार ने कहा कि सशक्त स्थाई समिति एवं बोर्ड को ताखपर रखकर अनियमिता करते हुए नगर आयुक्त ने एक बार ढाई करोड़ और एक बार डेढ़ करोड़ रुपए का भुगतान बिना बोर्ड के अनुमति लिए भुगतान कर दिया गया है, जबकि वर्ष 2016 में हाई कोर्ट के आदेश के बाद नगर आवास विभाग के सचिव अमृतलाल मीणा ने सभी नगर निकायों को पत्राचार किया था, की बिना बोर्ड के अनुमति के कोई भी अधिकारी भुगतान नहीं करेंगे।

बिना पोल व लाइट का लगाया गया कैमरा: कैमरा को लेकर सदन में मामला उठाया गया। आरा शहर में सूची के अनुसार कैमरा लगाना था, जिसमें पोल एवं लाइट के साथ कैमरा लगाना था, बिना लाइट एवं पोल के बदले बिजली के खंभों व अन्य खम्भो के सहारे सीसीटीवी कैमरा नगर आयुक्त के द्वारा लगा दिया गया है।

– वार्ड पार्षद राजीव कुमार

बिना बोर्ड के अनुमति लिए कैमरा का भुगतान हुआ कैसे: आरा नगर आयुक्त को 60 लाख तक ही भुगतान करने का अधिकार है, जबकि 60 लाख से 1 करोड़ तक का कोई भुगतान करना है, तो सशक्त स्थाई समिति से अनुमोदन लेना होता है, उसके ऊपर भुगतान के लिए बोर्ड से अनुमति लेनी होती है, लेकिन नगर आयुक्त के द्वारा सीसीटीवी कैमरा का भुगतान बिना किसी बोर्ड के अनुमति के बिना भुगतान किया गया है।

-वार्ड पार्षद गायत्री देवी

कई वर्षो से एक ही पद पर है बिराजमान निगम कर्मी: नगर निगम में किसी भी कर्मचारी ग्रुप सी व ग्रुप डी का स्थानांतरण का अधिकार सशक्त स्थाई समिति को है, जबकि नगर आयुक्त बार-बार कहते हैं कि यह अधिकार नगर आयुक्त को है, यह अधिकार किसका है या अभी तक मालूम नहीं चल पाया है। कहा कि नगर निगम के कर्मचारी कई वर्षो से एक ही पद पर है, जिस कारण शहर के विकास में बाधा बन रही है। आम नागरिक महापौर को आवेदन देता है तो यहां के कर्मचारी नगर आयुक्त के मनमानी के कारण कार्य नहीं करते हैं।

वार्ड पार्षद अंकित कुमार वर्मा

निगम में बनाई जायेगी वंशावली: वार्ड पार्षद जितेंद्र कुमार ने कहा कि पारिवारिक सूची वंशावली नगर निगम के माध्यम से बनाने की मांग की इसके लिए नगर आयुक्त ने नगर आवास विभाग पटना को पत्राचार किया जाएगा। सम्राट सक्सेना ने कहा कि पूर्व की जितने भी रद्द योजना को पुनः निविदा किया जाए। फैज अहमद ने कहा कि ई-रिक्शा खरीदने पर विचार किया जाए।

मुआवजा को लेकर किसानों ने शनिवार को अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा

प्रात : किरण संवाददाता

चांद। प्रखंड में कम मुआवजा को लेकर पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कैम्प स्थल मसोई में काम का विरोध कर रहे किसानों ने 33 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। धरना पर बैठे दर्जनों किसानों ने 6 फरवरी को कंपनी को बोरिया बिस्तर समेटकर चले जाने का अल्टिमेटम दे दिया। प्रखंड में होते हुए चैनपुर भभुआ भगवान पुर एवं रामपुर प्रखंड से गुजर रही है भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे निर्माण में सैकड़ों किसानों की हजारों बिगहा भूमि अधिग्रहण की जा रही है। भूमि अधिग्रहण करते समय भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं भू अर्जन पदाधिकारी के द्वारा बहुत सारी गड़बड़ी की गई है। भूमि अधिग्रहण में 2013 सर्किल रेट पर मुआवजा किसानों को दिया जा रहा है। इसी को लेकर किसान लगातार आंदोलन कर रहे। पिछले 2 जनवरी से किसान कैम्प स्थल मसोई में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। शनिवार को अनिश्चितकालीन धरना में श्याम सुन्दर सिंह अवधेश सिंह राजू सिंह अमित कुमार रंजन अरूण पटेल सचिदानंद सिंह उदय नाथ सिंह कृपा नारायण सिंह रामदहिन कुशवाहा पप्पू चौबे सुनील कुमार जायसवाल अशोक सिंह पटेल आदि दर्जनों किसान शामिल हुए।

वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट विकसित भारत की है नई आगाज : डॉ. मनीष

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते ही एनडीए कार्यकताओं सहित देश के लोगों में खुशी दिखी। वहीं इस अंतरिम बजट को लेकर भाजपा प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ महामंत्री अर्थशास्त्री डॉ० मनीष रंजन ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसके संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह पेश बजट देशहित में शानदार बजट है। जिसको देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बजट पेश कर देश के विकासहित नया सौगात देने का कार्य किया है। जिस बजट में विकसित भारत को समर्पित बताया गया है। साथ ही भारत सरकार के इस बजट में गरीबों को पक्का मकान देने की घोषणा की गई है, जो प्रधानमंत्री के नेतृव में देशहित सराहनीय कदम है। यह बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों के साथ मध्यम वर्गीय परिवार के उत्थान में काफी मददगार साबित होगा। इसके साथ ही बिहार विधानसभा में बहुमत साबित के बाद बिहार का बजट एनडीए की डबल इंजन की सरकार को विकास कार्य की मजबूती प्रदान करेगी।

बेखौफ चोरों ने गैस कटर से एटीएम ही काट दिया, फिर लाखों रुपये लेकर फरार हो गए

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा-सासाराम पथ पर गड़हनी मोड़ स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम बूथ को गुरुवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने निशाना बनाया। अपराधियों ने गैस कटकर मशीन से एटीएम को काटकर छह लाख 90 हजार रुपये नकद चुरा लिए। इस दौरान इमरजेंसी अलार्म सिस्टम से भी पुलिस को सूचना नहीं मिली। किसी को इसकी भनक भी नहीं लगी।

स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस एटीएम में लगे CCTV कैमरे में कैद वीडियो के जरिए पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी में जुट गई है। इस मामले में कैश लोड करने वाली एजेंसी के अधिकारी सिद्धार्थ ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। ATM में दो दिन पहले 11 लाख रूपए लोड किए गए थे। करीब चार लाख की निकासी हुई थी।

वहीं एसपी प्रमोद कुमार के अनुसार सभी एटीएम में इमरजेंसी अलार्म सिस्टम होता है। बावजूद एटीएम सुरक्षा कंट्रोल रूम से कोई सूचना संबंधित थाना या जिला को नहीं दी गई। ग्रामीण इलाके में इनकी कोई सेफ्टी व्यवस्था नहीं है जो की आरबीआई के दिशानिर्देश के विपरित है। इसके लिए पुलिस इंश्योरेंस कंपनी और उच्चाधिकार को लिख रही है।

एसपी के अनुसार पूर्व में भी आरा पुरानी पुलिस लाइन स्थित एचडीएफसी बैंक के एसटीएम बूथ में छेड़छाड़ कर चोरी करने का प्रयास किया गया था। घटना की सूचना रात में ही तत्काल मिली थी और घटना को विफल कर दिया गया था। लेकिन, यहां पर किसी तरह की सूचना नहीं दी गई।

वहीं इस मामले में रढ प्रमोद कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात सदर अनुमंडल अंतर्गत गड़हनी थाना क्षेत्र के आरा-पीरो मार्ग पर स्थित SBI ATM को चोरों द्वारा काट लिया गया। बैंक की सूचना के अनुसार छह लाख 90 हजार रुपए ATM में थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस CCTV फुटेज के आधार पर चोरों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर दिया गया है। जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी की जाएगी।

लालकृष्ण आडवाणी को भारतरत्न देने के निर्णय पर अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने खुशी जाहिर की

प्रात : किरण संवाददाता

आरा :वरीय भाजपा नेता, पूर्व उपप्रधानमंत्री, पूर्व गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारतरत्न देने के निर्णय पर खुशी जाहिर करते हुए पूर्व कृषि मंत्री सह स्थानीय आरा विधायक

अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं। भारत के विकास में आडवाणी जी का अहम योगदान है।वे वर्तमान भारतीय राजनीति के युगपुरुष और लौह पुरुष हैं। भाजपा को आगे बढ़ाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है।वे हमारे राजनैतिक गुरु है। आज हम अपने आप को धन्य मानता हूं और सुखद पल है कि आडवाणी जी को भारतरत्न दिया जा रहा है। भारतीय राजनीति में उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। इस बार जिन दोनों महानुभावों जननायक कपूरी ठाकुर जी और लालकृष्ण आडवाणी जी को भारतरत्न देने के निर्णय को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को कोटि कोटि धन्यवाद जिन्होंने इनको सम्मान देकर मान-सम्मान बढ़ाया है।

भारतरत्न मिलने पर श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। बधाई देने वालों में नगर अध्यक्ष जीतु चौरसिया, ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह, सुशील कुमार मिश्र, मुन्ना सिंह, हैप्पी तिवारी, डॉ संजय सिंह रितेश वर्मा, अजय सिंह, सुगम सहाय, चन्दन विश्वकर्मा, प्रियांशु दीवान, राकेश भाटिया आदि प्रमुख हैं।

थानाध्यक्ष को सम्मानित करते हुए दी गई भावभीनी विदाई

नोखा (रोहतास) स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थानाध्यक्ष का विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस अवसरपर स्थानांतरित हुए थानाध्यक्ष उमेश कुमार को जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न थानों के पदाधिकारियों ने उन्हें फूल-माला पहनाते हुए उन्हें मोमेंटो, अंगवस्त्र, बुके, अटैची सहित अन्य वस्तुओं से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। मौके पर उपस्थित प्रखंड व नगर परिषद क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों ने थानाध्यक्ष उमेश के कुशल नेतृत्व की चर्चा करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि वह एक कुशल प्रशासक के रूप में अपने कार्यकाल में जनहित में निष्पक्ष न्याय दिलाने का सराहनीय कार्य किया।

दूसरी तरफ इस मौके पर थानाध्यक्ष ने बताया हमारे कार्यकाल में प्रखंड क्षेत्र व नगर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीण जनता का सराहनीय योगदान रहा। जिनकी प्यार से भरी यादों को हमेशा अपने दिल में रखूंगा। दूसरी तरफ समारोह अवसर पर पत्रकारों ने भी उनके प्रशासनिक कार्यकाल की भूरी-भूरी प्रशंसा किया। मौके पर नगर परिषद सभापति राधेश्याम सिंह, उपसभापति धनजी सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष दयानंद सिंह, जदयू नेता माखन चौधरी, वार्ड पार्षद सुनीता गुप्ता, संजय यादव, गोरख कुमार चंद्रवंशी सहित समस्त पंचायत जनप्रतिनिधि व ग्रामीण लोग उपस्थित थें।

जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने प्रेस वार्ता कर बजट केन्द्र सरकार के विकास कार्यो को बताया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने आरा परिसदन मे प्रेस वार्ता कर अंतरिम बजट के महत्वपूर्ण तथ्यो के साथ केन्द्र सरकार के विकास कार्यो की विस्तृत चर्चा की।

सांसद सिग्रीवाल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दिशा निर्देश से वितमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद पटल पर अंतरिम बजट को रखी। यह बजट मोदी जी के दस वर्षो के विकास कार्यो का परिणाम है। यह बजट प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करनेवाला है।प्रधानमंत्री जी ने किसानों, गरीबो, महिलाओं, युवायो का विकास कर विकसित दैश के लक्ष्य को पूरा करना चाहते है।केन्द्र सरकार की सारी योजनाएँ गरीब कल्याण और महिलाओं, युवायो, किसानो के लिए है।दस सालो मे ऐसा काम हुआ है, जिसे लोगो ने कभी सोचा भी नही था।पहले गरीबी हटाओ के नारे लगते थे, लेकिन गरीबी के जगह गरीब ही हट जाते थे।आज केन्द्र सरकार की गरीब कल्याण योजनाओ मे कोरोना काल मे मुफ्त वैक्सीन, सभी को पाँच किलो का मुफ्त अनाज, सभी गरीबो के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना से घर, सभी के लिए आयुष्मान योजना के तहत पाँच लाख तक का मुफ्त ईलाज के साथ 25 करोड़ परिवारों को गरीबी रेखा से हटा कर एपीएल मे रखा गया।सबकी आमदनी बढी।महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर और चुल्हा वितरण कर उन्हे धुआं रहित और स्वास्थ्यवर्धक बनाया।इस बजट मे महिलाओं की आमदनी बढाने के लिए लाखपति दीदी की संख्या बढाने का लक्ष्य रखा गया है।जीविका और आशा दीदीओ को भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।जीविका दीदी द्रोण उड़ाकर आमदनी बढाने के साथ खेती मे बढोतरी करेगी।नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद मे पास कर केन्द्र सरकार ने नारी सशक्तिकरण को मजबुत किमा है।अब राजनीतिक क्षेत्र मे भी महिलाओं की अधिक भागीदारी रहेगी। युवाओ के लिए मोदी सरकार ने रोजगार और आत्मनिर्भर बनने के लिए स्किल डेवलपमेंट और स्टार्टअप इंडिया योजना को धरातल पर उतारा है, जिससे देश के युवा विभिन्न क्षेत्रो मे विशेषज्ञ बन रहै है और देश को आत्मनिर्भर बनाने मे अपना योगदान देंगे। उन्होने कहा कि आज देश बहुत तेजी से विकास कर रहा है।हम आज रक्षा क्षेत्र मे भी आत्मनिर्भर बन गए है।आज विश्व के सभी देश भारत के सामने नतमस्तक हो रहे है। प्रधानमंत्री जी के कर कमलो से अयोध्या मे रामलला विरजमान हुए और देश राममय बना। आज हम आयातक ही नही निर्यातक देश बन गए है।अभी हम विश्व के पाँचवी अर्थव्यवस्था है और अगले 2024 काल मे तीसरी अर्थव्यवस्था वाले देश बन जाएँगे।हम विकसित भारत की ओर अग्रसर है।

वहीं विधानपार्षद निवेदिता सिंह ने कही कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को केन्द्र सरकार ने पारित कर देश के आधी आबादी को सशक्त बनाने का कार्य की है।इस सरकार ने महिलाओं के लिए ऐसा कार्य किए हे, जो अभी तक किसी सरकार ने सपने मे भी मे नही सोंचा था। आज देश की महिलाएँ अपने आप को गर्वान्वित महसुस कर रही है और सभी क्षेत्रों मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दे कर देश को विकसित बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, मिथिलेश कुशवाहा, मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह, हरेन्द्र पांडैय आदि थे।

प्रशिक्षण के उपरांत तकनीक व कौशल बच्चों के काम आये : वी.आनंद कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। स्थानीय बी.एस.डीएवी. प.स्कूल, मिल रोड में कल से आरंभ दो दिवसीय शिक्षण संवर्धन कार्यशाला आज संपन्न हुई। डीएवी सी.ए.ई.दिल्ली के मार्गदर्शन में डीएवी.प.स्कूल्स बिहार प्रक्षेत्र के कुल आठ विद्यालयों के लगभग साढे तीन सौ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आयोजित प्रशिक्षण कार्य में हिस्सा लिया। विदित हो कि डीएवी अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए सी.बी.एस.ई.के मानकों के अनुरूप वर्ष में दो बार इस तरह का आयोजन करता है। आयोजित कार्यशाला में एलिमेंट्री एजुकेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम(ई.ई.डी.पी.) के तहत नर्सरी और कक्षा एक-दो की शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण विशेष रहा। खेल गतिविधि आधारित शिक्षण शैली को केंद्र में रखकर दिए जा रहे इस प्रशिक्षण में सबकी तल्लीनता बनी रही। दूसरी ओर कला, मानवीकी, विज्ञान, समाज विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर आदि के प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों द्वारा 'कर के सीखने' और 'कबाड़ से जुगाड़' थीम पर गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। सभी विषयों-संभागों में ऑडियो-वीडियो और नवीन तकनीकों का प्रयोग भी उत्सुकता से सीखा-सिखाया गया। आयोजित क्षमता संवर्धन कार्यशाला के समापन समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय पदाधिकारी वी.आनंद कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को नवाचार से लैस होकर कक्षाओं में आधुनिक परिवर्तन लाने का आह्वान किया।

शिक्षण शैली को तकनीक व कौशल युक्त बनाकर शिक्षण प्रविधि को समृद्ध करने की अपील की सभी प्रशिक्षकों को शॉल और पुस्तक देकर सम्मानित करते हुए मेजबान प्राचार्या नीशू जायसवाल ने शुभकामनाएँ दी। कार्यशाला सफल रही।

एमडीजे स्कूल निदेशक डॉ. जीडी सिंह की मनी 11वीं पुण्यतिथि

प्रात : किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) प्रखंड क्षेत्र के एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला अमरपुरी सोनवर्षा में विद्यालय के पूर्व निदेशक स्व० डॉ० जीडी सिंह की 11वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक डॉ नंदकुमार सिंह के द्वारा उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा गायत्री मंत्र गाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा क्रमबद्ध रूप से उन्हें श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए गए। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ० नंद कुमार सिंह ने बताया की डॉक्टर जीडी सिंह शिक्षा जगत के महान पुरोधा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन शिक्षा को समर्पित कर दिया।उन्होंने अपने जीवन काल में सभी गरीब एवं असहाय बच्चों को पढ़ने लिखने में काफी मदद की और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का काम किया। वे दूरसंचार मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक के पद को भी सुशोभित करने का काम किया था। उनकी द्वारा लिखी पुस्तक राजभाषा हिंदी और माटी की सुगंध हम सबों को आज भी प्रेरित करती है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षक मुन्ना कुमार ने किया। मौके पर प्राचार्य एके घोष समेत विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

गांव चलो अभियान कार्यशाला का भाजपा ने किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) बीजेपी काराकाट मंडल द्वारा शनिवार को जयश्री व गोडारी में गांव चलो अभियान की सफलता के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जयश्री में मंडल अध्यक्ष ललित मोहन सिंह व गोडारी में भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद पासवान ने किया । कार्यक्रम की शुरूआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर की गई । कार्यशाला को संबोधित करते हुए ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नवीनचंद शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता हर घरों तक केंद्र सरकार के कार्यो व योजनाओं को जाकर प्रचारित प्रसारित करें। गोडारी कार्यशाला में विशेष रूप से बूथ प्रभारियों को बूथ कमिटी बनाने, व्हाट्सएप ग्रुप, सरल एप से जोड़ने का काम करने का आग्रह किया गया। तथा छोटी-छोटी बैठकें कर कर्यकताओं को अपना बहुमूल्य 50 दिन पार्टी कार्यो के लिए देने के लिए प्रेरित किया गया। वही 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प के साथ पंचायत स्तर पर हर गांव का विकास कैसे हो इस पर विशेष रूप से जोर दिया गया। साथ ही गांव के विभिन्न संगठनों, वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों से मिल कर काम करने को कहा गया। कार्यशाला में पंकज पांडेय, श्रीकांत गिरी, बिनोद सिंह, विंध्याचल सिंह, अलिल राय, लोकेश किशोर पांडेय, ओम प्रकाश सिंह, ददन पांडेय, आनंदी साह शामिल थे।

भाजपा का गांव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन

राजपुर (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का गांव चलो अभियान को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला राजपुर पंचायत के मुखिया रंजु देवी के आवास स्थित संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से सासाराम के जिला महामंत्री सह गांव चलो अभियान रोहतास जिला प्रभारी विजय सिंह उपस्थित रहे साथ में राजपुर मंडल प्रभारी उमाशंकर प्रसाद उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपुर प्रखंड अध्यक्ष दीपक गुप्ता एवम संचालन महामंत्री लक्ष्मण पाठक ने किया। बैठक के संबोधन में जिला महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि गांव चलो अभियान की कार्यशाला में विशेष रूप से बूथों पर प्रवासी जो बनेंगे उनके लिए जो कार्यकारणी कार्य है।

अपराधियों ने घर में घुस फायरिंग करते हुए मांगी रंगदारी

काराकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र के दहीयाड़ी गांव में शुक्रवार की रात घर मे घूंसकर मारपीट कर एक लाख रंगदारी मांगने तथा हवाई फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। दहीयाड़ी गांव निवासी वीरेंद्र शर्मा पिता स्व. हरिशरण शर्मा ने गांव के ही दो लोगों को उक्त मामले में आरोपी बनाया है । दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे दहीयाड़ी गांव निवासी हरेंद्र महतो उर्फ डब्लू तथा अन्टू मेरे घर में घुसकर पहले परिजनों से मारपीट किया उसके बाद घर में लूटपाट किया गया है । इसके बाद एक लाख रुपए रंगदारी भी मंगा गया । घर से निकलते हवाई फायरिंग कर दोनों फरार हो गये । जिसकी सूचना काराकाट पुलिस को दिया गया है । घटना स्थल पर पुलिस पहुंच जांच पड़ताल किया। प्रभारी थानाध्यक्ष रवि भूषण कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

एमडीआरटी USA क्लब की सदस्यता प्राप्त किये एलआईस अभिकर्ता देव मुनि सिंह

कैमूर जिले के दुर्गावती प्रखंड के रोहुआ (मरहिया) गांव निवासी भारतीय जीवन बीमा निगम सासाराम कार्यालय के अभिकर्ता देव मुनि सिंह ने 2024 में एमडीआरटी USA क्लब की सदस्य प्राप्त किया । इसकी सूचना मिलते ही उन्हें बधाई देने वालों का ताता लग गया। बताते चलें कि देव मुनि सिंह काफी दिनों से भारतीय जीवन बीमा निगम में अभिकर्ता के पद पर कार्य कर रहे थे। अपने उत्कृष्ट कार्य की बदौलत एमडीआरटी वरअ क्लब की सदस्य प्राप्त किए। एमडीआरटी क्लब अमेरिका का एक संगठन है जो वैश्विक स्तर पर भारतीय जीवन बीमा के क्षेत्र में काम करता है दुर्गावती प्रखंड क्षेत्र के देव मुनि सिंह पहले व्यक्ति हैं जिन्हें एमडीआरटी क्लब की सदस्यता प्राप्त हुई है। वही इस संबंध में देव मुनि सिंह ने बताया कि क्षेत्र के लोगों का अपार सहयोग की वजह से आज मैं इस मुकाम तक पहुंचा हूं इसके लिए मैं क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। वहीं उन्होंने कहा कि आगे और भी बेहतर कार्य करने के लिए लगातार प्रयास करता रहूंगा।

काराकाट पुलिस ने वसूला जुर्माना

काराकाट(रोहतास) शनिवार को 120 नेशनल हाईवे बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर काराकाट पुलिस ने वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया ।

जानकारी देते हुए प्रभारी काराकाट थानाध्यक्ष रवि भूषण कुमार ने बताया कि बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरावरपुर पुल के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस के द्वारा जुमार्ना के रूप में कुल 10 वाहनों से 10 हजार रुपये वसूल कर वाहनों को मुक्त कर दिया गया । श्री कुमार ने कहा कि वाहन जांच में पुलिस अधिकारियों के द्वारा गाड़ी का ऑनर- बुक , ड्राइविंग लाइसेंस , जूता , हेलमेट , डिक्की सहित अन्य बिंदुओं पर बारीकी से जांच किया गया । उन्होंने बताया कि वाहन जांच स्थल पर पुलिस अधिकारियों के द्वारा वाहन चालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि अगली बार से दुबारा बिना हेलमेट लगाए वाहन को चलाने के क्रम में पकड़ा गया तो उसके विरुद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

संक्षिप्त खबरें

दो अभियुक्त दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट में नाबालिग लड़की से छेड़खानी और मारपीट के मामले में दो अभियुक्त को दोषी ठहराया गया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि आज निर्णय पर अभियुक्त विशाल कुमार और कुंदन कुमार सुन्दर गंज रिसियप को भादवि धारा और पोक्सो एक्ट की धारा में दोषी पाते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है और सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए तिथि 05 फरवरी 2024 निर्धारित किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी, पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि अभियुक्तों ने मिलकर 11 जनवरी 2022 को पीड़िता के घर में घुसकर मारपीट करते हुए छेड़खानी की थी उस समय पीड़िता अकेली थी, पीड़िता ने शोर मचाया तो अभियुक्तगण भाग गए थे।

प्रोफेसर सूर्यदेव सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के महाराणा प्रताप चौक के समीप अवस्थित सिद्ध पीठ पर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद एवं समकालीन जवाबदेही परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के दिवंगत प्रोफेसर डॉ सुर्यदेव सिंह के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया पूर्व प्राचार्य डॉ चंद्रशेखर पांडेय के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखा एवं मृतक की आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,प्रो शिवपूजन सिंह,प्रो रामाधार सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष धनंजय जयपुरी,शिव शिष्य पुरुषोत्तम पाठक,राम सुरेश सिंह, पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह,मुरलीधर पांडेय ने अश्रुपूरित स्नेही से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे एक कर्तव्यनिष्ठ एवं विद्यार्थियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय शिक्षक के रूप में जाने जाते थे।

पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च किया

गया। रेल पुलिस, आरपीएफ,जिला पुलिस की टीम ने छात्रों के आंदोलन की आशंका को देखते हुए फ्लैग मार्च किया गया। इसका नेतृत्व रेल इंस्पेक्टर अजय प्रकाश ने किया, फ्लैग मार्च गया रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफॉर्म से लेकर सात नंबर तक,लोको कॉलनी, इंस्पेक्टर कॉलनी,बाटा मोड़, अनुमंडल अस्पताल,कयी स्थानो पर किया गया है। आंदोलन की आशंका को देखते हुए जगह जगह पर आरपीएफ एवं रेल पुलिस की तैनाती भी की गई है। जिससे कोई अप्रिय घटना ना हो इस मार्च में इंस्पेक्टर अजय प्रकाश, रेल इंस्पेक्टर सुशील कुमार, सब इंस्पेक्टर जावेद इकबाल, रेल थानाध्यक्ष दीप नारायण प्रसाद ने लोगों को जागरूक किए।

नौ पुलिस अधिकारियों की हुई पिपिंग बैच लगाया गया

गया। गया के एसएसपी कार्यालय में प्रमोशन पाने वाले अधिकारियों का पिपिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ इस अधिकारियों में दो प्रशिक्षु डीएसपी और सात इंस्पेक्टर से डीएसपी में प्रमोशन पाने वाले हैं। एसएसपी आशीष भारती ने प्रमोशन पाने वाले अधिकारियों को उनके उज्वल भविष्य की कामना और बधाई दी है।

उच्च न्यायालय ने याचिका को किया खारिज

गया। डुमरिया में प्रमुख और उप प्रमुख के अविश्वास प्रस्ताव के मामले को राजनीतिक उठापटक जारी है,प्रमुख और उप प्रमुख द्वारा हाईकोर्ट में दायर किया गया सीडब्लूजेसी के निर्देश के अनुसार 24 जनवरी को पंचायत समिति के सदस्य के अविश्वास प्रस्ताव बैठक को स्थगित कर दिया गया था,लेकिन 27 जनवरी को उच्च न्यायालय पटना के द्वारा पारित किया गया आदेश के अनुसार उक्त याचिका को खारिज कर दिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजू कुमार ने बताया की न्यायालय के निर्देशानुसार पंचायती राज्य अधिनियम की धारा 44 के तहत जिला पदाधिकारी के द्वारा पंचायत समिति सदस्य की बैठक की तिथि 9 फरवरी को निर्धारित कर दिया है।

महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अभियान का हुआ शुभारंभ

गया। लोकप्रिय समता पार्टी का जनसंपर्क अभियान सह संकल्प यात्रा का आज से विधिवद शुभारंभ हो गया है। सर्वप्रथम शहर के टावर चौक स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर गाजे-बाजे के साथ अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह संकल्प यात्रा प्रथम फेज में मगध प्रमंडल के पांचों जिलों में चलेगी। जिसका मुख्य उद्देश्य पसमांदा समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी दिलाना है।अभियान को लेकर सैकड़ों की संख्या में वाहनों पर सवार होकर कार्यकर्ता रवाना हुए हैं। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय सगठन प्रभारी सह प्रदेश अध्यक्ष दीरु शर्मा ने कहा कि हमारी पार्टी पसमंदों को एकजुट करने के लिए निकली है।

किशोरों को विधिक अधिकार दिलाने के लिए प्राधिकार है तत्पर : सचिव

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली निर्देशा नुसार जेलो में विधि विवादित किशोरो की पहचान करने और कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय अभियान के तहत मण्डल कारा, औरंगाबाद में पैनल अधिवक्ता की टीम द्वारा मण्डल कारा में जाकर डाटा एकत्रित किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा मण्डल कारा, औरंगाबाद में स्वयं जाकर पैनल अधिवक्ताओं द्वारा विधि विवादित किशोरो की पहचान के लिए तैयार किये गये डाटा के आलोक में स्वयं मण्डल कारा में जाकर इसका पर्यवेक्षण किया गया। इस अवसर पर काराधीक्षक सुजीत कुमार झा उपस्थित रहें। सचिव द्वारा विधि विवादित किशोरो की पहचान करने तथा उनसे सम्बन्धित उम्र के सत्यापन हेतु काराधीक्षक को निदेशीत किया कि जिन विधि विवादित किशोरो की प्रथम स्तर पर पहचान करते हुए डाटा तैयार की गयी है, उनसे सम्बन्धित उम्र के सत्यापन के लिए उनके माता-पिता या अभिभावक से सम्पर्क स्थापित करते हुए कागजी दस्तावेज की मांग तत्काल की जाए जिससे कि उनके दावे को कानूनी स्तर से सहायता पहुँचाने में कारगर सिद्ध हो सके। विदित है कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्षानुसार 26 जनवरी गणतत्र दिवस के अवसर पर जेलों में बंद विधि विवादित किशोरो की पहचान करने और उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु अखिल भारतीय अभियान शुरू किया गया है इसी कड़ी में अबतक किये गये कार्यो का मूल्यांकन के अन्तर्गत पर्यवेक्षण का कार्य किया गया। सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि विधि विवादित किशोरो के पहचान तत्पश्चात उनसे प्राप्त दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर उनसे सम्बन्धित डाटा तैयार कर अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु न्यायालय में प्रेषित की जायेगी।

इस अवसर पर काराधीक्षक सुजीत कुमार झा द्वारा सचिव को बताया गया कि प्रारम्भिक तौर पर किशोर प्रतीत होने वाले की पहचान करने के उपरान्त उनसे सम्बन्धित कुछ दस्तावेजों को इकत्र की गयी है, और मण्डल कारा द्वारा उनके परिजन से दूरभाषिक सम्पर्क कर दस्तावेज सर्मिपत करने के लिए कहा गया है जो एक-दो दिनों में प्राप्त होने की संभावना है।

जे.पी.मेमोरियल स्कूल में मनाया गया 25 वां वर्षगांठ

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी शहर के गोला बाजार स्थित जे.पी.चौक स्थित जेपी मेमोरियल स्कूल का शनिवार को 25 वां वर्षगांठ समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक नवीन कुमार मिश्रा,प्राचार्य चंदन कुमार मिश्रा, कौशलेंद्र कुमार, प्रदीप भारद्वाज, हारून रशीद, इमरान अली एवं शशिकांत शर्मा ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया।

इस मौके पर निदेशक नवीन कुमार मिश्रा ने 25 साल तक स्कूल के संचालन का अनुभव के बारे में बताया उन्होंने कहा कि काफी मेहनत एवं परिश्रम के बाद आज विद्यालय इस मुकाम तक पहुंचा है। इसमें शिक्षकों छात्रों एवं शहर अन्य लोगो का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है।

प्रधानाध्यापक चंदन कुमार मिश्रा ने बताया कि विधालय के संचालन में काफी कड़ी मस्कत के साथ 25 वर्ष पूरा किया है आज खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि इस मौके पर स्कूली छात्र छात्राओं ने संस्कृति कार्यक्रम करते हुए अतिथियों के मन को मोह लिया इस दौरान मौजूद पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रोशन कुमार, हृदय मिश्रा, इम्तियाज अहमद, तलत प्रवीण, लता कुमारी,आशिया परवीन,मोहित कुमार,टुनटुन कुमार आदि लोगों ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

उक्त कार्यक्रम में सुप्रिया कुमारी, अनामिका कुमारी, रितिका कुमारी,श्रेया कुमारी,अंशू कुमारी आदि छात्राओ ने भाग लिया।

26 पदों पर 58 अभ्यर्थी, चुनाव प्रचार चरम पर

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के कार्यसमिति के चुनाव में अब दस दिन शेष हैं पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर पूर्व के पुस्तकालय अध्यक्ष चंद्रकांता कुमारी इस बार निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुई है। निवार्चन समिति के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद सिंह, सहायक निवार्चन पदाधिकारी कामता प्रसाद सिंह,अवध किशोर पांडे, सरोज रंजन सिन्हा और अभय कुमार ने 26 पदों पर 58 अभ्यर्थियों के क्रमांक घोषित किया। अध्यक्ष एकल पद पर अशोक कुमार सिंह, परशुराम सिंह, रामप्रवेश ठाकुर और विजय कुमार पाण्डेय अभ्यर्थी है। महासचिव एकल पद पर अखिलेश कुमार, अमरेन्द्र नारायण सिंह, जगनरायण सिंह, नागेंद्र सिंह, नवीन कुमार, राजीव रंजन सिंह, सतीश कुमार सिंह अभ्यार्थी है। कोषाध्यक्ष एकल पद पर अजय कुमार, गिरिजेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, सुजीत कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह अभ्यार्थी है। वरिष्ठ सदस्य के पांच सदस्यीय पद पर मो अकमल हसन, अम्बुज कुमार सिन्हा, मिथलेश कुमार , मनोज कुमार सिंह,महेश प्रसाद सिंह, यमुना प्रसाद सिंह,विनय कुमार मिश्रा अभ्यार्थी है। उपाध्यक्ष तीन सदस्यीय पद पर अमित कुमार, ओंकार कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, उदय कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिंह, सुर्दशन यादव, क्षितिज रंजन अभ्यार्थी है। संयुक्त सचिव तीन सदस्यीय पद पर अनिल कुमार सिंह, काली प्रसाद, दिलीप कुमार सिंह, देवी नंदन सिंह, धिरेंद्र कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, रामपरिखा सिंह, शम्भु नाथ मिश्रा, सियाराम पांडेय अभ्यार्थी है। सहायक सचिव तीन सदस्यीय पद पर अनिल कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, सतीश कुमार स्नेही,संत सिंह, श्याम नंदन तिवारी अभ्यार्थी है। अंकेक्षक एकल पद पर अनिल कुमार सिन्हा और राजेश कुमार सिंह अभ्यार्थी है। निगरानी सदस्य एकल पद पर अनिल आशुतोष, अभय कुमार सिंह, हरेंद्र कुमार अभ्यार्थी है कार्यसमिति सदस्य सात सदस्यीय पद पर इम्तेयाज अंसारी, घनश्याम ठाकुर, नीरज कुमार सिंह, योगेश कुमार मिश्रा,विनय कुमार द्विवेदी, साकेत कुमार,सुरेश प्रसाद, संजय कुमार, शशि- भूषण कुमार अभ्यार्थी है। आपको मालूम कि जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के कार्यसमिति का चुनाव 13 फरवरी को होगा और मतगणना 14 फरवरी से परिणाम आने तक जारी रहेगा।

आंख जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी औरंगाबाद के द्वारा पंचदेव मंदिर के प्रांगण में आंख जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने अपना आंख जांच कर कर दवा लिया परिवहन विभाग द्वारा लगातार चलाए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत अलग-अलग स्कूलों के चालकों का और अन्य लोगों का आंख का जांच कराया गया। इसकी शुरूआत भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, मोटर यान निरीक्षक सुजीता कुमारी, उपाध्यक्ष मरगूब आलम, राज्य प्रतिनिधि अजीत सिंह, सचिव दीपक कुमार सहित अन्य लोगों ने दीप जलाकर किया। स्वास्थ्य जांच शिविर में आए हुए लोगों का शुगर टेस्ट, बीपी जांच के साथ-साथ अन्य भी जांच हो रहे थे। स्वास्थ्य जांच में सैकड़ो लोगों ने अपना स्वास्थ्य के जांच कराया और आंख का जांच कराया और लोगों को दवा उपलब्ध कराया गया। आंख जांच कार्य में दृष्टि आई केयर के और से काफी सहयोग हुआ। साथी सदर अस्पताल औरंगाबाद से भी इस कार्य में लोग सहयोग में लगे हुए थे। सैकड़ो लोगों ने इस अवसर पर अपना जांच कराया और दवा लिया साथ ही सभी मरीज को एक फल का वृक्ष भी प्रदान किया गया। सचिव दीपक कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आंख जांच का कार्यक्रम किया गया, जिसमें परिवहन विभाग के द्वारा अलग-अलग स्कूल के वाहन चालकों का आंख जांच कराया गया और स्वास्थ्य जांच भी कराया गया। साथ ही शहर के जरूरतमंद लोगों का भी इलाज किया गया। रेड क्रॉस का काम है पीड़ित मानवता की सेवा करना और जरूरतमंदों के लिए तत्परता के साथ कार्य करना अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले समय में अलग-अलग स्थान पर भी स्वास्थ्य कैंप लगाए जाएंगे और जागरूकता का कार्य किया जाएगा।

जिस्म अलग-अलग प्रखंडों में किया जाने से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा और पीड़ित परिवारों का कमजोर वर्ग के लोगों का काफी सहायता होगा। इस अवसर पर प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार सिंह, सिकंदर हयात, भाजपा नगर अध्यक्ष पिंटू सिंह, पेट्रोन मेंबर उज्जवल कुमार सिंह, परिवहन विभाग से सुमन कुमार सिंह, प्रधान सहायक संजय कुमार, राजीव रंजन कुमार, डॉक्टर सचिन किशोर, रेड क्रॉस के अकाउंटेंट विकास रिशु कुमार, महमूद आलम आदि उपस्थित रहे।

उत्पाद विभाग एवं खनन विभाग के सुरक्षा संबंधित समीक्षात्मक बैठक

अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल वर्षा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर की संयुक्त अध्यक्षता में उत्पाद विभाग एवं खनन विभाग के द्वारा की जाने वाली वाहन चेकिंग से संबंधित सुरक्षा और उस समय होने वाली दिक्कतों की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि हमेशा योजना बनाकर किसी कार्य को पुरा करें। वाहन चेकिंग या पीछा करते समय एक अधिकारी साथ होना जरूरी है जो ससमय उचित निर्णय ले सके। अपराधियों के पकड़ने के साथ-साथ अपनी सुरक्षा का भी ख्याल रखें। जिससे कि कोई भी हानि न हो। साथ ही यह भी ख्याल रखें कि अपने जिले की सीमा को पार न करें। अपने प्राधिकृत क्षेत्र में ही कार्य को निष्पादित करें। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के भी पदाधिकारी एवं कर्मी मौजुद रहे। जिन्हें यह निर्देशित किया गया कि अगर किसी तरह की घटना घटती है तो स्वास्थ्य विभाग का सहयोग जरूरी है तो वे उसमें तत्परता दिखायें एवं अपने यहाँ मौजुद व्यवस्थाओं के अनुसार सही जानकारी उपलब्ध करवायें एवं कार्रवाई करें। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक ने जरूरी निदेश एवं तरकीब संबंधित वाहन चेकिंग पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को दी। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, उत्पाद विभाग के पुलिस पदाधिकारी एवं दोनों विभागों के पुलिस कर्मी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

लाल कृष्ण आडवाणी भारत का कर्मठ व धर्मनिरपेक्ष लाल है : भास्कर कुमार

अरवल। भाजपा जिला उपाध्यक्ष भास्कर कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा आडवाणी जी को भारत रत्न देने हेतू निर्णय के लिए बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ ।आपके नेतृत्व में भारत सरकार इस देश के महापुरुषों को सम्मानित करने के लिए कटिबद्ध है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न मिलना भारतीय जनता पार्टी के सभी देव दुर्लभ कार्यकताओं का सम्मान है, भारत मां की अखंड सेवा में जनजागृती के लिये जीवन का क्षण-क्षण, शरीर का कण-कण देने वाले ह्ययात्रीह्न का अत्यंत उचित सर्वोच्च सम्मान हुआ है भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता हर्षो उल्लास एवं ह्रदय से अहलादीत है। भारतीय जनता पार्टी को लोकप्रिय बनाने वाले मजबूत बनाने वाले नेताओं में से एक प्रखर नेता लालकृष्ण आडवाणी जी थे। इस देश में हिंदुत्व का परचम लहराने के लिए उन्होंने सारा जीवन इस देश में मां भारती की सेवा में लगाया।

नीतीश की घरवापसी से इंडि अलायन्स हो चूका है धवस्त : शाहनवाज

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। नीतीश कुमार की एनडीए में घरवापसी के बाद इंडि अलायन्स पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। इंडि एलायंस की नींव ही नीतीश कुमार थे और नीतीश कुमार के इंडि गठबंधन छोड़ने से ही अब यह अलायन्स खत्म हो गया। उधर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी कांग्रेस को आंख दिखा रही हैं। कई अन्य विपक्षी पार्टियों ने इंडि गठबंधन से इतर होकर चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर ही दिया है जिससे साफ जाहिर होता है कि विपक्ष अब बेहद कमजोर हो चूका है। उक्त बातें शनिवार को पूर्व मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने औरंगाबाद में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। बता दें कि भाजपा एमएलसी दिलीप सिंह के सत्येंद्र नगर स्थित आवास पर एनडीए की संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की गई थी जिसमें सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान परिषद दिलीप सिंह, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा समेत एनडीए गठबंधन की सभी सहयोगी पार्टियों के जिला अध्यक्षों एवं नेताओं ने भाग लिया। शाहनवाज हुसैन ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार सरकार में 17 महीने से कार्बन लगा हुआ था। मगर अब वह कार्बन हट चुका है और बिहार सरकार खुलकर ऑक्सीजन ले रही है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा साथ मिलकर बिहार को विकास की ओर अग्रसर करेंगें। शाहनवाज ने कहा कि भाजपा नीतीश कुमार को कभी नहीं छोड़ेगी ना नीतीश कुमार भाजपा को छोड़ेंगें। वहीं शाहनवाज स्वयं को मंत्री बनाने के सवाल से बचते दिखे। पत्रकारों के सवाल पर उन्होनें कहा कि वे पार्टी के एक कार्यकर्ता हैं और प्रवक्ता हैं। वे सिर्फ पार्टी-गठबंधन को लेकर चर्चा करेंगें। आगे उनका क्या करना है वह पार्टी ही तय करेगी।

शाहनवाज ने कहा कि जनता ने एनडीए गठबंधन को ही बहुमत दिया था और इसी सरकार को चुना था। बीच मे राजद घुसपैठ कर गया था। मगर अब नीतीश कुमार के वापस एनडीए में आने से जनता बेहद खुश है। हम लोग सभी मतभेदों को भूल कर विकास चाहते हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार राज्य में एनडीए गठबंधन चहुंओर विकास करेगा। विशेषकर उद्योग और रोजगार पर बल दिया जाएगा। हमारे सभी सहयोगी दल एकजुट हैं। चिराग पासवान की नाराजगी के सवाल पर शाहनवाज ने कहा कि चिराग पासवान पूरे मन से नीतीश कुमार यानी एनडीए के साथ हैं। कोई भी मनभेद चिराग-नीतीश के बीच नहीं। अब आगे हमारा लक्ष्य पुनः नरेंद्र मोदी को पूर्ण बहुमत वाली सरकार के साथ प्रधानमंत्री बनाने का है। गांव से लेकर शहर तक एनडीए को मजबूत किया जाएगा। जमीन स्तर तक काम चलेगा। लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर शाहनवाज ने समस्त देशवासियों को बधाई दी। उन्होनें कहा कि आडवाणी जी को भारत रत्न मिलना सभी ईमानपरस्तों का सम्मान है। सभी ईमानदार एवं दृढ निश्चयी व्यक्तित्वों को यह सम्मान मिला है। सांसद सुशील कुमार सिंह ने अंतरिम बजट का जिक्र करते हुए कहा कि इस बजट में कोई लोक-लुभावन वाली बता नहीं है। यह देश का बजट है। यह बजट मोदी की गारंटी का बजट है। इसमें नरेंद्र मोदी की 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना झलकती है।

आडवाणी को भारतरत्न देश में सुचिता की राजनीति को सम्मान: पूर्व जिलाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह बबुआ जी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट करते हुए और देश के करोड़ो भाजपा कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा है कि देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री श्रद्धेय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारतरत्न देश में देशभक्ति और ईमानदार राजनीति का सम्मान है।आडवाणी जी देश के ऐसे वरिष्ठ राजनेता हैं जिन्होंने देश में सुचिता की राजनीति स्थापित करने के लिए संसद से त्यागपत्र दे दिया था आज जबकि लगभग अधिकांश राजनीतिक दल और इसके नेता आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं ,जिसकी जितनी छवि दागदार उतना बड़ा पद लेकिन षड्यंत्र के तहत उनका नाम हवाला में डालने वालों को तब आडवाणी जी ने लज्जित कर दिए थे जब उन्होंने आरोपमुक्त होने तक राजनीति से स्वयं को अलग कर लिए और जब आरोपमुक्त हुए तभी राजनीति में सक्रिय हुए।

आडवाणी जी वह महान व्यक्तित्व हैं जिन्होंने भारतीय राजनीति की दिशा बदलने वाले स्वाधीन भारत में श्रीकृष्ण बने उन्होंने सोमनाथ से अयोध्या की रथ यात्रा देश में तब शुरू किए थे जब एक तरफ कांग्रेस के भ्रष्टाचार ,वामपंथियों का वर्गवाद,नक्सलवाद,और तथाकथित समाजवादियों का जातिवाद और परिवारवाद से देश कराह रहा था। तब आडवाणी जी ने देश में राम और रामराज्य को स्थापित करने एवं देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का अलख जगाने का कार्य किए और उनके आवाह्न पर देश सारे भेदभाव से ऊपर उठकर उनके साथ चल पड़ा और देश में एक नई राजनीतिक क्रांति स्थापित हुई। दोनो अध्यक्षों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आदरणीय आडवाणी जी को सम्मानित कर के समर्पण के साथ राष्ट्रसेवा में समर्पित सभी ईमानदार राजनीतिक सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया है यह सही समय पर लिया गया सही निर्णय है क्योंकि अयोध्या में बाबरी का कलंक आडवाणी जी के नेतृत्व में मिटा था और भगवान राम वहां स्थापित हो गए तो उस क्रांति के अग्रदूत का सम्मान भी स्वाभाविक था।

मगध महोत्सव पुस्तक मेला सह सांस्कृतिक उत्सव का आठवां दिन युवाओं को समर्पित

प्रात : किरण संवाददाता

गया।गांधी मैदान में चल रहे मगध महोत्सव पुस्तक मेला सह सांस्कृतिक उत्सव का आठवां दिन युवाओं को समर्पित था। सर्वप्रथम मगध मेधा कंपटीशन में 11 बजे से विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में विज्ञान प्रर्दशनी और पॉवर प्वाइंट प्रेसेंटेशन का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 60 से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी गायन कला की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया है।महाविद्यालय स्तरीय नृत्य की प्रतियोगिता हुई जिसमे प्रतिभागी कलाकारों ने अपनी नृत्य की कला से दर्शक दीर्घा में बैठे जनसमूह को खूब आनंदित किया है।निर्णायक मंडल में नरेंद्र सिंह सर एवं समाजसेवी गीता दीदी एवं नरेंद्र सिंह उपस्थित थे जिन्होंने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया हु। दिवस युवाओं को समर्पित था जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक और प्रेरक कार्यक्रमों के साथ-साथ सांस्कृतिक और संगीत आधारित कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति सांस्कृतिक मंच से की गई है। रचनात्मक शैक्षिक कार्यक्रमों में मेला परिभ्रमण करने आए विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया है। संध्याकालीन सत्र में युवा कलाकारों द्वारा नृत्य और गायन की रंगारंग प्रस्तुति हुई जिसमें विभिन्न कल संस्थाओं के विद्यार्थी कलाकारों ने अपनी कला से दर्शक दीर्घा में उपस्थित जनों को आनंदित किया हू। महाविद्यालय के युवाओं ने जमकर की पुस्तकों की खरीदारी युवा विशेष दिवस होने के कारण आज मेला परिसर में युवाओं की खासी भीड़ देखी गई जिन्होंने न सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया बल्कि विभिन्न प्रकाश को के स्टॉल पर जाकर पुस्तकों की भी खरीद की है। राजकमल प्रकाशन, राजपाल एंड संस, प्रकाशन विभाग, रोहित बुक, लक्ष्मी प्रकाशन, सस्ता साहित्य मंडल, किताबों पर विशेष छूट भी दी गई है, जिसका लाभ सभी ने उठाया है।

संध्याकालीन कार्यक्रम में डॉ. शिवेक कुमार सिक्की, भाषा विज्ञान केंद्र, जेएनयू, नई दिल्ली एवं पूर्व सलाहकार, यूजीसी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा किया गया है। डॉ० शिवेक द्वारा युवाओं को कैरियर और सकारात्मक और ऊजार्वान रहने से संबंधित निर्देश भी दिए हैं। युवा विशेष कार्यक्रम में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन गया की ओर से कवि संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ कवियों सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर की कवित्री सुश्री अंकिता सिन्हा जी द्वारा कविता, शेर, गजल, आदि की प्रस्तुति की गई है। संगोष्ठी में डॉ० रामसिंहासन सिंह, अरविंद कुमार, अजीत कुमार, रानी मिश्रा द्वारा भी विभिन्न समसामयिक विषयों पर कविता की प्रस्तुति दी गई एवं कार्यक्रम संयोजन श सुमंत द्वारा किया गया है।

प्रथम पाली में 4 परीक्षार्थी निष्कासित व द्वितीय पाली में 1 फर्जी परीक्षार्थी निष्कासित

अरवल। इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2024 का सफल संचालन किया गया। प्रथम पाली में जी ए उच्च विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 533 के विरूद्ध 518 उपस्थित 15 अनुपस्थित, असेम्बली ऑफ गॉड विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 382 के विरूद्ध 377 उपस्थित 05 अनुपस्थित, बालिका उच्च विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 853 के विरूद्ध 841 उपस्थित 12 अनुपस्थित, एसएसएसजीएस कॉलेज अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 633 के विरूद्ध 633 उपस्थित, पायस मिशन विद्यालय से कुल विद्यार्थियों की संख्या 543 के विरुद्ध 529 उपस्थित 14 अनुपस्थित, फतेहपुर संडा कॉलेज अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 1142 के विरूद्ध 1134 उपस्थित 08 अनुपस्थित, उमैराबाद उच्च विद्यालय से कुल विद्यार्थियों की संख्या 721 के विरूद्ध 706 उपस्थित 15 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय इटवों से कुल विद्यार्थियों की संख्या 799 के विरूद्ध 783 उपस्थित 16 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय दरियापुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 464 के विरूद्ध 456 उपस्थित 08 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय करपी से कुल विद्यार्थियों की संख्या 733 के विरूद्ध 712 उपस्थित 21 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय शहर तेलपा से कुल विद्यार्थियों की संख्या 653 के विरूद्ध 644 उपस्थित 09 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय मिजापुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 530 के विरूद्ध 526 उपस्थित 04 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय किंजर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 984 के विरूद्ध 967 उपस्थित 17 अनुपस्थित, एसजेएस कॉलेज कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 1134 के विरूद्ध 1109 उपस्थित 25 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 174 के विरूद्ध 762 उपस्थित 12 अनुपस्थित, आरसीएस कॉलेज कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 727 के विरूद्ध 710 उपस्थित 17 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में जी ए उच्च विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 120 के विरूद्ध 108 उपस्थित 12 अनुपस्थित, असेम्बली ऑफ गॉड विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 102 के विरूद्ध 98 उपस्थित 04 अनुपस्थित, बालिका उच्च विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 491 के विरूद्ध 483 उपस्थित 08 अनुपस्थित, एसएसएसजीएस कॉलेज अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 326 के विरूद्ध 318 उपस्थित 08 अनुपस्थित, पायस मिशन विद्यालय से कुल विद्यार्थियों की संख्या 86 के विरूद्ध 82 उपस्थित 04 अनुपस्थित, फतेहपुर संडा कॉलेज अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 490 के विरूद्ध 487 उपस्थित 03 अनुपस्थित, उमैराबाद उच्च विद्यालय से कुल विद्यार्थियों की संख्या 166 के विरूद्ध 162 उपस्थित 04 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय इटवाँ से कुल विद्यार्थियों की संख्या 147 के विरूद्ध 145 उपस्थित 02 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय दरियापुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 136 के विरूद्ध 134 उपस्थित 02 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय करपी से कुल विद्यार्थियों की संख्या 76 के विरूद्ध 72 उपस्थित 04 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय शहर तेलपा से कुल विद्यार्थियों की संख्या 98 के विरुद्ध 95 उपस्थित 03 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय मिजार्पुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 309 के विरुद्ध 304 उपस्थित 05 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय किंजर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 251 के विरूद्ध 240 उपस्थित 11 अनुपस्थित, एसजेएस कॉलेज कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 194 के विरूद्ध 183 उपस्थित 11 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 489 के विरूद्ध 480 उपस्थित 09 अनुपस्थित, आरसीएस कॉलेज कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 53 के विरूद्ध 48 उपस्थित 05 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में कुल विद्यार्थियों की संख्या 11605 के विरूद्ध 11407 उपस्थित रहे एवं 198 रहे अनुपस्थित । द्वितीय पाली में कुल विद्यार्थियों की संख्या 3534 के विरूद्ध 3439 उपस्थित रहे एवं 95 रहे अनुपस्थित। इस दौरान परीक्षा केन्द्र असेम्बली ऑफ गॉड विद्यालय अरवल एवं एसजेएस कॉलेज र्स्था से प्रथम पाली में दो-दो परीक्षार्थी को निष्कासित किया गया। वहीं द्वितीय पाली में उच्च विद्यालय किंजर में 01 फर्जी परीक्षार्थी को निष्कासित किया गया।

संस्कृति भाषा में पांचवीं पुस्तक निवेदन का हुआ लोकार्पण

गया।संस्कृत भाषा मे मेरी पाँचवीं पुस्तक निवेदन का लोकार्पण सिजुआर भवन के भव्य सभागार में नगर के सम्मान्य साहित्य कार एवं सुधी जनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ है। नगर के स्व नाम धन्य साहित्य मनीषी स्मृतिशेष गोपाल लाल सिजुआर की बारहवीं पुण्य तिथि पर कवियों द्वारा काव्यांजलि प्रस्तुत की गयी है।जिसकी अध्क्षता गीतकार पं कन्हैया लाल मेहवार एवं संचालन

शब्दाक्षर के प्रांतीय अध्यक्ष पं मनोज मिश्र ने किया है।इस शुभ अवसर पर डा ऋचा झा और पं कमलेश पुण्यार्कजी को निराला साहित्य परिषद की ओर प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

मुख्यमंत्री के सोच से आज बिहार लगातार विकास कर रहा है : मनीष वर्मा

गया। मानपुर प्रखंड के ग्राम सिकहर पुस्तकालय भवन में युवा नगर अध्यक्ष अमर नाथ राय के अध्यक्षता में जन संवाद सभा का आयोजन किया गया है। सभा का संचालन जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने किया है। इस सभा में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सलाहकार लोकप्रिय आईएएस अधिकारी रहे मनीष वर्मा शामिल हुए है। मनीष वर्मा के आगमन पर जदयू कार्यकताओं ने कई जगहों पर फूल माला देकर जोरदार स्वागत किया गया है।सभा स्थल पर पहुंचने पर उनका अमर नाथ राय, मधुसूदन राय, अवध बिहारी पटेल, राहुल सिंह, कैलाश राय ने अंगवस्त्र एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया है। सभा को सम्बोधित करते हुए वर्मा ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सोच से आज बिहार लगातार विकास कर रहा है, नीतीश कुमार नेता नहीं विचारधारा हैं। उन्होंने कहा की याद कीजिए 2005 से पहले का बिहार और आज का बिहार साफ पता चलता है की नीतीश कुमार ने सभी योजनाओं को धरातल पर उतारकर बिहार को एक नया बिहार बनाया है। साइकिल योजना अपने आप में अदभुत योजना है जिससे बिहार की लड़कियों में बहुत बड़ा परिवर्तन किया है। नीतीश कुमार ने बिहार में ऐतिहासिक जाति आधारित गणना कराकर आरक्षण का दायरा बढ़ाने का काम किया है, हर घर बिजली ,सात निश्चय योजना में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, हर घर नल का जल, गया में गंगा का जल लाना मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक काम है।उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में न्याय के साथ विकास हो रहा है, शुसाशन की सरकार है और आगे विकास की रफ्तार और तेज होगा। लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की 40 की 40 सीट एनडीए गठबंधन जीतेगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भागलपुर। बिहार सरकार कृषि विभाग द्वारा प्रमंडलिय स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता 2024 का जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के कई पदाधिकारी व दर्जनों कर्मी मौजूद थे। इस प्रमंडल यह स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी सा प्रतियोगिता में दर्जनों किसानों ने अपने उपजाऊ फल, सब्जी व फूलों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, वही किसानों द्वारा अपने क्षेत्र में बेहतर कृषि करने वाले किसान को विभाग पुरस्कृत भी करेगी। वहीं डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि भागलपुर कई क्षेत्रों में भागलपुर जिला आगे है, जिसमें खास तौर पर जदालू आम, कतरनी चूड़ा है। इस तरह कई फल फूल और सब्जियों का नाम बढ़े और किसानों को आमदनी करने में सार्थक साबित हो यही मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों खेतिहर मजदूर किसान मौजूद थे।

नारी शक्ति वंदन कार्यसाला कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विकास कार्यों को बताया

आरा। भारतीय जनता पार्टी के जिला मुख्यालय बामपाली में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री सह भोजपुर के लोकप्रिय सांसद आरके सिंह, जनार्दन सिकरीवाल, निवेदिता सिंह, मीना सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने किया। संचालन जिला महामंत्री पूनम कुशवाहा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता सिंह ने किया किया वहीं केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दिशा निर्देश से वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद पटल पर अंतरिम बजट को रखी। यह बजट मोदी जी के दस वर्षो के विकास कार्यो का परिणाम है। यह बजट प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करनेवाला है। प्रधानमंत्री ने गरीबो, महिलाओं, युवाओ का विकास कर विकसित देश के लक्ष्य को पूरा करना चाहते है। केन्द्र सरकार की सारी योजनाएँ गरीब कल्याण और महिलाओं, युवायो, किसानो के लिए है दस सालो मे ऐसा काम हुआ है, जिसे लोगो ने कभी सोचा भी नही था। पहले गरीबी हटाओ के नारे लगते थे, लेकिन गरीबी के जगह गरीब ही हट जाते थे। आज केन्द्र सरकार की गरीब कल्याण योजनाओ मे कोरोना काल मे मुफ्त वैक्सीन, सभी को पाँच किलो का मुफ्त अनाज, सभी गरीबो के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना से घर, सभी के लिए आयुष्मान योजना के तहत पाँच लाख तक का मुफ्त ईलाज के साथ 25 करोड़ परिवारों को गरीबी रेखा से हटा कर एपीएल मे रखा गया। सबकी आमदनी बढी। महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर और चुल्हा वितरण कर उन्हे धुआं रहित और स्वास्थ्यवर्धक बनाया। इस बजट मे महिलाओं की आमदनी बढाने के लिए लाखपति दीदी की संख्या बढाने का लक्ष्य रखा गया है। जीविका और आशा दीदीओ को भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जीविका दीदी द्रोण उड़ाकर आमदनी बढाने के साथ खेती मे बढोतरी करेगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद मे पास कर केन्द्र सरकार ने नारी सशक्तिकरण को मजबुत किमा है। अब राजनीतिक क्षेत्र मे भी महिलाओं की अधिक भागीदारी रहेगी। युवाओ के लिए मोदी सरकार ने रोजगार और आत्मनिर्भर बनने के लिए स्किल डेवलपमेंट और स्टार्टअप इंडिया योजना को धरातल पर उतारा है, जिससे देश के युवा विभिन्न क्षेत्रो मे विशेषज्ञ बन रहै है और देश को आत्मनिर्भर बनाने मे अपना योगदान देंगे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी के कर कमलो से अयोध्या मे रामलला विरजमान हुए और देश राममय बना। आज हम आयातक ही नही निर्यातक देश बन गए है। अभी हम विश्व के पाँचवी अर्थव्यवस्था है और अगले 2024 काल मे तीसरी अर्थव्यवस्था वाले देश बन जाएँगे। हम विकसित भारत की ओर अग्रसर है। वहीं विधानपार्षद निवेदिता सिंह ने कही कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को केन्द्र सरकार ने पारित कर देश के आधी आबादी को सशक्त बनाने का कार्य की है। इस सरकार ने महिलाओं के लिए ऐसा कार्य किए हे, जो अभी तक किसी सरकार ने सपने मे भी मे नही सोंचा था।

जन समस्याओं को ले लगा जनता दरबार, 25 मामले पर हुई सुनवाई: डीएम

- प्राधिकार अधिनियम के तहत 10 मामले का मौके पर किया निष्पादन

प्रात: किरण संवाददात

भागलपुर। जिला समाहरणालय प्रांगण में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में करीब एक सौ से अधिक फरियादी के आवेदन प्राप्त हुए थे। इस मौके पर जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिक प्रेम मंडल, पुजा भारती, लक्ष्मण मंडल, सविता देवी, सियाराम मंडल, गणेश प्रसाद मंडल, दिलीप यादव, विक्रम मंडल, असीमा खातुन, मंगल दास, चमेली देवी, जावेद अख्तर, जयनारायण यादव, भगवान सिंह, सुनील झा, सुबोध साह, हलधर यादव आदि ने आवेदन के माध्यम से जिलाधिकारी को अपने मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया है। वही आयोजित जनता दरबार के दौरान विविध व्यवस्था के मामलों से संबंधित भूमि विवाद अतिक्रमण, आवास योजना राशन, आईसीडीएस, भू-मापी व दखल कब्जा दिलाने से संबंधित है। उक्त मामले को लेकर सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों में वर्णित मूलभूत समस्याओं की जांच किये जाने के साथ यथाशीघ्र मामले के निष्पादन हेतु कार्रवाई करने के निर्देशित किया गया है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, अपर समाहर्त्ता महफूज आलम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजकुमार, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा सुभाषनी प्रसाद, ए.डी.एस.एस. विकास कुमार, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी आलोक कुमार सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि जनता दरबार आयोजन से पूर्व जिलाधिकारी सह द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के तहत बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकारी अधिनियम के संबंधित 25 मामलों पर सुनवाई की। वही सुनवाई के पश्चात 10 मामलों का त्वरित मौके पर निष्पादन कर दिया गया। वही शेष मामलों के संदर्भ में संबंधित लोक प्राधिकारों को अगली सुनवाई से पूर्व निश्चित रूप से संबंधित मामलों को त्वरित निष्पादित करने का भी निर्देश दिया गया है। वही सुनवाई मामले में भूमि विवाद, राशन, बन्दोबस्ती, मापी, पंचायत, लगान रसीद आदि से संबंधित थे। इस मौके पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता सुनील कुमार रंजन एवं संबंधित लोक प्राधिकार उपस्थित थे।

जल्द होगा मिनी सचिवालय भवन का निर्माण प्रक्रिया को ले शुरू है तैयारी: डीएम

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला समाहरणालय प्रांगण में मिनी सचिवालय नव निर्माण के साथ नए भवन बनाने की तैयारी जोर शोर से चल रही है, इस कार्य प्रक्रिया को लेकर भवन निर्माण कार्य का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। निर्माण कार्य की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी बहाल करने की कवायद तेज कर दी गई हैं। वहीं नये सचिवालय भवन निर्माण कार्य को लेकर तकरीबन 17 करोड़ की लागत से पाँच मंजिला बिल्डिंग बनाई जाएगी।

जहां एक ही छत के नीचे जिलाधिकारी व अनुमंडल सहित अन्य विभागों से संबंधित कार्यालय समाहित होने के साथ भवन बनाइये जाने की प्रक्रिया सुनिश्चित है। वही नये भवन निर्माण को लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अपने संबंधित विभाग पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय प्रांगण के आसपास अनुमानित कार्य स्थल का जायजा लेने के साथ निरीक्षण किया गया है।

तकरीबन एक सौ साल समय अवधि तक टिके रहने वाला भवन निर्माण किया जाना है। इस भवन के निर्माण किये जाने से दूरदराज से गाँव से आने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी, साथ ही उन्हें अन्य विभाग कार्यालयों की खोज में इर्दगिर्द भटक कर धक्के खाने व दरदर भटकते रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस बिल्डिंग को चयनित एजेंसी के माध्यम से भवन निर्माण विभाग कार्य प्रमंडल भागलपुर द्वारा कराए जाएंगे, इस प्रक्रिया को लेकर जल्द ही संबंधित डिटेल व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

दो कुख्यात अपराधी व स्मेक बीएस दो तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे: एसएसपी

- दो बंदूक व 9 जिंदा गोली पुलिस ने किया बरामद
- कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र इलाके में पुलिस को मिली बड़ी राहत: एसएसपी

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। विगत दिनों दियारा क्षेत्र इलाके में लगातार अपराधियों के सक्रीय रूप में अपराध को अंजाम देने की लगातार जानकारी सामने आती रही हैं। इसी कड़ी में वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई कि सबौर थाना परिक्षेत्र के सटे सीमावर्ती दियारा क्षेत्र इलाके में एक आपराधिक गिरोह सक्रिय रूप से अपनी गतिविधियों को अंजाम देते चल रहा है जो कभी भी शहरी क्षेत्र इलाके में अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। उक्त प्राप्त जानकारी के साथ ही वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में सूचना संबंधित दियारा क्षेत्रों के कई इलाके में आपराधिक गिरोह के विरूद्ध छापामारी एवं आवश्यक कारवाई करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। वही गठित टीम में स्थानीय थाना एवं एसटीएफ को भी शामिल किया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से दियारा क्षेत्रों में की गई छापामारी के क्रम में दो कुख्यात अपराधी को मौके पर 2 देशी निर्मित मास्केट जैसे हथियार व 9 जिंदा गोली के साथ धर दबोचा गया है। वही पुलिस टीम द्वारा दोनों अपराधी की पूछताछ जांच में चांगली मंडल और पप्पू मंडल बताया गया है, दोनों नामजद शातिर अपराधीक का पूर्व से ही आपराधिक इतिहास है। वही पुलिस पूछताछ में पता चला है कि गिरफ्तार अपराधियों में पप्पु मंडल सबौर प्रखंड के ममलखा पंचायत में वर्तमान पंचायत समिति सदस्या का पति हैं। वही इनसे जुड़ी अन्य जानकारी पुलिस पता करने में जुटी हुई हैं। उक्त आशय की जानकारी एसएसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी आनन्द कुमार ने दी है।

इसी क्रम में उन्होंने बताया कि दूसरी तरफ पुलिस टीम द्वारा बंगाल से स्मैक की तस्करी करने वाले दो शातिर तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विगत दिनों नशाखोरी को लेकर स्वांस मादक पदार्थ के खिलाफ लगातार पुलिस प्रशासन अभियान चला रही है और तस्करों, नशेड़ियों व शराबियों को धर पकड़ किये जाने को लेकर लगातार पुलिस डटी हुई है। इसी कड़ी में पुलिस ने बंगाल से स्मैक ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले दो शातिर अपराधियों को गुप्त सूचना के तहत पुलिस ने भागलपुर के जीरो माइल थाना क्षेत्र इलाके में स्थित फतेहपुर कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के क्रम में पुलिस टीम ने उसके पास से 160 ग्राम स्मैक को मौके पर बरामद किया है। वही पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार दोनों अपराधियों ने पहचान सुभाष यादव और गोरेलाल यादव के रूप में की है। वही पुलिस टीम ने संबंधित थाने में दोनों गिरफ्तार शातिरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

यातायात व्यवस्था को लेकर शहरी क्षेत्र इलाके का लिया जायजा: डीएम

- निगम प्रशासन को यातायात व्यवस्था के तहत कई जरूरी कार्रवाई करने के दिए निर्देश: डीएम

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। शहरी क्षेत्र इलाके में यातायात व्यवस्था को बेहतर व सुदृढ़ बनाने की दिशा में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अपनी टीम के साथ शहरी क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित राम मनोहर लोहिया पुल (उल्टा पुल) का निरीक्षण कर यातायात स्थिति का जायजा लिया। वही निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी द्वारा उक्त स्थल पर उपस्थित नगर आयुक्त को निदेशित करते हुए कहा गया है कि वह स्वतः यात्रायात पुलिस उपाधीक्षक के साथ बैठक कर वर्णित स्थल पर जाम की समस्या से निपटने हेतु ठोस कार्य योजना बनाए एवं अविलम्ब इसे प्रस्तुत करेंगें। जिससे शहरी क्षेत्र प्रवेश मार्ग में यातायात के सुचारू रूप से संचालित हो सकें। वही निगम प्रबंधन द्वारा वर्णित स्थलीय जांच कर सड़क के किनारे मार्किंग करने का भी निर्देशित किया गया है। जिससे उक्त मार्किंग स्थल के दायरे में आने वाले वाहनों पर यातायात नियमों का उलंघन करने की स्थिति में यथोचित कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिहपुर थाना के हरेंद्र सिंह व झंडापुर ओपी के मधुसूदन पासवान बने प्रभारी

नवगछिया (भागलपुर)। आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग की ओर से पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण करने की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी कड़ी में नवगछिया पुलिस जिले के कई थानो के थानाध्यक्ष व ओपी प्रभारी का दबादला किया गया है। बिहपुर, भवानीपुर ओपी, झंड़ापुर ओपी, खरीक, रँगरा, गोपालपुर, नवगछिया, परबत्ता थाना के अलावे कई थानाध्यक्षों का तबादला दूसरे जिला कर दिया गया है। वही बिहपुर थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में पुअनि हरेंद्र सिंह व झंडापुर ओपी थाना में नये ओपी प्रभारी मधुसूदन पासवान ने पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे नवगछिया के कदवा थाना में अपर थानाध्यक्ष सह डाटा सेंटर प्रभारी पद पर कार्यरत थें। वही पुअनि हरेंद्र सिंह बिहपुर थाना में तैनात थे। पदभार संभालने के बाद थानाध्यक्ष ने कहा कि विधि व्यवस्था को दुरुस्त करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। वही उन्होंने कहा कि शराब और शराब व उनसे जुड़े नशे के कारोबार में चल रहे कारोबारियों की गिरफ्तारी को लेकर क्षेत्र इलाके में लगातार अभियान चलाया जायेगा। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर नरेश कुमार, पूर्व ओपी प्रभारी अजीत कुमार, एसआई पवन कुमार सिंह, धर्मवीर कुमार, अमित कुमार, सुजीत कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

आईसीडीएस के सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर(मुंगेर)। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बड़ौनियाँ में समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार के महिला एवं बाल विकास निगम के तहत आईसीडीएस के सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में बेटियों की जन्म के संबंध में फैली भ्रांतियां को दूर करना था साथ ही साथ कैसे बेटी को एक अच्छी शिक्षा देकर समाज की मुख्य धारा के आगे की पंक्ति में खड़ा कर सकते हैं इस पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अजेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर पंचायत के मुखिया वीर कुंवर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों के द्वारा स्वागत गान तथा पोषण पर कविता सुनाई गई।

प्रखंड सह अंचल स्तर पर क्रियान्वयन योजना का लिया जायजा: डीएम

प्रात: किरण संवाददाता

- कार्य योजना को लेकर संबंधित पदाधिकारी को दिये कई जरूरी आवश्यक दिशा निर्देश: डीएम

सबौर (भागलपुर)। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व उनकी टीम अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत क्षेत्र जायजा दौरे के क्रम में प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सबौर पहुंच कर कार्यालय के कार्य स्थिति का जायजा लेने के साथ आसपास के क्षेत्र इलाके का निरीक्षण किया है। वही निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी ने क्षेत्र इलाके में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए एवं योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन में तेजी लाने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। वही अंचल कार्यालय निरीक्षण क्रम में कुल 172 मापी अनुरोध संबंधी आवेदन पत्र पाये गये थे। वही जिलाधिकारी ने प्राप्त आवेदनों से संबंधित मामलों पर त्वरित कार्रवाई किये जाने के साथ साथ मामले को निष्पादित किये जाने हेतू निर्देश जारी कर दिया गया है।

वही उन्होंने कहा है कि निष्पादित आवेदन पत्रों एवं लंबित आवेदक के पत्रों से संबंधित डाटाबेस तैयार किया जाय साथ ही साथ दाखली वाद एवं बन्दोबस्ती संबंधी मामलों के यथाशीघ्र निवारण हेतु निर्देशित किया गया है। वही जिलाधिकारी ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय भवन नव निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण किया है। वही निरीक्षण क्रम में जानकारी दी गई कि जनहित में उक्त कार्यालय निर्माण हेतु स्थल का चयन यथा संभव मुख्य सड़क के आस-पास किया जाय, ताकि आमजन को कार्यालय आवागमन में सुविधा हो सकें। इस मामले को लेकर संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए यथोचित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

केंद्र की मोदी सरकार कर रही है ईडी का दुरुपयोग

प्रात: किरण ब्यूरो

मुंगेर । राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा कि यह भारत में पहली घटना है की झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पहले ईडी गिरफ्तार करती है फिर उसे बलपूर्वक राज्यपाल के पास ले जाकर उसे जबरन इस्तीफा दिलवाती है। साथ ही उनको जाति सूचक शब्दों से उन्हें एवं उनके परिवार को अपमानित करती है। इस अपमान के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के स्थानीय थाना में एससी एसटी एक्ट के तहत ईडी के अपर निदेशक कपिल राज सहायक निदेशक देवव्रत झा, अनुपम कुमार, अमन पटेल सहित अन्य पर मुकदमा किया है पर उनकी गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है क्योंकि केंद्र में उनके आका नरेंद्र मोदी अमित शाह जो बैठे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ महीने पहले 17 डिप्टी डायरेक्टर को ईडी में इसी शर्त पर नियुक्त किया है की जो भी विपक्षी केंद्र सरकार का विरोध करेगा उसे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज देना है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजद सुप्रीमों लालू लालू प्रसाद जिनकी उम्र 76 साल है और अनेक गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं फिर भी बिना मेडिकल जांच कराए हुए ईडी कार्यालय में 9 घंटे तक पूछताछ की गई जो कि अनुचित है। उन्होंने कहा कि 2017 में 2ॠ घोटाला हुई जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का शाख काफी गिराया पर उसके लिए दोषी ए राजा आज छुट्टा घूम रहे हैं। छगन भुजबल, अजीत पवार सहित अन्य को नेता जो हजारों करोड़ मनी लॉन्ड्रिंग में दोषी थे पर जैसे ही वह भाजपा का हाथ थामा वे निर्दोष हो गए। अडानी, अंबानी, विजय माल्या सहित अनेक पूंजीपति जो कालाबाजारी में सलंग्न है पर उसओर ईडी झांकने भी नहीं जाती। 02 दिन पूर्व ही रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने पेटिएम में हुई घोटाला को देखते हुए 29 फरवरी 2024 से पेटीएम को बंद कर रहा है पर सरकार के साथ-साथ ईडी भी मौन है। राजस्थान में ईडी के अधिकारी घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़े जाते हैं पर उसे पर कोई कार्रवाई नहीं होती। प्रोफेसर सुमन ने कहा कि आज देश के अंतर्गत अघोषित इमरजेंसी है अगर भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में पुनः जीत कर आती है तो भविष्य में देश में कभी चुनाव नहीं होगा।

जिलाधिकारी ने सदर अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

मुंगेर। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा शनिवार को सदर प्रखंड कार्यालय स्थित अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी सहित विभिन्न कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। साथ ही उपस्थित कर्मियों से पूछताछ भी की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अमीन को कार्यालय में बिना कार्य के उपस्थित देख कर नाराजगी व्यक्त की तथा उनके कार्यकलाप पर असंतोष जताया। वहीं उपस्थित डाटा इंट्री ऑपरेटर लक्ष्मण कुमार के कार्यकलाप पर भी असंतोष व्यक्त किया। अंचल नाजिर कार्यालय के निरीक्षण में नाजिर से रोकड़ पंजी की मांग कर उसकी जांच की। रोकड़ पंजी अद्यतन न देख उन्होंने नाजिर के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र अद्यतन करने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी ने गरीब एवं निसहाय लोगों के बीच कंबल का किया वितरण

प्रात: किरण, ब्यूरो

मुंगेर। जिले में ठंड से पीड़ित गरीब एवं निसहाय लोगों के बीच जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा लगातार कंबल वितरित किया जा रहा है। शुक्रवार को उन्होंने शादीपुर तिलक मैदान के निकट स्वयं जा कर 55 गरीबों एवं निसहाय जरूरतमंद लोगों में कंबल वितरित किया। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत क्रियान्वित वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी द्वारा 55 निःसहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा,

मुंगेर भुवन कुमार एवं जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कर्मी दीपक कुमार, गौरव कुमार एवं सुमित कुमार आदि मौजूद थे। जिलाधिकारी ने कहा के जिले में ठंड को देखते हुए लगातार गरीब लोगों के बीच कंबल वितरित किया जा रहा है। बीते रात भी जिलाधिकारी द्वारा माधोपुर में 45 गरीबों एवं निसहाय जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि ठंड के दौरान प्रत्येक चौक चौराहों एवं रैन बसेरा में अलाव हेतु लकड़ी भी गिराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड में वृद्धि के मद्देनजर आमजनों विशेष तौर पर निःसहाय, वृद्ध, दिव्यांगजनों सहित अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को सहयोग पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

आग लगी की घटना में 24 घंटे बाद भी रंगरा पुलिस के हाथ नही लगा कोई अपराधी का सुराग

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र अंतर्गत रँगरा ओपी थाना के मुरली गांव इलाके में विगत गुरुवार की देर रात को हुए आगलगी की घटना में तीन पोती समेत 65 वर्षीय दादा विद्यानंद सिंह के जलने के मामले में पीड़ित बच्ची के पिता योगेश कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है। इस घटना को लेकर के नवगछिया पुलिस अधिकारी जल्द उद्वेदन करने की बात करते दिख रहे हैं। वही इस मामले में पीड़ित योगेश कुमार के द्वारा दिये लिखित आवेदन में बताया गया है कि मेरे पिता मेरी तीनों बच्ची के साथ दरवाजे पर सोये हुए थे। इस दौरान कुछ लोग आकर अचानक पेट्रोल छिड़काव कर आग लगा जान से मारने का प्रयास किया गया है, जिससे मेरी बड़ी लड़की राजनंदनी उर्फ आरती कुमारी आग लगने के दौरान हम जब बाहर निकले तो कुछ लोगों को हमने भागते हुए देखा है, जो आगे जाकर के अंधेरे का फायदा उठाकर के भाग गया था।

अभिनेता हीरो राजन कुमार रंगकर्मी सम्मान 2024 से वरिष्ठ रंगकर्मी अजय दुबे होंगे सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। बिहार के अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकार हीरो राजन कुमार के नाम पर अंग नाट्य मंच, बरियारपुर, मुंगेर ने लोकप्रिय अभिनेता हीरो राजन कुमार रंगकर्मी सम्मान की शुरूआत 2020 से की थी। रंगमंच के क्षेत्र में अद्भुत काम करने के लिए राष्ट्रीय सम्मान के तौर पर एक रंगकर्मी को सम्मान राशि और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाता है, जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है। लोकप्रिय अभिनेता हीरो राजन कुमार रंगकर्मी सम्मान 2024 के लिए नाट्य कलाकारों से बायोडाटा मंगवाया गया था। जिसमें अनेक कलाकारों ने विभिन्न माध्यमों से भाग लिया था। इस सम्मान के लिए निर्णायक मंडल के सदस्यों ने 2024 हेतु लोकप्रिय अभिनेता हीरो राजन कुमार सम्मान 2024 के लिये वरिष्ठ रंगकर्मी संस्कार भारती नाट्य केंद्र द्वारा आयोजित रंगोदय के आयोजक प्रमुख अजय दुबे को नामित किया है। इस कार्यक्रम के निदेशक अंग नाट्य यज्ञ संजय कुमार ने यह जानकारी दी है। अंग नाट्य मंच के अध्यक्ष व संयोजक अभय कुमार हैं। वरिष्ठ रंगकर्मियों ने देश भर से इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए आवेदन किया था। इसके संयोजक अंग नाट्य मंच बरियारपुर मुंगेर हैं। 24वाँ अंग नाट्य यज्ञ 2024 बरियारपुर मुंगेर में 16 से 18 फरवरी को होने जा रहा है जहां हीरो राजन कुमार (चार्ली चैपलिन द्वितीय की विशेष उपस्थिति होगी। इस अवॉर्ड के लिए एक ज्यूरी कमिटी है, जो आवेदकों की काबिलियत देख समझ कर विजेता का चयन करती है। इस वर्ष विजेता को पांच हजार रूपए कैश इनाम दिया जाएगा।

कैंसर रोग के बचाव तथा इलाज में आयुर्वेद का योगदान विषय पर संगोष्ठी हुईआयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। विश्व कैंसर दिवस के पुर्व संध्या पर वेली रोड, शेखपुरा, पटना स्थित अमृत आयुर्वेद के प्रांगण में कैंसर रोग के बचाव तथा इलाज में आयुर्वेद का योगदान विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय आयुर्वेदिक कौलेज अस्पताल पटना के पुर्व प्राचार्य वैद्य(प्रोफेसर) डा० दिनेश्वर प्रसाद ने बताया कि आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों में इस रोग का वर्णन मिलता है, परन्त कैंसर रोग के नाम से इसका उल्लेख न कर ग्रंथि, अर्बद, कर्कटार्बुद दुष्ट वर्ण इत्यादि के नाम से कैंसर रोग का वर्णन मिलता है, इसके चिकित्सा क्रम में एलोपैथी के तरह ही केमोथेरेपी के जगह रसौषधी युक्त रसायन चिकित्सा, रेडियम थेरेपी के जगह भिन्न भिन्न प्रकार के स्वेदन एवं सर्जरी के जगह प्राचीन प्रकार के शल्य, कर्म, अग्नि कर्म, क्षार कर्म विशेष रूप से जलौका इत्यादि से रक्त मोंक्षंण कराने का विस्तृत वर्णन किया गया है इन्ही तथ्यों को ध्यान में रखकर बहुतेरे वैद्यों एवं आयुर्वेद संस्थानों/ अस्पतालों द्वारा कैंसर रोगियों का इलाज किया जा रहा है, और आशा के अनुरूप लाभ भी मिल रहा है।

इससे उत्साहित होकर अखील भारतीय आयुर्वेद संस्थान, दिल्ली में कैंसर रोगियों के विशेष इलाज के लिए सप्ताह में एक रोज अलग से बहिरंग विभाग संचालित कर कुछ एक शोध छात्रों को इस रोग पर अनुसंधान के लिए लगाया गया है। डा० प्रसाद ने भी 46/47 वर्ष के चिकित्सकीय अनुभव एवं अनुसंधान के आधार पर डा० प्रसाद का कहना है कि आयुर्वेद में वर्णित सदवृत,, रसायन, आचार, पंचकर्म, रसायन, दिन चर्या, रात्रि चर्या, ऋतु चर्या, समयक एवं उचित तथा षड़विध आहार, के साथ साथ नियमित योग, प्राणायाम, परमपरा गत स्थानीय खेल खुद, आयुर्वेद में वर्णित विहार(शारीरिक एवं मानसिक कर्माभ्यास) तथा सनातनी परम्परा का पालन करने के बारे में लोगों को जागरूक कर दिया जाए तो कैंसर सहित कई एक असाध्य बीमारियों से छुटकारा दिलाया जा सकता है। कैंसर सहित बहुत सारे बिमारियों का मुख्य कारण अनावश्यक एलोपैथिक दवाओं तथा भिटामीन्स, मिनरल वाटर, डब्बा बंद खाद्य पदार्थ, चायनीज, फास्ट फुड, अन्य पेय पर्दाथ कोल्डड्रिंक, हौट ड्रंक यानि चाय, काफी, हाइब्रिड क्वालिटी की साक, सब्जी, फल, अन्न, विलासिता युक्त जीवन शैली, केमिकल, फर्टिलाइजर, प्रीजरवेटीभ युक्त खाद्य पदार्थ इत्यादि पर सख्ती से रोक लगाई या जांच की दायरा बढ़ा दिया जाए तो इन सब बिमारियों पर एक हद तक कंट्रोल किया जा सकता है, इन सब उपायों से कैंसर के बहुतेरे रोगियों को लाभ दिलाने का डा० प्रसाद ने दावा किया है। माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी को स्वास्थ्य विभाग आवंटित होने पर आयुर्वेद परिवार के तरफ से श्री चौधरी जी के साथ साथ मुख्यमंत्री जी को भी हार्दिक बधाई। इनके कार्य काल में आयुर्वेद का सर्वांगीण विकास हो सकेगा, यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है। इनके द्वारा पिछले मंत्री मंडल में दुसरे विभाग का मंत्री होने के बाद भी आयुर्वेद के विकास के लिए पुरी तनमयता से कार्य किया गया था, दरभंगा कालेज का इनके हांथों जिणोर्धार का कार्य प्रारंभ हुआ था। इनके पिता श्री के स्वास्थ्य मंत्री के पद पर रहते हुए आयुर्वेद कालेज पटना का कायाकल्प हुआ था, जिसमें वर्तमान के उपाधीक्षक डा० अरुण कुमार सिंह का सहयोग एवं प्रयास काबिलेतारीफ था। जय आयुर्वेद। जय विहार। श्री सम्राट चौधरी जी का भी जय जय। वैद्य (प्रोफेसर) दिनेश्वर प्रसाद आयुर्वेद कालेज एवं आयुर्वेद परिवार के तरफ से इनके स्वागत के लिए भभ्य आयोजन किया जाना चाहिए तन मन धन से सहयोग सबको करना चाहिए, मैं भी सहयोग के लिए तैयार हूँ।

बुमराह ने लगाया सिक्सर

तोड़ा शमी का रिकॉर्ड

टेस्ट में सबसे तेज

150 विकेट

विशाखापत्तनम, एजेंसी। भारतीय स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ विजाग टेस्ट मैच की पहली पारी में घातक गेंदबाजी की। बुमराह की इस गेंदबाजी के दम पर टीम इंडिया ने इंग्लैंड की टीम को पहली पारी में 253 रन पर समेट दिया। भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे और उसे पहली पारी में 143 रन की बढ़त मिली। बुमराह ने इस मैच में फाइफर लेने का कमाल किया और उन्होंने अपने साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसके अलावा वह भारत की तरफ से टेस्ट में सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाज भी बने। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी बार फाइफर लेने का कमाल भी किया।

बुमराह ने तोड़ा शमी का रिकॉर्ड

बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में 15.5 ओवर में 45 रन देकर 6 बल्लेबाजों को आउट किया और इस दौरान 5 ओवर मेडन भी फेंके। इंटरनेशनल क्रिकेट में यह 12वां मौका था जब उन्होंने फाइफर लेने का कमाल किया और मो. शमी साथ ही इशांत शर्मा को पीछे छोड़ दिया। शमी और इशांत ने 11-11 बार इंटरनेशनल क्रिकेट में फाइफर लेने का कमाल किया था। वहीं बुमराह ने जहीर की भी बराबरी कर ली जिन्होंने 12 बार फाइफर लेने का कमाल किया था। भारत की तरफ से सबसे ज्यादा फाइफर लेने का कमाल कपिल देव ने किया था जबकि दूसरे नंबर पर जवागल श्रीनाथ मौजूद हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा बार फाइफर लेने वाले गेंदबाज

24 – कपिल देव
13– जवागल श्रीनाथ
12 – जसप्रीत बुमराह
12 –जहीर खान
11 – मोहम्मद शमी
11 –इशांत शर्मा
9 – इरफान पठान

बुमराह 150 विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई बॉलर बने

जसप्रीत बुमराह ने अपने 35वें टेस्ट मैच में 150 विकेट पूरे किए और वह टेस्ट क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले भारतीय फास्ट बॉलर बने।

इसके अलावा वह टेस्ट में 150 टेस्ट विकेट लेने वाले सबसे तेज एशियाई तेज गेंदबाज भी बने। टेस्ट में सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले एशियाई तेज गेंदबाज वकार यूनिस थे जिन्होंने 27 मैचों में यह उपलब्धि अपने नाम कर ली थी।

टेस्ट में सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले एशियाई फास्ट बॉलर

27 विकेट – वकार यूनिस
34 विकेट –जसप्रीत बुमराह

बुमराह ने 6781 गेंदों पर लिए 150 टेस्ट विकेट

बुमराह भारत की तरफ से सबसे कम गेंदों पर टेस्ट में 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने और उन्होंने यह कमाल 6781 गेंदों पर किया। बुमराह ने उमेश यादव को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 7661 गेंदों पर यह कमाल किया था।

भारत की तरफ से सबसे कम गेंदों पर 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज

6781 – जसप्रीत बुमराह
7661 – उमेश यादव
7755 – मोहम्मद शमी
8378 – कपिल देव
8380 – आर अश्विन

यशस्वी जयसवाल का रिकॉर्ड

दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय

विशाखापत्तनम। यशस्वी जयसवाल ने शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक लगाया। उन्होने इंग्लिश स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर एक छक्का और एक चौका लगाकर 277 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे सबसे कम उम्र के भारतीय भी बन गए। दोहरा शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय विनोद कांबली हैं, जिन्होंने 1993 में वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 21 साल और 35 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

कांबली 21 साल और 55 दिन की उम्र में नंबर दो स्थान पर रहे थे जब उन्होंने 1993 में दिल्ली के फिरोज शाह कोटला में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना दूसरा दोहरा शतक बनाया था। दोहरा शतक बनाने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर हैं जिन्होंने 1971 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ 21 साल और 283 दिन की उम्र में अपना पहला दोहरा शतक बनाया था। टेस्ट इतिहास में सबसे कम उम्र के दोहरे शतकधारी पाकिस्तान के जावेद मियांदाद हैं, जिन्होंने 19 साल और 140 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

जयसवाल टेस्ट दोहरा शतक बनाने वाले चौथे बाएं हाथ के बल्लेबाज भी हैं। इससे पहले विनोद कांबली, सौरव गांगुली और

गौतम गंभीर ने यह उपलब्धि हासिल की थी। दूसरे छोर पर विकेट गिरने के बावजूद मुंबई के इस जीवट बल्लेबाज ने शानदार खेल का मुजाहिरा किया और पिच के बदलते व्यवहार के बीच अनुशासन बनाए रखा। जयसवाल के शानदार प्रदर्शन ने भारत को मजबूत स्थिति में लाने में मदद की, क्योंकि कोई अन्य बल्लेबाज पारी में अर्धशतक भी नहीं बना सका। उन्होंने न केवल ग्राउंड स्ट्रोक बल्कि हवाई शॉट भी लगाए।

यशस्वी जायसवाल का शतक देखकर सचिन तेंदुलकर ने दो शब्दों में दी प्रतिक्रिया

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने बड़ा शतक लगाकर टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जायसवाल ने 17 चौके और 5 छक्कों की मदद से 177 रन बनाए। यह उनके टेस्ट करियर का दूसरा शतक था। अपने शतक के लिए तारीफें बटोर रहे जायसवाल के लिए अब सचिन तेंदुलकर भी बोले हैं। सचिन ने जायसवाल की तारीफ के लिए सोशल मीडिया का रुख किया है और फोटो शेयरकर लिखा है- यशस्वी भवः

यशस्वी ने हैदराबाद में शुरुआती टेस्ट के दौरान भी पहली पारी में 80 रन बनाए थे। वह वहां आसानी से शतक बना सकते थे लेकिन उन्होंने विकेट फेंक दिया। इससे सचिन कुछ निराश भी दिखे थे। लेकिन जायसवाल ने दूसरे टेस्ट में अपनी गलतियों से सीखा और आगे बढ़ गए।

जायसवाल का पहला टेस्ट शतक 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ आया था। जब उन्होंने 16 चौकों और 1 छक्के की मदद से 171 रन बनाए थे। बता दें कि राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 28 रन की हार के बाद भारत टेस्ट सीरीज में 0-1 से पीछे है। भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में विराट कोहली, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के बिना उतरी है लेकिन जायसवाल ने अपने दम पर टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

शास्त्री ने खराब फॉर्म के लिए शुभमन को चेताया

विशाखापत्तनम, एजेंसी। एक ओर जहां जायसवाल भारत की पारी को संभालते हुए नजर आए वहीं दूसरी ओर शुभमन गिल फिर से फॉर्म के लिए संघर्ष करते हुए नजर आए। गिल केवल 34 रन ही बना सके। पूर्व भारतीय हेड कोच रवि शास्त्री ने कहा कि गिल को सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि चेतेश्वर पुजारा कभी भी उनकी जगह ले सकते हैं।

शुभमन गिल को रास नहीं आ रहा तीसरा नंबर

गिल के बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं। वह जबसे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने लगे हैं तब से एक भी अर्धशतक नहीं जमा पाए हैं।

पुजारा कभी भी ले सकते हैं जगह!

हैदराबाद टेस्ट में भी वह कुछ खास नहीं कर सके वहीं विशाखापत्तनम टेस्ट की पहली पारी में भी उन्होंने 34 ही रन बनाए। वहीं दूसरी ओर टीम इंडिया के तीसरे नंबर के दावेदार चेतेश्वर पुजारा रणजी ट्रॉफी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। पुजारा का प्रदर्शन गिल के लिए चेतावनी है।

शास्त्री ने गिल को दी चेतावनी

पहले दिन कमेंट्री कर रहे रवि शास्त्री ने कहा, 'यह भारतीय टीम युवा है। इन युवा खिलाड़ियों को खुद को साबित करना होगा। इनको नहीं भूलना चाहिए कि पुजारा इंतजार कर रहे हैं। वह रणजी ट्रॉफी में खेल रहे हैं और हमेशा टीम इंडिया की रडार में है।'

शुभमन गिल सातवीं बार एंडरसन का शिकार बने। शास्त्री ने कहा, 'टेस्ट मैच में आपको क्रीज पर जमे रहने की जरूरत होती है। ऐसा नहीं होता है तो आप परेशानी में पड़ जाएंगे। एंडरसन की गेंदो का सामना करना आसान नहीं है। चेतेश्वर पुजारा पहले भी टीम से बाहर होकर वापसी कर चुके हैं। पुजारा ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद से टीम के लिए कोई टेस्ट नहीं खेला है। उन्होंने वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ा है। वह घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित कर रहे हैं। पुजारा किसी भी समय गिल की जगह ले सकते हैं।

हमें टर्निंग पिचों की जरूरत नहीं, हमें अच्छे विकेट पर खेलना चाहिए: गांगुली

विशाखापत्तनम। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को दोपहर के सत्र में जसप्रीत बुमराह के शानदार स्पैल को देखकर टर्न लेती पिचों के बजाय अच्छी पिचें तैयार करने की वकालत की। बुमराह ने यार्कर गेंद पर ओली पोप को आउट किया।

इसके बाद गांगुली ने अपने 'एक्स% अकाउंट पर लिखा कि जब मैं बुमराह, शमी, सिराज और मुकेश को गेंदबाजी करते देखता हूं तो मुझे हैरानी होती है कि हमें भारत में टर्निंग पिच तैयार करने की क्या जरूरत है। प्रत्येक मैच के साथ मेरा अच्छे विकेट पर खेलने को लेकर विश्वास मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने लिखा कि उन्हें अश्विन, जडेजा, कुलदीप और अक्षर के सहयोग से किसी भी पिच पर 20 विकेट मिल जाएंगे।

बीसीसीआई के पूर्व प्रमुख ने पिछले साल के शुरू में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की घरेलू श्रृंखला में भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए थे, विशेषकर इंदौर की पिच को आईसीसी से खराब रेटिंग मिलने के बाद।

मुकाबले की बात करें तो भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम के मैदान पर इंगलैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन छह विकेट लेकर मेहमानों को मात्र 253 रन पर ही रोक दिया। भारतीय टीम के पास अब 143 रन की लीड है। इससे पहले भारतीय टीम यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की बदौलत 396 रन बनाए थे।

विराट मेरे बेटे की तरह हैं- स्टार बल्लेबाज के साथ अपने मतभेदों पर भारत के पूर्व खिलाड़ी

विशाखापत्तनम। क्रिकेट विश्व कप से पहले भारतीय चयनकर्ता चेतन शर्मा का एक स्टिंग आपरेशन खूब वायरल हुआ था। इसमें चेतन ने टीम में विराट और रोहित के रिश्तों पर सनसनीखेज खुलासे किए थे। इसके बाद चेतन को अपना पद भी गंवाना पड़ा था। बताया गया कि चेतन से इस कारण भारतीय स्टार नाराज भी हो गए थे। इसी बीच पूर्व क्रिकेटर ने विराट के साथ अपने रिश्तों पर अपनी बात रखी है। विराट कोहली फिलहाल निजी कारणों से भारतीय टीम से दूर हैं। वह वापसी कब करेंगे, इसकी कोई जानकारी नहीं है।

बहरहाल, चेतन शर्मा ने एक चैनल को दिए इंटरव्यू में अपने पहले बयान से यू टर्न ले लिया है। दिग्गज तेज गेंदबाज ने कहा कि विराट उनके बेटे की तरह हैं। उन्होंने कहा कि विराट कोहली मेरे बेटे की तरह हैं और मैं उनके बारे में

बुरी बातें क्यों कहूंगा? मैं हमेशा उनकी सलामती के लिए प्रार्थना करता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह वापस आएंगे और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 टन के आंकड़े तक पहुंचने के लिए शतक बनाएंगे। विराट भारतीय क्रिकेट के आइकन हैं। मैं उनकी वापसी का इंतजार कर रहा हूं।

कोहली ने आखिरी बार अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली थी। इससे पहले, वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट श्रृंखला में भारत के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। कोहली के लिए साल 2023 अच्छा गया था। उन्होंने क्रिकेट विश्व कप में 765 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की ट्रॉफी जीती थी। उन्होंने विश्व कप के 11 मैचों में तीन शतक और 6 अर्धशतक लगाए थे।

टीम इंडिया ने जब इंगलैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेला गया पहला मुकाबला 28 रन से गंवाया तो कई दिग्गजों ने इसके लिए विराट कोहली की गैरहाजिरी को बड़ा कारण माना था। पूर्व खिलाड़ियों ने दावा किया कि अगर विराट प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होते तो भारत यह मैच जीत जाता।

युवराज सिंह की क्रिकेट मैदान पर होगी वापसी, मैदान पर बरसाएंगे कोहराम

नई दिल्ली। वन नेशन, वन फैमिली कार्यक्रम के दौरान भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को अपने फेवरेट स्टार सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह एक्शन में देखने को मिले थे। अब एक बार फिर से युवराज सिंह क्रिकेट मैदान पर वापसी को तैयार होंगे। एक रोमांचक घटनाक्रम में युवराज सिंह, ब्रेट ली, केविन पीटरसन, सुरेश रैना, शाहिद अफरीदी जैसे क्रिकेटर विश्व चैंपियनशिप के दौरान आमने सामने होंगे। बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में 3 से 18 जुलाई तक यह टूर्नामेंट होगा।

एजबेस्टन इस गर्मी में बहुप्रतीक्षित वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) की मेजबानी करने के लिए तैयार है। युवराज सिंह, शाहिद अफरीदी और केविन पीटरसन जैसे दिग्गज इस दौरान सक्रिय रहेंगे। टूर्नामेंट में इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के सेवानिवृत्त और गैर-अनुबंधित खिलाड़ियों को प्रदर्शन

करते दिखेंगे। इंग्लैंड के केविन पीटरसन ने इस क्रिकेट महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रतिबद्धता जता दी है। इसके अलावा एक ओवर में 6 छक्कों के लिए प्रसिद्ध युवराज सिंह और वनडे के सबसे तेज शतकवीर में से एक पाकिस्तान के बल्लेबाज शाहिद अफरीदी भी हामी भर चुके हैं।

बताया जा रहा है कि खेल के प्रति अपने जुनून को व्यक्त करते हुए, भारतीय अभिनेता अजय देवगन ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 में रूप से निवेश किया है। उन्होंने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि एक क्रिकेट प्रेमी के रूप में, प्रसिद्ध क्रिकेट दिग्गजों को फिर से एक्शन में देखना एक सपना था जोकि सच हो रहा है। यह टूर्नामेंट न केवल क्रिकेट की पुरानी यादों को सामने लाता है, बल्कि सिनेमा और क्रिकेट के बीच एक अद्वितीय सहयोग का भी प्रतीक है, जो दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए एक असाधारण उपहार पेश करेगा।

मिस्बाह उल हक ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बुरी तरह तलाड़ा

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक का मानना है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में अनिश्चितता और उसकी अदूरदर्शिता के कारण विदेशी और यहां तक कि स्थानीय कोच भी देश के क्रिकेट बोर्ड के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। मिस्बाह ने 2019 और 2021 के बीच पाकिस्तान टीम के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी काम किया है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि पाकिस्तान क्रिकेट में खिलाड़ियों और कोचों को एक या दो सीरीज के आधार पर या बोर्ड के शीर्ष प्रबंधन में बदलाव के कारण बर्खास्त कर दिया गया था।

सिंध प्रांत में एक स्थानीय टूर्नामेंट में हैदराबाद फ्रेंचाइजी को कोचिंग दे रहे मिस्बाह ने कहा, अगर आप बोर्ड की नीतियों को देखें तो विदेशी कोच ही नहीं बल्कि हमारे स्थानीय कोच भी पीसीबी के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान क्रिकेट को इतने अव्यवस्थित तरीके से नहीं चलाया जाना चाहिए। हमें टीम प्रबंधन, चयनकर्ताओं और खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए दीर्घकालिक योजनाएं बनाने की जरूरत है। दुर्भाग्य से पाकिस्तान में बोर्ड नेतृत्व में बदलाव से सब कुछ बदल जाता है।

मिस्बाह ने कहा कि अगर खिलाड़ी इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि बोर्ड में क्या हो रहा है तो वे कैसे सुरक्षित महसूस कर राष्ट्रीय टीम में खुद को स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि अगर इस प्रक्रिया के लिए उचित समय नहीं दिया गया तो आप एक अच्छी टीम नहीं बना सकते या गुणवत्तापूर्ण खिलाड़ियों को तैयार नहीं कर सकते। हमें कुछ अन्य देशों की प्रणालियों को देखने की जरूरत है जो सफल हैं।

संक्षिप्त समाचार

टीपू सुल्तान की प्रतिमा को चप्पलों की माला पहनाने वाला गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक के रायचूर जिले में टीपू सुल्तान की प्रतिमा को चप्पलों की माला पहनाने के आरोपित सिरिवारा निवासी 23 वर्षीय आकाश तलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर दो अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है। गत 31 जनवरी को मैसुरु के पूर्व शासक की प्रतिमा पर चप्पलों की माला देखकर सिरिवारा में तनाव फैल गया था। इस मामले में लापरवाही के आरोप में शुक्रवार को दो पुलिस कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने कहा कि निलंबित किए गए कांस्टेबल इस्माइल और रेवानासिद्दा सिरवारा पुलिस स्टेशन से जुड़े हैं। जब घटना की सूचना मिली तो वे रात्रि ड्यूटी पर तैनात थे।

मणिपुर में सुरक्षा बलों ने चलाया तलाशी अभियान, हथियारों का जखीरा बरामद

इंफाल एजेंसी। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पहाड़ी और घाटी जिलों के संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया और भारी संख्या में हथियार जब्त किए हैं। पुलिस ने कहा कि तलाशी अभियान में कई तरह के हथियार जब्त हुए हैं। पुलिस ने बताया कि इस दौरान चूड़चंद्रपुर से एक 12 जी शाटगन, एक मैगजीन के साथ .22 स्वचालित राइफल, नौ सिंगल बैरल राइफल, एक मैगजीन के साथ 9 मिमी देशी पिस्तौल, दो मोर्टार, एक मोर्टार बम, छह मोर्टार बम लोडर, एक केनवुड रेडियो सेट, दस 12 बोर राउंड, पांच 9 मिमी राउंड 31 जनवरी को बरामद किए थे। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने एनएच-37 और एनएच-2 पर आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही भी सुनिश्चित की है। पुलिस ने कहा कि सभी संवेदनशील स्थानों पर सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं और वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। पुलिस ने कहा कि मणिपुर के पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों में कुल 141 चेक प्वाइंट लगाए गए थे और पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में उल्लंघन के सिलसिले में 250 लोगों को हिरासत में लिया है।

छत्तीसगढ़ में एक्शन पर भाजपा सरकार का बुलडोजर

रायपुर, एजेंसी। प्रदेश में भारतीय जानता पार्टी की सरकार के पहले ही दिन से सबसे पहले राजधानी रायपुर फिर अन्य जिले में प्रशासन का बुलडोजर तेजी से कार्रवाई कर रहा है। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तर्ज पर कांकेर जिले में एक कांग्रेस नेता के अवैध कब्जे पर प्रशासन का बुलडोजर चला है। बतादें कि साल 2023 में इस अवैध कब्जे को लेकर शिकायत की गई थी। जिसके बाद 1 फरवरी को कांग्रेस नेता को नोटिस जारी करने के बाद आज बुलडोजर की कार्रवाई हुई है। बतादें कि कांकेर जिले के आमापारा में रहने वाली महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव और पूर्व जिला अध्यक्ष मीरा साहू ने सरकारी जमीन का करीब 62 वर्ग मीटर एरिया पर कब्जा कर लिया था। जहां पर कांग्रेस के इस नेता ने मकान बना दिया था। जिसका काम भी लगातार जारी था। जिसकी शिकायत जिला कलेक्टर को की गई थी।

साथ में सुसाइड करने की खाई कसम, ट्रेन के आगे कूद गया युवक

बालोतरा, एजेंसी।
राजस्थान के रहने वाले एक युवक और युवती ने साथ में सुसाइड करने की ठानी। युवक यूं तो पहले से ही शादीशुदा था और दो बच्चे भी थे, लेकिन उसकी एक प्रेमिका भी थी, जो उसी गांव में रहती थी। दोनों के बीच किसी बात पर लड़ाई हो गई और दोनों ने जिंदगी खत्म करने का फैसला लिया। दोनों साथ में पास के रेलवे ट्रैक पर पहुंचे और युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। हालांकि, आखिरी समय में युवती का मन बदल गया और वह वहां से वापस चली गई। इस घटना में राजू की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

दिल्ली-एनसीआर की 44 अवैध कॉलोनियां हुईं नियमित, 2 लाख लोगों को राहत

नई दिल्ली, एजेंसी।
हरियाणा सरकार और शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जिले की 44 अवैध कॉलोनियों को नियमित किया है। इन अवैध कॉलोनियों में रह रहे दो लाख से ज्यादा लोगों को राहत मिली है। अब इन अवैध कॉलोनियों में नगर निगम द्वारा लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

नगर निगम गुरुग्राम एरिया की 103 में से 13 कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है और अब 21 अवैध कॉलोनियों को नियमित किया गया है। बता दें कि बीते साल नगर निगम गुरुग्राम ने शहर की 103 अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजा था। प्रस्ताव से पहले निगम की तरफ से इन कॉलोनियों का सर्वे किया गया था। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही अब अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की कार्रवाई सरकार द्वारा की जा रही है।

गुरुग्राम निगम की 103 में से अब तक 34 अवैध कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जारी की गई सूची में गुरुग्राम नगर निगम दायरे की 21 कॉलोनियां, मानेसर नगर निगम की सात, सोहना की पांच, पटौदी मंडी की तीन और फर्रुखनगर की आठ अवैध कॉलोनियों को नियमित किया गया है। वहीं, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक पंचकूला के डॉ. यशपाल यादव ने कहा कि प्रदेश की भर की 173 अवैध कॉलोनियों को नियमित किया गया है, जिसमें से गुरुग्राम जिले की 44 अवैध कॉलोनियों की नियमित करने की कार्रवाई की गई है। इससे लोगों में खुशी की लहर है।

न्यू पालम विहार फेस-1 और 2, एवन्यू 69, 8050 मयूर विहार, एसआरपी कॉलोनी, चंदन विहार फेस-2, रॉयल भवानी एंकलेव, बिना नाम की कॉलोनी, सियाराम एंकलेव, वाटिका कुंज, निहाल कॉलोनी, मारूति कुंज कॉलोनी एक्सटेंशन, वाटिका कुंज पार्ट-2, स्नेह विहार कॉलोनी, वाटिका कुंज एक्सटेंशन, शांति कुंज, शंकर विहार और टेंकचंद कॉलोनी, कृष्णा कुंज, श्रीराम एंकलेव और राजेंद्रा पार्क एरिया को नियमित किया गया है। इन कॉलोनियों में कुछ कॉलोनियां ऐसी हैं जिनके अवैध बच्चे हुए थे। शहरी निकाय विभाग ने कॉलोनी के एरिया के हिसाब से भी नियमित किया गया है।

गुरुग्राम में 300 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां मौजूद हैं। इनमें से निगम ने 103 कॉलोनियों को नियमित करने के लिए सरकार को भेजा था। इनमें से 34 कॉलोनियां नियमित हो चुकी हैं। नियमित हुई इन कॉलोनियों में अब नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट, पानी की लाइनें और सीवर लाइन आदि का काम करवाया जाएगा। इससे लोगों को काफी सुविधाएं मिलेंगी। अब इन कॉलोनियों में निगम द्वारा लोगों के घरों में पानी के कनेक्शन देने का काम भी किया जाएगा।

कोरोना पॉजिटिव पाए गए राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत की तबियत खराब हो गई है। दरअसल, अशोक गहलोत स्वाइन फ्लू और कोरोना की जांच में पॉजिटिव पाए गए है। इस कारण गहलोत फिलहाल डॉक्टर के निर्देशानुसार होम आइसोलेशन में हैं। उनका अगले सात दिनों का सभी कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। इस बात की जानकारी उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर दी है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, पिछले कुछ दिनों से बुखार होने के कारण आज डॉक्टर्स की सलाह पर जांच करवाई, जिसमें कोविड और स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। इस कारण अगले सात दिन तक मुलाकात नहीं कर सकूंगा। इस बदलते मौसम में आप सब भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ऐसे में गहलोत ने अपील की है कि पिछले दिनों जो भी लोग उनके संपर्क में आए। वे अपनी जांच कराएं और सावधानी बरतें। गहलोत ने अपने आगामी दिनों के कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं। जनता के बीच जाने के बजाय कुछ दिनों तक वे अपने निवास पर ही रहकर काम करते रहेंगे।

दो बम रखे हैं...स्कूल को उड़ा देंगे, डीपीएस को फिर ई-मेल से मिली धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली के आरकेपुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) को शुक्रवार सुबह बम से उड़ाने की अफवाह से शिक्षकों और अभिभावकों के होश उड़ गए। मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और बम स्कवॉड ने जांच की तो वहां कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इससे पूर्व मथुरा रोड स्थित डीपीएस को भी बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है। पुलिस के अनुसार, प्रिंसिपल पद्मा श्रीनिवासन को शुक्रवार सुबह 9.02 बजे धमकी भरा ई-मेल भेजा गया, जिसमें बताया गया कि स्कूल में दो बम रखे हुए हैं। यह सूचना पाते ही स्कूल में अफरातफरी का माहौल हो गया और पुलिस को खबर दी गई। इस बीच सभी कक्षाओं और छात्रावास को खाली करा दिया गया। मौके पर पहुंचे दिल्ली पुलिस और बम डिस्पोजल टीम ने जांच शुरू की। काफी देर तक चली जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बाहरी क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाई स्कूल प्रशासन भी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए और अधिक कड़े कदम उठा रहा है। उधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस आईपी एड्रेस की मदद से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जांच में सामने आया है कि ई-मेल भेजने के लिए दिल्ली से बाहर का सर्वर का इस्तेमाल हुआ है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा कि टीम आईपी एड्रेस के जरिए आरोपी की तलाश कर रही है।

बम की फर्जी सूचना से स्कूल प्रशासन के साथ अभिभावकों के भी पसीने छूट गए। स्कूल से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि जैसे ही जानकारी मिली तो सुरक्षा गार्ड बच्चों को बाहर लेकर आए और परिजनों को सौंप दिए। ई-मेल की सूचना अभिभावकों को भी दी गई। परिजन अजय कर्ण ने कहा, मेरे बेटे ने बताया कि उन लोगों को स्कूल प्रशासन ने कहा कि स्कूल के बी ब्लॉक में आग लगी है। इसलिए आप लोग बाहर निकलिए। सभी बच्चों को फील्ड में लाया गया। बच्चे की बस आमतौर से ढाई या तीन बजे आती है, लेकिन शुक्रवार को बस पहले आ गई। बाद में बेटे ने किसी की मोबाइल से कॉल किया तो मैं उसे लेने बस स्टैंड गया। इसी तरह अन्य बच्चों के परिजन भी आनन-फानन में स्कूल पहुंचे और बच्चों को सकुशल पाकर राहत की सांस ली। दिल्ली पब्लिक स्कूल में बम की अफवाह को लेकर गंगाराम अस्पताल के बाल मनोचिकित्सक डॉ. राजीव मेहता ने बताया कि इस तरह की झूठी फोन कॉल या ई-मेल करने वाले बच्चे कई तरह के हो सकते हैं। कुछ बच्चे अकादमिक प्रदर्शन में बेहतर नहीं कर पाते, वे स्कूल आने से बचने या परीक्षा के डर से ऐसी कॉल कर देते हैं।

10 मिनट में दुहाई से मेरठ, 160 किमी की स्पीड से ट्रैक पर दौड़ी नमो भारत ट्रेन

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर के तहत अब साहिबाबाद से मेरठ साउथ (परतापुर) तक नमो भारत ट्रेन को दौड़ाने की तैयारी तेज हो गई है। इसके तहत ही एनसीआरटीसी की ओर से दुहाई से मेरठ साउथ के बीच करीब 160 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रेन का ट्रायल किया गया। दावा है कि करीब 10 मिनट में ही ट्रेन दुहाई से मेरठ साउथ पहुंच गई। अब फाइनल ट्रायल की तैयारी की जा रही है। दिल्ली-मेरठ रैपिड कॉरिडोर पर वर्तमान में साहिबाबाद से दुहाई और दुहाई से साहिबाबाद के बीच ही नमो भारत ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। साउथ तक के दूसरे कॉरिडोर पर संचालन की तैयारी तेज कर दी गई। करीब तीन माह में ही दुहाई से मेरठ साउथ तक का काम लगभग फाइनल कर दिसंबर में पहला ट्रायल किया गया। उसके बाद से लगातार ट्रायल किया जा रहा है। एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने जानकारी दी कि पहले 25-30 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रायल की शुरुआत की गई थी। इसके बाद धीरे-धीरे स्पीड बढ़ाकर ट्रायल किया जाता रहा।

फ्रांस में एफिल टावर पर लॉन्च हुआ भारत का यूपीआई

मोदी बोले- देखकर खुशी हुई; जयपुर में इससे मैक्रों-मोदी ने किया था डिजिटल पेमेंट

पेरिस, एजेंसी।
फ्रांस में शुक्रवार को यूपीआई लॉन्च हो गया है। फ्रांस में भारतीय दूतावास ने 2 फरवरी को पेरिस के एफिल टावर पर यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस को औपचारिक रूप से लॉन्च किया। अब लोग यूपीआई के जरिए एफिल टावर के लिए टिकट बुक कर सकेंगे।

इस पर प्रधानमंत्री ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा- यह देखकर बहुत अच्छा लगा। खुशी हुई। यह यूपीआई को ग्लोबल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा मिलेगा।

यह लॉन्चिंग फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के बाद हुई है। 25 जनवरी को मैक्रों जयपुर पहुंचे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें यूपीआई पेमेंट डिजिटल सिस्टम के बारे में जानकारी दी थी। उन्हें पेमेंट करना सिखाया था। इसके अलावा दोनों लीडर्स ने चाय पी थी। इसका पेमेंट राष्ट्रपति मैक्रों ने किया था।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति यूपीआई पेमेंट के मुरीद हो गए थे। 26 जनवरी को मैक्रों ने स्टेट डिनर के दौरान कहा- मैं जयपुर में पीएम मोदी के साथ पी गई चाय को कभी नहीं भूल सकता, क्योंकि उसका पेमेंट यूपीआई से किया गया था। वो मेरे लिए बहुत खास था। वो चाय हमारी दोस्ती, गर्मजोशी, परंपरा और इनोवेशन का सबसे बेहतरीन उदाहरण था। जुलाई 2023 में फ्रांस के दौरे पर भारतीय समुदाय से बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था- फ्रांस और भारत के बीच डिजिटल पेमेंट को लेकर करार हुआ है। इसके तहत फ्रांस में भारत के यूपीआई से पेमेंट की जा सकेंगी। उन्होंने कहा था- जल्द फ्रांस में भारतीय पर्यटक रुपए में भुगतान कर सकेंगे।

एनसीपीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और फ्रांस की लाइरा कलेक्ट ने फ्रांस और यूरोप में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस को लागू करने के लिए एक समझौते पर साइन किए थे। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई को 2016 में लॉन्च किया गया। इसे नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने बनाया है। इसने आसान तरीके से सीधे बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा दी। इससे पहले डिजिटल वॉलेट का चलन था। वॉलेट में केवायसी जैसी झंझट है, जबकि यूपीआई में ऐसा कुछ नहीं करना पड़ता।

युद्धविराम व बंधक समझौते को लेकर हमास नेताओं में दरार!

तेल अवीव, एजेंसी।
हमास और इजरायल के बीच युद्ध को रोकने के लिए पेरिस, काहिरा और दोहा सहित कई स्थानों पर बातचीत और चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन हमास के वरिष्ठ नेताओं के बीच युद्धविराम को लेकर मतभेद उभर आया है।

इजरायली रक्षा मंत्री के कार्यालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि उन्हें कतर के मध्यस्थों से जानकारी मिली है कि युद्धविराम की अवधि को लेकर हमास के वरिष्ठ नेता इस्माइल हनियेह और याह्या सिनवार के बीच मतभेद सामने आए हैं। जहां सिनवार छह से आठ सप्ताह का अस्थायी युद्धविराम और बंधकों की आंशिक रिहाई चाहता है, वहीं हनियेह युद्ध का स्थायी अंत और गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन चाहता है। हालांकि, सिनवार और हनियेह इजरायली जेलों से सभी फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई पर सहमत हुए हैं।

सूत्रों ने कहा कि हनियेह को हमास के वरिष्ठ नेताओं मूसा अबू मरजूक और खलील अल हया का समर्थन प्राप्त है, जबकि सिनवार को कथित तौर पर हमास के सैन्य प्रमुख मोहम्मद दीफ का समर्थन प्राप्त है।

सूत्रों के मुताबिक, हमास के शीर्ष नेतृत्व में आंतरिक मतभेदों ने कतर और मिस्र के वार्ताकारों को नाराज कर दिया है। हमास द्वारा हिरासत में लिए गए 253 बंधकों में से 105 को समूह ने 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक एक सप्ताह के युद्धविराम के दौरान रिहा कर दिया।

इस्राइली नागरिकों पर प्रतिबंध लगाने पर भड़के नेतन्याहू, बाइडन के फैसले की आलोचना की

तेल अवीव, एजेंसी। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बयान पर सख्त प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उनका देश उन सभी पर कार्रवाई करता है जो कानून तोड़ते हैं। उनका यह बयान तब सामने आया है, जब बाइडन प्रशासन ने वेस्ट बैंक में बसने वाले उन यहूदियों पर प्रतिबंध लगाए हैं, जो फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसक गतिविधियों में शामिल रहते हैं। नेतन्याहू ने कहा, यहूदिया और सामरिया क्षेत्र के ज्यादातर लोग कानून का पालन करते हैं, जिनमें कई अभी इस्राइल की रक्षा के लिए सिपाही के रूप में लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस्राइल उन सभी यहूदियों के खिलाफ कार्रवाई करता है, जो कानून तोड़ते हैं। इसलिए, हर जगह के लिए प्रतिबंध लगाना

गैरजरूरी है। मुझे लगता है वेस्ट बैंक की स्थिति असहनीय स्थिति तक पहुंच गई है। खासतौर पर वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा, लोगों का गांवों से जबरन विस्थापन और संपत्ति का नुकसान उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह वेस्ट बैंक और गाजा, इस्राइल और पश्चिम एशिया की शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा है।

बाइडन ने आगे कहा, इस तरह की कार्रवाइयां अमेरिका की विदेश नीति के मकसदों को कमजोर करती हैं। जिसमें द्वि-राष्ट्र समाधान की व्यवहार्यता और इस्राइल व फलस्तीनियों की सुरक्षा, समृद्धि और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वे (वेस्ट बैंक में हिंसा और कब्जा करने की गतिविधियों में शामिल यहूदी) इस्राइल की सुरक्षा को कमजोर करते हैं और पश्चिम एशिया में अस्थिरता पैदा करने की क्षमता रखते हैं। जिससे अमेरिका के कर्मियों और हितों को भी खतरा पैदा होता है। ये कृत्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के लिए भी एक असामान्य और असाधारण खतरा पैदा करते हैं।

युद्ध शुरू होने के बाद से 3,000 लोग गिरफ्तार: इस बीच, इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया है कि गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से उसके मध्य कमान के बलों ने आतंकवादी गतिविधियों के शक में करीब तीन हजार वांछित लोगों को गिरफ्तार किया है। आईडीएफ की मध्य कमान यहूदिया और सामरिया क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। इसलिए, गाजा पट्टी के बाहर से 3,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

गाजा के युद्ध में तबाह हो गई बच्चों की जिंदगी, 17 हजार अनाथ; 12000 की मौत

गाजा, एजेंसी। हमास के इजरायल पर हमले और फिर गाजा में इजरायली अटैक के बाद यह बच्चों का सबसे बड़ा कब्रिस्तान बन गया है। आंकड़ों के मुताबिक गाजा में अब तक 27 हजार से ज्यादा मौतें हुई हैं उनमें से करीब 12 हजार बच्चे ही हैं। इसके अलावा यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक 17 हजार बच्चों के मां-बाप का पता नहीं है। इस तरह हमास और इजरायल के बीच की यह जंग बच्चों के लिए सबसे भारी पड़ी है। गाजा में बचे हुए बच्चों पर भी संकट मंडरा रहा है। भुखमरी और कुपोषण बड़ी समस्या बन गई है। ऐसे में इस युद्ध में गाजा के बच्चों का भविष्य स्वाहा हो गया। यूनिसेफ ने शुक्रवार को कहा कि गाजा में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हुआ है। ऐसे में उन्हें बहुत सपोर्ट की जरूरत है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यूनिसेफ के एक अधिकारी ने कहा कि गाजा में हर बच्चे की की एक दर्दनाक कहानी है। उन्होंने कहा कि गाजा में लगभग 17 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। वहीं अनाथ होने वाले बच्चे इस आबादी का कुल एक पर्सेंट हैं। हालांकि ये आंकड़े ज्यादा भी हो सकते हैं। गाजा में जो माहौल है उसमें आँकड़े इकट्ठे करना और फिर वेरिफाइ करना भी एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, गाजा में बच्चों के ऐसे हालात हैं कि वे कई बार अपना नाम तक नहीं बता पाते। अस्पताल बच्चों से पटे-पड़े हैं। उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल में लाया जाता है। कई बच्चे हालात देखकर बेहोश हो जाते हैं। उन्हें इतना सदमा लगा होता है कि अपना नाम तक भूल जाते हैं। ऐसे में बहुत सारे लोग उन बच्चों को अपने पास रखते हैं। जो बच्चे अनाथ हो गए हैं, वे भी किसी ना किसी परिवार का सहारा ले रहे हैं। हालांकि यह भी बहुत मुश्किल काम है। लोग अपना ही पेट भरने के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में किसी और के बच्चे का सहारा बनना आसान नहीं है। यूनीसेफ का कहना है कि गाजा में 5 लाख बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य सपोर्ट देने की जरूरत है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक गाजा में 27 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। वहीं 66 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129